आश्विन शुक्ल पक्ष सप्तमी 12:32 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 10 अक्टूबर 2024
वर्ष 4, अंक 234, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



5 अरब वर्ष बाद भी जीवित रहेगी हमारी पृथ्वी 14

250 करोड़ के क्लब में शामिल हुई देवरा-पार्ट 1 13

## लेपर्ड की खाल के साथ तस्कर गिरफ्तार

ब्यूरो, देहरादून

- एसटीएफ ने उत्तरकाशी में पुरोला थाना क्षेत्र से दबोचा
- छह फीट व आठ फीट की हैं तस्कर से बरामद लेपर्ड की खाल

**अमृत विचार :** स्पेशल टास्क फोर्स ने उत्तरकाशी के पुरोला थाना क्षेत्र से वन्यजीव तस्कर को लेपर्ड की दो खालों के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद खालें क्रमशः छह फीट व आठ फीट की हैं।

एसटीएफ के एसपी चंद्र मोहन सिंह के मुताबिक वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली से उत्तरकाशी जिले में वन्य जीव जंतुओं के अंगों व खाल की तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि के बाद एसटीएफ की टीम ने उत्तरकाशी जिले के पुरोला में लीसा भंडार को जाने वाले तिराहे के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।



‹‹ वन्यजीव तस्कर से बरामद लेपर्ड की दो खालें और स्पेशल टास्क फोर्स टीम की गिरफ्त में आरोपी (हरे घेर में।)

पकड़ा गया आरोपी उत्तरकाशी के मोरी थाना क्षेत्र के ग्राम गंगार निवासी बृजमोहन पुत्र जनक सिंह (30) है। उसकी निशानदेही पर लेपर्ड की दो खालें जिनकी लम्बाई क्रमशः 06 फीट तथा 08 फीट लगभग थी बरामद की गई। लेपर्ड को वन्यजीव जन्तु संरक्षण अधिनियम की पहली अनुसूची में रखा गया है, इसका शिकार करना अपराध है। एसटीएफ की ओर से पकड़े गए तस्कर के विरुद्ध थाना पुरोला (उत्तरकाशी) में मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

## आरबीआई ने यथावत रखा रेपो दर नीतिगत दर में कटौती के संकेत

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार 10वीं बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने अपेक्षाकृत आक्रामक रुख को बदलकर तटस्थ कर दिया।



रुख में बदलाव का मतलब है कि आरबीआई मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि पर नजर रखते हुए जरूरत के हिसाब नीतिगत दर को बढ़ा या घटा सकता है। यह एक संकेत है कि मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक में नीतिगत दर में कटौती को लेकर संभवतः कदम उठाया जा सकता है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने पुनर्गठित मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार को शुरू हुई पहली बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि एमपीसी ने नीतिगत दर को यथावत रखने का निर्णय किया है। समिति के छह सदस्यों में से पांच ने नीतिगत दर को यथावत रखने के पक्ष में मतदान किया। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं।

## पिथौरागढ़ में महिला की हत्या में आरोपी को आजीवन कारावास

ब्यूरो, पिथौरागढ़

- जाजरदेवल थाना क्षेत्र में 26 नवंबर 2023 को लूटपाट के दौरान की गई थी महिला की हत्या

**अमृत विचार :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश शंकर राज की अदालत ने लूटपाट के दौरान महिला की हत्या करने के मामले में आरोपी अभियुक्त को आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर पांच वर्ष का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

मालूम हो कि 26 नवम्बर 2023 को जाजरदेवल थाना क्षेत्र के ग्राम वड्डा में वृद्धा की लूटपाट के बाद हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सुवाकोट निवासी विशाल राज ने थाना जाजरदेवल में घटना की सूचना दी थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो रिपोर्ट कर्ता विशाल राज की ताई कमरे में मृत अवस्था में पड़ी थीं और आसपास खून के निशान थे। घर का दरवाजा नीचे से टूटा हुआ था। जांच के बाद पुलिस ने लूट व हत्या के इस मामले में नेपाल के ग्राम सोरू,जिला मुगू व हाल वड्डा निवासी रूपिन्द्र नाथ योगी पुत्र गोरख नाथ योगी को गिरफ्तार किया। एसओ प्रकाश पाण्डे ने विवेचना पूरी होने के बाद आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की।

मामले की सुनवाई के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शंकर राज की कोर्ट ने अभियुक्त रूपिंद्र नाथ योगी को दोषी ठहराते हुए हत्या व लूटपाट के आरोप में आजीवन कारावास 25 हजार जुर्माना, धारा 457 भादवि में 14 वर्ष का कठोर कारावास व 25 हजार जुर्माना की सजा सुनाई गई । जुर्माना अदा न करने पर पांच वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भोगना पड़ेगा। मामले की पैरवी ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी राकेश चन्द व जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद पंत द्वारा की गई।

### एक नजर

#### झारखंड में वज्रपात से चार लोगों की मौत

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में बुधवार को वज्रपात से चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना राज्य की राजधानी रांची से लगभग 180 किलोमीटर दूर महुआडांर थाना क्षेत्र के ओरसापाठ गांव में दोपहर में हुई। करीब 13 लोग गांव में एक बगीचे की बाड़ लगा रहे थे और जब बारिश शुरू हुई तो वे एक पुलिया के नीचे शरण ले रहे थे, तभी पास में ही वज्रपात हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. रवि भगत ने बताया कि घायलों को महुआडांर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चार को मृत घोषित कर दिया गया। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

#### असम में 24 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले में करीब 24 करोड़ रुपये मूल्य की याबा गोलियां जब्त की गयीं। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि यह जब्त की गई अब तक की सबसे बड़ी खेप में से एक है। त्रिपुरा के रहने वाले दो मादक पदार्थ तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। करीमगंज के पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रोतिम दास ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने त्रिपुरा सीमा पर स्थित चुरईबारी जांच चौकी पर एक ट्रक को रोका। वाहन की गहन तलाशी लेने पर पुलिस ने 80,000 याबा गोलियां बरामद कीं। दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है।

# गरीबों को दिसंबर 2028 तक मिलेगा मुफ्त पौष्टिक चावल

### कैबिनेट बैठक : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लिया कल्याणकारी योजना को जारी रखने का निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी

- योजना पर व्यय होगी 17,082 करोड़ रुपये की धनराशि

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पौष्टिक तत्वों से भरपूर चावल की मुफ्त आपूर्ति खाद्य कानून और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत 17,082 करोड़ रुपये के परिव्यय से वर्ष 2028 तक जारी रखने का बुधवार को फैसला किया। पौष्टिक तत्वों से भरपूर यानी फोर्टिफाइड चावल लोगों में खून की कमी (एनीमिया) के समाधान और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी दूर करने के लिए अहम माना जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

चावल को पोषक तत्वों से भरपूर बनाने की प्रक्रिया में भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों (लौह, फोलिक एसिड, विटामिन बी12) से भरपूर 'फोर्टिफाइड' चावल कर्नेल (एफआरके) को नियमित चावल (कस्टम मिल्ड चावल) में मिलाया जाता है। आधिकारिक बयान के अनुसार, मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जुलाई, 2024 से दिसंबर, 2028 तक फोर्टिफाइड चावल की मुफ्त आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दे दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति के लिए कुल वित्तीय योजना 17,082 करोड़ रुपये की होगी। इस व्यय का पूरा वित्तपोषण केंद्र सरकार करेगी। बयान के अनुसार, चावल को पोषक तत्वों से भरपूर बनाने की पहल केंद्रीय क्षेत्र की पहल के रूप में जारी रहेगी। इसका 100 प्रतिशत वित्तपोषण पीएमजीकेएवाई (खाद्य सब्सिडी) के हिस्से के रूप में केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा, जिससे कार्यान्वयन के लिए एक एकीकृत संस्थागत तंत्र उपलब्ध होगा।



#### 2022 से 2024 तक लागू की गई थी योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 75वें स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में पोषण सुरक्षा की जरूरत बताई थी। सरकार ने कहा है कि लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस), अन्य कल्याणकारी योजनाओं, एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), पीएम पोषण (पूर्ववर्ती एमडीएम) के माध्यम से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति की पहल की गई है। अप्रैल, 2022 में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने मार्च, 2024 तक चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में चावल पौष्टीकरण पहल को लागू करने का निर्णय लिया था। तीनों चरण सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं और मार्च, 2024 तक सभी सरकारी योजनाओं में पोषक तत्वों से भरपूर चावल देने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।

#### लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर के विकास को मंजूरी

सरकार ने बुधवार को गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर (एनएमएचसी) के विकास के प्रस्ताव को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। एनएमएचसी परियोजना के विकास में लगभग 22,000 नौकरियों के सृजन की उम्मीद है। इसमें 15,000 प्रत्यक्ष रोजगार और 7,000 अप्रत्यक्ष रोजगार होंगे। एनएमएचसी से आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलेगा और स्थानीय समुदायों, पर्यटकों, शोधकर्ताओं, सरकारी निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक संगठनों, पर्यावरण और संरक्षण समूहों तथा व्यवसायों को काफी मदद मिलेगी।

## उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होंगे राष्ट्रीय खेल

ब्यूरो, देहरादून

- नई दिल्ली में मुख्यमंत्री ने भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ पीटी उषा से भेंट की
- राष्ट्रीय खेलों के साथ ही विंटर नेशनल गेम का भी होगा आयोजन

**अमृत विचार :** 38वें राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड में होंगे। 25 अक्टूबर 2024 को प्रस्तावित भारतीय ओलंपिक संघ की आम सभा की बैठक में इसका पूरा कार्यक्रम जारी किया जाएगा। राष्ट्रीय खेलों के साथ ही विंटर नेशनल गेम का आयोजन भी उत्तराखंड होगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली में भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा से भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि उत्तराखंड को 38वें राष्ट्रीय खेलों की जिम्मेदारी मिली है, इसके लिए उन्होंने भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें श्री बद्रीनाथ धाम और श्री केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए भी आमंत्रित किया।



नई दिल्ली में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ पीटी उषा से मिलते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए उत्तराखंड पूरी तरह से तैयार है। राष्ट्रीय खेलों के लिए राज्य में काफी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनकर तैयार है। देवभूमि में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा। जिन राज्यों में पिछले राष्ट्रीय खेल हुए हैं, उनके अनुभवों के आधार पर राज्य में और अच्छी तरह से खेलों का आयोजन किया जाएगा। प्रयास रहेगा कि राज्य में होने वाले राष्ट्रीय खेलों का आयोजन अभी तक हुए राष्ट्रीय खेलों से बेहतर हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों की अच्छी व्यवस्था के साथ ही खिलाड़ियों और देश भर से आने वाले लोगों के लिए उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेल में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेल के आयोजन से यहां के लोगों का मनोबल और प्रोत्साहन भी बढ़ेगा।

## विधानसभा उप चुनाव के लिए सपा ने की छह प्रत्याशियों की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांग्रेस से समझौते के पहले ही जारी की नामों की सूची
- 6 में से 5 सीटों पर नेताओं के बेटे-बेटी, पत्नी व रिश्तेदार

**अमृत विचार :** हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम आने के 24 घंटे के भीतर ही समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उप्र. में 10 सीटों के लिए होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए 6 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए। कांग्रेस से सीट बंटवारे पर समझौता किए बगैर अखिलेश यादव ने पहल करते हुए टिकट वितरण में परिवार पर भरोसा जताया है। हालांकि, सपा ने बुधवार को जो सूची जारी की है, उसमें ऊपर लिखा है- होगा पीडीए के नाम-एकजुट मतदान।

सपा की सूची में अखिलेश यादव के भतीजे, पूर्व सांसद की बेटी, पूर्व विधायक की पत्नी, वर्तमान सांसद की पत्नी, वर्तमान सांसद के पुत्र को प्रत्याशी बनाया गया है। सबसे ज्यादा चर्चित अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर अजित प्रसाद को उतारा गया है। अजीत प्रसाद सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे हैं। अखिलेश ने अपनी सीट करहल से चचेरे भाई तेज प्रताप यादव को टिकट दिया है। तेज प्रताप बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद भी हैं। कानपुर की सीसामऊ सीट से नसीम सोलंकी को उतारा गया है। नसीम यहीं से पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी हैं। अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से शोभावती वर्मा को टिकट दिया गया है। शोभावती वर्मा अम्बेडकरनगर के सांसद लालजी वर्मा की पत्नी हैं। मिर्जापुर की मझवां से ज्योति बिंद को उतारा गया है। ज्योति बिंद पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी हैं। केवल प्रयागराज की फुलपुर सीट पर अलग हटकर पूर्व विधायक मुज्जतफा सिद्दीकी को टिकट दिया गया है।

## सड़क हादसे में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद घायल

**सलोन (रायबरेली)।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में चोटिल हो गए। मंत्री की कार उनके एस्कॉर्ट से टकरा गई। उनके घुटने में चोट आई हैं। काफिले की कई गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। निषाद को प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सुबह संजय निषाद लखनऊ से प्रतापगढ़ के विकास भवन समीक्षा बैठक के लिए जा रहे थे। जहां उन्हें जिला पंचायत सभागार में मत्स्य पालकों की कार्यशाला को संबोधित करना था। लगभग 10 बजे वह रायबरेली के सलोन थाना क्षेत्र के करहिया बाजार के पास पहुंचे थे। तभी एस्कॉर्ट के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे मंत्री की कार एस्कार्ट से टकरा गई।



## जम्मू-कश्मीर में गोलियों से छलनी मिला जवान का शव

श्रीनगर, एजेंसी

- अनंतनाग में आतंकियों के खिलाफ अभियान में हुआ था लापता

सेना के मंगलवार से लापता जवान का गोलियों से छलनी शव बुधवार सुबह अनंतनाग जिले में बरामद हुआ। अधिकारियों ने बताया कि प्रादेशिक सेना (टीए) की 162 यूनिट का एक जवान मंगलवार को होरनाग शंगुस वन क्षेत्र में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान लापता हो गया था। आतंकियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। बुधवार सुबह सैनिक का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ।

दिन में सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा था कि एक खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किए गए संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सैनिक लापता हो गया था। चिनार कोर ने एक्स पर कहा था कि सेना ने 8 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य एजेंसियों के समन्वय से काज़वान वन, कोकेरनाग में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था। इस दौरान प्रादेशिक सेना के दो जवान कुछ जानकारी की पुष्टि के लिए वन क्षेत्र में गए थे जहां उनका आतंकवादियों से आमना-सामना हुआ। दो टीए सैनिकों में से एक भागने में सफल रहा और पहाड़ी से नीचे गिरकर घायल हो गया।

## इस बार तीन वैज्ञानिकों को रसायन का नोबेल

- प्रोटीन संरचना पर काम करने के लिए मिला सम्मान

**स्टॉकहोम।** रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार इस साल डेविड बेकर, डेमिस हस्साबिस और जॉन जंपर को प्रोटीन की संरचना का पूर्वानुमान लगाने और डिजाइन करने संबंधी कार्य के लिए प्रदान किया जाएगा। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस के महासचिव हैंस एलेग्रेन ने बुधवार को उनके नाम की घोषणा की। रसायन विज्ञान के लिए नोबेल समिति के अध्यक्ष हीनर लिन्के ने कहा कि इस पुरस्कार से उस अनुसंधान को सम्मानित किया जाएगा जिसने अमीनो एसिड की शृंखला और प्रोटीन संरचना के बीच कड़ी जोड़ी है। उन्होंने कहा कि रसायन विज्ञान में इसे दरअसल एक बड़ी चुनौती कहा जा रहा था और खासतौर पर जैव रसायन में दशकों से यह चुनौती बना हुआ था। इसलिए इस उपलब्धि को सम्मान के लिए चुना गया है। बेकर सिएटल में यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन में जबकि हस्साबिस और जंपर लंदन में गूगल डीपमाइंड संस्थान में काम करते हैं।

## उप्र में विजयादशमी पर योगियों की अदालत में दंडाधिकारी होंगे योगी

### गोरक्षपीठ में नाथपंथ की अवधूत भेष 12 पंथ योगियों की पात्र पूजा के बाद विवादों पर देंगे निर्णय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोरक्षपीठ में विजयादशमी का दिन एक और मायने में भी विशेष होता है। इस दिन यहां नाथपंथ की अवधूत भेष 12 पंथ योगियों की पात्र पूजा के बाद लगने वाली अदालत में गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संत योगियों के विवादों पर सुनवाई करेंगे और दोषियों को दंड देंगे।

नाथपंथ की परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष विजयादशमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में पीठाधीश्वर द्वारा संतों के विवादों का निस्तारण किया जाता है। मुख्यमंत्री नाथपंथ की शीर्ष संस्था अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष 12 पंथ योगी महासभा के अध्यक्ष भी हैं। इस पद पर वह दंडाधिकारी की भूमिका में होते हैं। गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी को पात्र पूजा का कार्यक्रम होता है। इसमें गोरक्षपीठाधीश्वर संतों के आपसी विवाद सुलझाते हैं।



विवादों के निस्तारण से पूर्व संतगण पात्र देव के रूप में योगी आदित्यनाथ का पूजन करते हैं। पात्र देवता के सामने सुनवाई में कोई भी झूठ नहीं बोलता है। पात्र पूजा संत समाज में अनुशासन के लिए भी जाना जाता है। यदि किसी संत के विरुद्ध कोई शिकायत सही पाई जाती है या नाथ परंपरा के विरुद्ध किसी गतिविधि में संलिप्त मिलता है तो गोरक्षपीठाधीश्वर संबंधित संत पर कार्रवाई का निर्णय लेते हैं। सजा व माफी दोनों का अधिकार पात्र देवता को होता है। पात्र पूजा के दौरान संतों की अदालत करीब तीन घंटे लगती है। इस दौरान किसी को भी पूजा परिसर से बाहर जाने की अनुमति नहीं होती। पूजा में केवल वही संत व पुजारी हिस्सा लेते हैं, जिन्होंने नाथ पंथ के किसी योगी से दीक्षा ग्रहण की है। पूजा के दौरान सभी को अपने गुरु का नाम बताना पड़ता है।

#### आज से तीन दिन विशिष्ट आराधना में लीन रहेंगे मुख्यमंत्री योगी

शिवावतार गुरु गोरखनाथ की तपस्थली गोरक्षपीठ गोरखपुर में शारदीय नवरात्र में गुरुवार से गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अनवरत तीन दिन अनुष्ठान और आराधना में लीन रहेंगे। अष्टमी की शाम गोरक्षपीठ के पारंपरिक निशा पूजा में सम्मिलित होंगे। जबकि शुक्रवार को नवमी तिथि पर उनके द्वारा कन्या पूजन का अनुष्ठान किया जाएगा। नौ दुर्गा स्वरूपा नौ कुंवारी कन्याओं का पूजन करेंगे। शनिवार को गुरु गोरक्षनाथ के विशिष्ट पूजन व गोरक्षपीठाधीश्वर के तिलकोत्सव के बाद सायंकाल विजयादशमी की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## वरिष्ठ न्यायधीश मनोज बने हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश

**नैनीताल, अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी दूसरी बार हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बने हैं। उनका कार्यकाल 11 अक्टूबर से प्रभावी होगा । हाईकोर्ट की वर्तमान मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति रितू बाहरी 10 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रही हैं। न्यायमूर्ति मनोज हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रहे हैं। तब वे न्यायमूर्ति विपिन सांघी की सेवानिवृत्ति के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश बने थे ।



## दिल्ली में मुख्यमंत्री का आवास किया गया सील

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा के इशारे पर आवास जबरन खाली कराने का आरोप

दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास को लेकर विवाद उठ खड़ा हुआ है। दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में आरोप लगाया कि सिविल लाइंस में 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर जबरन खाली कराया गया, क्योंकि उपराज्यपाल वीके सक्सेना इसे भाजपा के एक नेता को आवंटित करना चाहते हैं।

उपराज्यपाल कार्यालय या भाजपा की ओर से इन आरोपों पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। बयान में कहा गया है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी का सामान भी आवास से हटा दिया गया है। आतिशी से पहले इस आवास में तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहते थे। बयान में दावा किया गया है कि बंगला किसी महत्वपूर्ण भाजपा नेता को आवंटित करने की योजना है। इससे पहले, आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा था कि अधिकारी मुख्यमंत्री आतिशी को बंगला आवंटित नहीं कर रहे हैं और वहां उनका कैंप कार्यालय भी खाली करा दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### वांछित आरोपी गिरफ्तार

**भीमताल, अमृत विचार :** पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वांछित आरोपी अजय कुमार आर्य निवासी सांगुड़ी गांव भीमताल को बाईपास तिराहा एस मोड से गिरफ्तार किया है। टीम में थानाध्यक्ष जगदीप नेगी, उप निरीक्षक गुरविंदर कौर, ललित आगरी, जीवन कुमार शामिल रहे।

### तेंदुए ने गौशाला में गाय को बनाया निवाला

**भीमताल, अमृत विचार :** ग्राम सभा जंगलियागांव में तेंदुए ने एक गाय को अपना निवाला बना लिया। ग्राम प्रधान राधा कुलियाल व सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुलियाल ने बताया कि बीती रात तोक शिमाला निवासी किशोर चंद्र की गाय को तेंदुए ने गौशाला का दरवाजा तोड़ कर मार दिया। किशोर सुबह जब जानवरों को बाहर बांधने के लिए गौशाला में गये तो अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गये। ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। जिसके बाद विभागीय अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। राधा कुल्याल ने किशोर चंद्र को मुआवजा देने की मांग की है।

### ग्राम सभाओं में स्वास्थ्य शिविर लगाने की मांग

**भीमताल :** ओखलकांडा की कई ग्राम सभाओं के ग्रामीण इन दिनों बुखार, सिरदर्द, खांसी, कमर दर्द से पीड़ित हैं। बीडीसी सदस्य खनस्यू रवि गोस्वामी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी ओखलकांडा के माध्यम से मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल को ज्ञापन भेजकर स्वास्थ्य शिविर लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विकासखंड के रेखाकोट, हैड़ाखान, ओखलकांडा, बड़ौन, गलनी, झड़गांव, गडगड़ी, कालाआगर आदि ग्राम सभाओं के लोग बीमार हैं। उन्होंने शिविर में मरीजों को निशुल्क दवा वितरित करने की भी मांग की।



जन्मदिन पर केक काटते माइंड पावर यूनिवर्सिटी के चांसलर योगेश कुमार।

### नवागंतुक छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**भीमताल :** माइंड पावर यूनिवर्सिटी में फाउंडर्स डे के अवसर पर नवागंतुक छात्र-छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चांसलर योगेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। वहीं डॉ. श्वेता भौंसले ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान चांसलर योगेश कुमार का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। विश्वविद्यालयके प्राध्यापकों व छात्र-छात्राओं ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर नितिन मिस्टर फ्रेशर, लक्षिका बोरा मिस फ्रेशर, कुशालीन मिस्टर वेल ड्रेस्ड, कोमल मिस वेल ड्रेस्ड, हर्षित पंत मिस्टर परफॉर्मेंस और ममता मिस परफॉर्मेंस चुनी गईं। सभी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर कम्युनिकेशन केडी सिंह ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में ग्रुप डायरेक्टर जगदीश प्रसाद, एकेडमिक डीन सुरेश कुमार, देवेंद्र सिंह बोरा सहित स्टाफ मौजूद रहा।

# भड़के छात्रों ने डीएसबी में की तालाबंदी

## छात्रसंघ चुनाव की तिथि शीघ्र घोषित करने की मांग, तालाबंदी को लेकर भिड़े दो छात्र गुट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित न होने से नाराज छात्र नेताओं ने आंदोलन तेज कर दिया है। बुधवार को नैनीताल डीएसबी कॉलेज में छात्र नेताओं ने चुनाव की तिथि घोषित किए जाने की मांग को लेकर आंदोलन किया साथ ही कॉलेज के गेट पर तालाबंदी कर दी और किसी को परिसर के अंदर नहीं जाने दिया गया। परिसर में छात्र नेताओं ने सुबह से ही मुख्य गेट पर तालाबंदी कर दी। छात्र नेताओं ने केवल परिसर कर्मचारी को ही परिसर में प्रवेश करने दिया।

सभी छात्रों को परिसर के गेट से ही वापस कर दिया गया तो वहीं परिसर में प्रवेश न करने देने पर छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए। इसके बाद वह मुश्किल दोनों गुटों को शांत कराया गया। छात्र नेताओं ने परिसर गेट पर ही की परिसर निर्देशक प्रो. नीता बोरा शर्मा का घेराव किया। जिसमे निर्देशक ने छात्र नेताओं से परिसर में शांति व्यवस्था बनाये रखने का आग्रह किया। लेकिन छात्र नेताओ का आंदोलन उग्र बना रहा। छात्रों को दो घंटे से अधिक परिसर के बाहर गेट पर खडा रहना पड़ा। जिसके बाद पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पंकज भट्ट, भवेश सिंह सौटियाल व तनिष्क मेहरा ने छात्रों के लिए परिसर का गेट खुलवाया।



डीएसबी परिसर में तालाबंदी करने के बाद बाहर खड़े छात्र। ● अमृत विचार

इसके बाद प्रो. एचसीएस बिष्ट ने परिसर में अराजकता फैलाने छात्रों को परिसर से बाहर किया। परिसर में पूरे दिन कक्षाएं संचालित नहीं की गयी। विवाद को बढ़ता देख मौके पर पुलिस को बुलाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस और कॉलेज के शिक्षको ने सभी छात्रों के परिचय पत्रों की जांच की जिन छात्रों के पास परिचय पत्र नहीं थे, उन्हों परिसर से बहार किया। इस दौरान करन दानाई, वैष्णवी खंडका, भाष्कर जोशी, दीपक मेहरा, देव चौहान, दीपक देव, गौरव ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# गुरु तेग बहादुर स्कूल ने जीती बास्केटबॉल ट्रॉफी

संवाददाता, नैनीताल

▸▸ फाइनल में बिड़ला स्कूल को 51-22 अंकों से हराया

**अमृत विचार :** जिला कीड़ा डीएसए के संयुक्त तत्वावधान में खेली जा रही इंटर स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरु तेग बहादुर हल्द्वानी ने जीत कर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। प्रतियोगिता के समापन मौके पर मुख्य अतिथि उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश नेगी व विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता आशीष बजाज ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरुस्कृत किया।

बुधवार को डीएसए मैदान पर खेले गए फाइनल में गुरुतेग बहादुर स्कूल हल्द्वानी ने बिड़ला को 22 के मुकाबले 51 अंकों से पराजित किया। निर्णायक समीर अली, फरीद व विनोद कनारी, स्कोरर तरुण लटवाल, जितेश थापा, फरदीन खान, शौर्य, नकुल कुमार व शुभम कुमार रहे। प्रतियोगिता की समापन आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश नेगी ने विजेता-उपविजेता टीम को ट्राफी देने के साथ ही प्रतियोगिता के बेस्ट शूटर बिड़ला के बैकुल अग्रवाल, बेस्ट डिफेंडर विजेता टीम के गौरव आदित्य सिंह, बेस्ट फीडर नितिन अधिकारी, बेस्ट रिवाइंडर युवराज जबकि प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अनिल बिष्ट को पुरस्कृत किया गया। यहां विशिष्ट अतिथि आशीष बजाज, डीएसए महासचिव अनिल गढ़िया, उपसचिव भुवन बिष्ट, शहीद सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, सीएल साह, हरीश जोशी, लीला सिंह बिष्ट, पृथ्वीराज किरौला, प्रो. डीएस बिष्ट, जलज वर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन नवीन पाण्डे ने किया।

## द होली एकेडमी में हुआ कन्या पूजन कार्यक्रम

**नैनीताल :** नगर के प्रतिष्ठित स्कूल द होली एकेडमी में बुधवार को नवरात्रि पर कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थी ने भारतीय परिधान पहनकर हिस्सा लिया और डांडिया नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल छाया रहा। कन्या पूजन में छात्राओं को देवी स्वरूप मानकर उनका सम्मान किया गया और उन्हें उपहार स्वरूप वस्त्र, मिठाई और अन्य सामग्री भेंट की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य मधु विग ने बताया कि यह कार्यक्रम न सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह बच्चों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति आदर भाव विकसित करने का भी प्रयास है।

# सांसद भट्ट ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल में दुर्गा महोत्सव धूमधाम से आयोजित हो रहा है। बुधवार को नैना देवी मंदिर में महोत्सव के तहत बंगाली समुदाय के लोगों बंगाली रीति-रिवाज के आधार पर विभिन्न पूजा अर्चना की जिसमें देश भर से नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटकों ने मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया तो है स्थानीय लोग भी मां दुर्गा के दर्शन करने नैना देवी मंदिर पहुंचे। देर शाम दुर्गा महोत्सव में धनुची आरती की गई जिसमें भक्तों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभा किया।

वही देर शाम दुर्गा सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ हो गया कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने किया। जिसके बाद शहर के विभिन्न स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिस्में नैनी पब्लिक स्कुल ,अमेरिकन किड्स, सरस्वती मंदिर,कुमाऊनी विकास संस्कृतिक संस्था गोलापार ,जय नंदा लोक कला केन्द्र उत्थान समिति अल्मोड़ा, पंजाब और हरियाणा की टीम ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



नैनीताल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ करते सांसद अजय भट्ट।




नैनीताल में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते लोक कलाकार। ● अमृत विचार

### लोकगायक राकेश खनवाल के गीतों पर झूमे लोग

देर शाम स्टार नाइट में लोकगायक राकेश खनवाल ने प्रस्तुतियां दी। राकेश खनवाल ने हिमुली, किरीम पौडरा, अंग्रेजी मैडम, तू चेली पहाड़ की ,गंगा साली, गीत गाकर समा बांधा। इस दौरान विधायक सरिता आर्य, गोपाल बिष्ट, मारुति साह, मनोज साह, अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन फ़र्त्याल, महासचिव उमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, भास्कर बिष्ट, दीप्ति बोरा मौजूद रहे।



### राज्य के लगभग 40 हजार से अधिक आउटसोर्स, ठेका, दैनिक वेतनभोगी, पीआरडी कर्मचारियों को अब तक नहीं मिला वेतन

# आउटसोर्स-संविदा के हजारों कर्मियों पर 'फाइनेंशियल अटैक'

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड सरकार के आईटी सिस्टम पर साइबर अटैक के बाद विभिन्न सरकारी विभागों में तैनात कर्मचारियों पर 'फाइनेंशियल अटैक' हो गया है।

पिछले एक माह का वेतन नहीं मिलने की वजह से कर्मचारियों के लिए त्योहार मनाना तो दूर रोजमर्रा की जरूरतें पूरा करना भी मुश्किल हो रहा है। रामनवमी, दशहरा, दीपावली जैसे त्योहार नजदकी हैं, ऐसे में कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट विकट हो गया है।

**01** -02 अक्टूबर को सरकार के आईटी सिस्टम पर हुआ था साइबर अटैक

बीती 1-2 अक्टूबर को सरकार के आईटी सिस्टम पर साइबर अटैक हुआ था। तब सरकार की 186 एप्लीकेशनंस व सभी ऑनलाइन सेवाएं ठप हो गई थीं।

इधर, अक्टूबर माह के 10 दिन बीतने को हैं, लेकिन अभी तक आईटी सिस्टम पूरी तरह रिकवर नहीं हो सका है। इस वजह से आईएफएमएस पोर्टल को अभी एक्सटर्नल उपयोग के लिए शुरू नहीं किया गया है। इसका नतीजा यह है कि राज्य के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, वन, प्रशासन, राजस्व, सूचना, सचिवालय समेत विभिन्न विभागों में तैनात 40 हजार से अधिक संविदा, आउटसोर्स, दैनिक वेतन भोगी तदर्थ, वर्कचार्ज, दैनिक वेतन, कार्य प्रभारित, संविदा, उपनल, पीआरडी, स्वयं सहायता समूह, ठेका कर्मचारियों को अक्टूबर माह का डेढ़ सप्ताह बीतने के बाद भी सितंबर माह का वेतन नहीं मिला है। वहीं, शनिवार को द्वितीय शनिवार, रविवार लगातार दो दिन सरकारी अवकाश हैं। ऐसे में यदि आज वेतन नहीं मिलता है तो इनको सोमवार से पहले वेतन मिलने की उम्मीद नहीं है। जबकि इस बीच दशहरा जैसे कई पर्व हैं। यदि इसके बाद भी आईटी सिस्टम रिकवर नहीं हो सका तो दीपावली से पूर्व वेतन मिलने के आसार नहीं दिख रहे हैं।

हालांकि अधिकारियों का दावा है कि आईएफएमएस पोर्टल स्वान नेटवर्क के लिए शुरू कर दिया गया है। जल्द ही एक्सटर्नल उपयोग शुरू किया जाएगा तो वेतन मिल सकता है।

**जिले में एक हजार से अधिक कर्मियों को वेतन का इंतजार**

**हल्द्वानी :** जनपद नैनीताल में एक हजार से अधिक उपनल, पीआरडी, आउटसोर्स, संविदा, दैनिक वेतनभोगी वगैरह कर्मी हैं। नियमानुसार जब इनकी अप्रूव्ड अटैंडेंस पहुंच जाती है तब इनका वेतन निर्गत किया जाता है, लेकिन इस बार साइबर अटैक होने से इन कर्मचारियों का वेतन अटक गया है।





'आईएफएमएस पोर्टल अभी ढंग से काम नहीं कर रहा है, दूसरे विकल्पों से वेतन देना सुरक्षित नहीं है। पोर्टल के विधिवत शुरू होने के बाद ही वेतन जारी किया जाएगा। -**दिनेश राणा**, मुख्य कोषाधिकारी, नैनीताल

## पानी के लिए तरसी आधी आबादी

**हल्द्वानी :** शीशमहल स्थित फिल्टर प्लांट से बुधवार को भी पानी की आपूर्ति ठप रही। जिस कारण शहर की आधी आबादी को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ा। गौला बैराज में बीते मंगलवार को नहर निर्माण किया गया था, जिस पर बुधवार को भी बैराज से फिल्टर प्लांट को पानी नहीं दिया गया। पूर्वाह्न 11 बजे बैराज से पानी दिया गया। दोपहर 1.30 बजे बाद फिल्टर प्लांट से पानी की आपूर्ति शुरू हुई। जल संस्थान के एई नीरज तिवारी ने बताया कि सुबह शहरवासियों को पानी नहीं मिल पाया। शाम को भी आंशिक आपूर्ति हो पाई। कई प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पानी वितरित किया गया।

### अष्टम महागौरी



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य - दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र- श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः।

### आज का मौसम

आसमान में चटक धूप खिली रहेगी।

| 32.0° | 23.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06.18 | सूर्यास्त 17.47 |

### एक नजर

**जिला योजना समेत अन्य की समीक्षा बैठक कल**

**नैनीताल :** मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे शुक्रवार को 11 बजे भीमताल स्थित विकास भवन में जिला योजना सहित सभी सेक्टर्स व 20 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा करेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को समस्त सूचनाओं सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

**रक्तदान शिविर आज**

**हल्द्वानी :** भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि गुरुवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. बची सिंह रावत 'बचदा' की जयंती पर मुखानी स्थित शिव पार्वती बैंक्वेट हॉल में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**22 अक्टूबर की मध्यरात्रि से होगा आंदोलन**

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड परिवहन निगम के कर्मचारियों ने 22 अक्टूबर की मध्यरात्रि से आंदोलन करने का ऐलान किया है। विभिन्न रुटों पर निजी बस संचालकों को परमिट जारी करने, निगम में कार्यरत संविदा, विशेष श्रेणी चालक-परिचालकों और तकनीकी कर्मियों को नियमित नहीं किये जाने से कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। बुधवार को परिवहन निगम संयुक्त मोर्चे ने निगम के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर आंदोलन के संबंध में अवगत कराया। कहा कि आंदोलन 24 अक्टूबर की मध्यरात्रि तक चलेगा।

**हल्द्वानी में स्वाइन फ्लू की दस्तक**

**हल्द्वानी :** शहर में स्वाइन फ्लू ने दस्तक दे दी है। छह मरीजों का उपचार डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में किया गया। वे सभी ठीक होकर घर चले गए हैं, वहीं एक संदिग्ध मरीज का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरीश पंत ने बताया कि बीते दिनों एसटीएच में छह मरीज भर्ती हुए थे। जांच के दौरान उनमें स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई थी। सभी मरीज पूरी तरह से ठीक होकर घर चले गये हैं। वर्तमान में एक और संदिग्ध मरीज अस्पताल में भर्ती है। जिसकी रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है।

# लामाचौड़ के जंगल में छिपा था हत्यारोपी दिनेश

### चारधाम मंदिर के पास डेढ़ घंटे की कांबिंग के बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा, 315 बोर का तमंचा बरामद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अधिवक्ता उमेश नैनवाल की हत्या कर फरार दिनेश नैनवाल आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। वह जिले की सीमा से बाहर था, लेकिन परिवार से मिलने की ख्वाहिश में फंस गया। पुलिस से बचने के लिए वह जंगल में छिपा था। खबर मिली तो पुलिस ने कांबिंग शुरू की और हत्यारा हत्थे चढ़ गया। पुलिस घटना में इस्तेमाल 312 बोर का तमंचा पहले ही बरामद की चुकी थी। बुधवार को आरोपी के पास से 315 बोर का तमंचा और बरामद किया गया, जो घटना के रोज आरोपी अपने साथ इसलिए ले गया था कि अगर पहले तमंचे से फायर नहीं हुआ तो दूसरे तमंचे का इस्तेमाल करेगा।

हत्या की वारदात बीती 7 अक्टूबर की रात हुई थी। पेशे से अधिवक्ता पूरनपुर नैनवाल लामाचौड़ निवासी उमेश नैनवाल सोमवार आधी रात कमलुवागांजा में आयोजित रामलीला में परिवार के साथ मौजूद थे। उनका बेटा आदित्य रामलीला में परशुराम की भूमिका निभा रहा था और वहीं खड़े होकर उमेश अभिनय का वीडियो बना रहे थे। तभी वहां उनका चचेरा भाई दिनेश नैनवाल पहुंचा और चुपके से पीठ में सटाकर फायर झोंक दिया। घटना को अंजाम देने के बाद से वह फरार था।

बुधवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि अधिवक्ता उमेश नैनवाल की तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्यारोपी उमेश का चचेरा भाई दिनेश नैनवाल था। मंगलवार की देर रात पुलिस टीम ने लामाचौड़ के चारधाम मंदिर से कुछ दूर स्थित जंगल से उसे गिरफ्तार कर लिया। उसे पकड़ने के लिए पुलिस को करीब डेढ़ घंटे तक जंगल में कांबिंग करनी पड़ी। पुलिस ने आरोपी के पास से 315 बोर का तमंचा और एक कारतूस तथा कुछ नगदी बरामद की है। एसएसपी ने सफलता पाने वाली टीम को ढाई हजार रुपये इनाम की घोषणा की है। खुलासे के दौरान एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी मौजूद रहे।



पुलिस टीम की गिरफ्त में हत्यारोपी दिनेश नैनवाल। ● अमृत विचार



हत्याकांड का खुलासा करते एसएसपी।

**खुलासा**

- हत्या के बाद भाग गया था रुद्रपुर आया था परिवार से मिलने
- जमीन के विवाद में चचेरे भाई को गोली मारने की बात स्वीकारी

**लावारिश भूमि के उपयोग पर आपत्ति बनी हत्या की वजह**

पुलिस की पूछताछ में दिनेश नैनवाल ने चचेरे भाई उमेश नैनवाल की हत्या की बात स्वीकार की। उसने बताया कि उसके और उमेश के बीच 18 बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। यह जमीन हेमचंद्र नैनवाल की थी। हेमचंद्र की मौत के बाद जमीन का कोई वारिस नहीं था। नैनवाल रिश्तेदारों में तय हुआ था कि लावारिश भूमि पर जनहित का कार्य किया जाएगा। स्कूल या पार्क बनाने के अलावा किसी संस्था को भी भूमि दान में दी जा सकती है, लेकिन उमेश इसके लिए राजी नहीं था। इसी वजह से मतभेद उत्पन्न हुए और गुस्से में आकर उमेश की हत्या कर दी।

## लालकुआं के होटल में मृत मिली हल्द्वानी की युवती

संवाददाता, लालकुआं



**अमृत विचार:** नगर के एक होटल में हल्द्वानी की युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौत का कारण जानने के लिए जांच शुरू कर दी है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया है।

बीती 8 अक्टूबर की सुबह घर से स्कूटी पर सवार होकर निकली 30 वर्षीय याशिका निवासी रामपुर रोड वार्ड नंबर 17 हल्द्वानी दोपहर में लालकुआं के जगदीश होटल में पहुंची और 107 नंबर कमरा बुक कराया। युवती ने होटल कर्मियों को बताया कि उसका नवरात्रि का व्रत है, उसे डिस्टर्ब न किया जाए। वह सुबह दिल्ली को जाएगी। बुधवार की सुबह जब होटल कर्मियों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया तो वह नहीं खुला। होटल कर्मी युवती के कमरे का दरवाजा खोलने की कोशिश कर ही रहे थे तभी उसकी लोकेशन देखकर उसके परिजन और हल्द्वानी पुलिस मौके पर पहुंच गई। दरवाजा तोड़ने पर कमरे के बाथरूम में याशिका का शव बरामद हुआ। मौके पर पहुंचे लालकुआं कोतवाल डीआर वर्मा व फोरेंसिक टीम ने युवती की मौत के कारण की जांच की।

पता चला है कि युवती के परिजनों उसकी ढूंढ खोज कर रहे थे। उन्होंने मामले की सूचना हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश को दी, जिसके बाद विधायक ने कोतवाली पुलिस को युवती का फोन नंबर सर्विलांस पर लगाने के निर्देश दिए। लोकेशन ट्रेस होने पर पुलिस व युवती के भाई-भाभी व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने युवती की स्कूटी की तलाशी ली तो उसमें युवती के कई कागजात तथा दस हजार रुपये बरामद हुए। बताया जाता है कि युवती हल्द्वानी की एक निजी कंपनी में कार्यरत थी, उसकी मौत से भाई-भाभी तथा अन्य रिश्तेदारों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**सनसनी**

- लोकेशन ट्रेस होने पर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे परिजन
- दरवाजा तोड़ने पर बाथरूम में पड़ा मिला शव

# सीमेंट से लदे ट्रक ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** सीमेंट से लदे ट्रक की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पीरूमदारा के गंगापुर पहाड़ी क्षेत्र निवासी 88 वर्षीय सोहन सिंह रावत बुधवार की दोपहर घर से दवा लेने के लिए निकले थे। वह पीरूमदारा मुख्य चौराहे पर रेड लाइट के पास खड़े थे तभी सीमेंट से भरे ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तुरंत रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय भेजा, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भतीजे राजेंद्र ने बताया कि ताऊजी के पांच बच्चे हैं जो दिल्ली में रहते हैं। सभी को घटना की सूचना दे दी है।

घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक संख्या यूके06सी सी5999 को कब्जे में ले लिया है। साथ ही आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। रामनगर के पीरूमदारा क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। करीब दो दिन पूर्व एक डंपर की चपेट में आने से रामपुर निवासी मां-बेटे की दर्दनाक मौत हो गई थी।



पुलिस के कब्जे में ट्रक। ● अमृत विचार

## गरीब रथ में एक परिवार दो बार हुआ चोरों का शिकार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** लुधियाना से हल्द्वानी के लिए गरीब रथ एक्सप्रेस में सवार होकर निकला परिवार यात्रा के दौरान दो बार चोरों का शिकार हो गया। जीआरपी काठगोदाम ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रेड स्टार टावर डंडी स्वामी रोड लुधियाना निवासी जसनीत कौर पत्नी हरप्रीत सिंह बीती सात अक्टूबर को अपनी सास दलजीत कौर, हरभजन कौर और बेटी रायसा हरमीत कौर के साथ गरीब रथ से हल्द्वानी के लिए निकली थीं। ट्रेन जैसे ही लुधियाना रेलवे स्टेशन से निकली तभी एक शातिर ने रायसा का बैग चोरी कर चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। जसनीत ने इसकी सूचना 139 पर दी। जसनीत के पास सात अटैची और आठ बैग थे। कोच में एक लड़का लुधियाना से ही घूम रहा था। जैसे ही ट्रेन लालकुआं स्टेशन से निकली तो 5-6 युवक उक्त परिवार के पास आकर बैठ गए और बातें करने लगे। हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पहुंचने पर उनमें से कुछ युवकों ने अटैची और बैग उतारने में मदद की। जिसके बाद जसनीत डहरिया में अपने परिचित बनप्रीत सिंह के घर पहुंची। सुबह जब उन्होंने अटैची खोल कर देखी तो उसके अंदर की जेब कटी हुई थी और उसमें रखे सोने व हीरे के जेवर गायब थे। दूसरी अटेची से बेटी का लहंगा व दो पर्स गायब थे।

# लालडांठ चौराहे के पास प्रशासन ने जेसीबी से ध्वस्त किए अवैध निर्माण

**कार्रवाई**

- चौराहे के चौड़ीकरण में रोड़ा बन रहे थे निर्माण, चार दिन की मोहलत दी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के मुख्य चौराहों में एक लालडांठ चौराहे के चौड़ीकरण में रोड़ा बन रहे अवैध निर्माणों को प्रशासन की जेसीबी ने ध्वस्त कर दिया। इस बीच कुछ लोगों ने स्वयं ही निर्माण हटाने का आश्वासन दिया। जिस पर प्रशासन ने उन्हें मोहलत दी है।

प्रशासन और लोनिवि शहर के 13 चौराहों का चौड़ीकरण कर रहा है। इसी क्रम में लालडांठ चौराहे का चौड़ीकरण किया जा रहा है। प्रशासन, राजस्व व लोनिवि ने चौराहे पर अवैध निर्माण चिन्हित किए थे। इधर, बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा व लोनिवि ईई अशोक चौधरी लालडांठ चौराहे पर पहुंचे। उन्होंने जेसीबी के जरिए लालडांठ चौराहे पर एक मीट शॉप की सीढ़ियां, दुकानों के छज्जे व कई निर्माण ध्वस्त किए। जेसीबी के गरजने के साथ ही कई व्यापारियों में खलबली मच गई। उन्होंने प्रशासन से स्वयं ही अतिक्रमण हटाने की मोहलत मांगी। इस पर अधिकारियों ने तीन-चार दिन की मोहलत दी है। इसके बाद भी यदि वे स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो उन्हें भी जेसीबी से ढहा दिया जाएगा।

एसडीएम वर्मा ने कहा कि नए अतिक्रमण चिन्हित किए जा रहे हैं, जल्द ही नए निर्माणों पर भी जेसीबी गरजेगी।



लालडांठ चौराहे के पास अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार

**प्रतिबंध** जिला प्रशासन ने की कार्रवाई, अब लटूरिया बाबा मंदिर से मेडिकल कॉलेज आवास के बीच बनेगा नया अड्डा

# अब्दुल्ला बिल्डिंग पर नहीं लगेगा मजदूर अड्डा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने अब्दुल्ला बिल्डिंग पर मजदूर अड्डा लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब नया मजदूर अड्डा लटूरिया बाबा मंदिर और मेडिकल कॉलेज आवास के बीच में लगाया जाएगा। इसको लेकर मजदूरों को जागरूक करने के लिए 10 से 17 अक्टूबर तक प्रचार किया जाएगा। इस तिथि के बाद यदि कोई मजदूर पुराने अड्डे पर मिला तो कार्रवाई होगी।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार बीती 20 सितंबर को एचएन इंटर कॉलेज में हुए जनसंवाद शिविर में क्षेत्रवासियों ने डीएम वंदना सिंह से अब्दुल्ला बिल्डिंग में मजदूरों का अड्डा लगने से ट्रैफिक जाम, सड़क दुर्घटनाओं और खुले में शौचालय की शिकायत की थी।

उन्होंने श्रमिकों का अड्डा आवासीय कॉलोनी से दूर बनाने की मांग की थी। इसी क्रम में प्रशासन ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक अब्दुल्ला बिल्डिंग पर लगने वाले मजदूर अड्डे पर प्रतिबंध लगाया जाता है। नया मजदूर अड्डा मेडिकल कॉलेज आवासीय परिसर गेट से लटूरिया बाबा मंदिर के बीच में लगेगा।

श्रमिकों, अन्य लोगों को इसकी जानकारी देने के लिए पुलिस 10 से 17 अक्टूबर तक जागरूकता अभियान चलाकर मजदूरों को नए स्थान पर जाने के लिए प्रेरित करेगी। इसी के साथ ही नगर निगम भी सुबह 6 से 8 बजे तक मुनादी कर मजदूरों को नए स्थान पर जाने के लिए जागरूक करेगा।

लोनिवि नए स्थान पर साइन बोर्ड लगाएगी, ताकि मजदूरों व अन्य लोगों को नए स्थान का पता चल सकेगा। वहीं, 18 अक्टूबर को यदि कोई भी मजदूर पुराने स्थान पर मिलता है तो नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



'अब्दुल्ला बिल्डिंग पर मजदूर अड्डा नहीं लगेगा, यहां अड्डा लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। लटूरिया बाबा मंदिर व मेडिकल कॉलेज आवास परिसर के बीच अड्डे का नया स्थान होगा। 10 से 17 अक्टूबर तक पुलिस, नगर निगम और लोनिवि लोगों व मजदूरों को जागरूक करेगी। फिर भी कोई नहीं मानता है तो कार्रवाई होगी। -**एपी वाजपेयी**, सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी

## सुप्रीम कोर्ट व पंजाब हाईकोर्ट ने जीते मैच

**हल्द्वानी :** 28वीं ऑल इंडिया लीगल फ्रेटरनिटी टूर्नामेंट बुधवार को जीएनजी एकेडमी कमलुवागांजा में आयोजित हुआ। जिसमें पहले दिन दिल्ली सुप्रीम कोर्ट और पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने मैच जीते। मुख्य अतिथि विधायक सुमित हृदयेश ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच सुप्रीम कोर्ट दिल्ली और हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की टीम के बीच खेला गया। जिसमें सुप्रीम कोर्ट दिल्ली ने मैच आठ विकेट से जीत लिया और अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं दूसरे मुकाबले में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट और उत्तराखंड के बीच मैच हुआ। जिसमें पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने सात विकेट से मैच जीत लिया। इस दौरान गोविंद सिंह बिष्ट, पारितोष डालाकोटी, विकास बहुगुणा, डीसीएस रावत, मुकेश कपरवन, पीयूष तिवारी मौजूद रहे।

# खाद्य विभाग की दुकानों में छापेमारी, 11 नमूने लिए

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार को जिले में खाद्य पदार्थों की जांच के लिए छापामार अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों से करीब 11 खाद्य पदार्थों के नमूने लिये गये। जिन्हें जांच के लिए लैब भेजा जायेगा।

त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। बुधवार को रामनगर में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खां के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान एक दुकान से आलू के चिप्स का नमूना लिया गया। वहीं वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी हल्द्वानी अभय कुमार सिंह ने भुजियाघाट स्थित एक दुकान से मैदा, ज्योलीकोट से आमचूर मसाला, मल्लीताल से मल्टीग्रेन आटा के नमूने संग्रहित किये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हल्द्वानी/लालकुआं कैलाश चंद्र टम्टा ने भी छापेमारी की। उन्होंने हल्द्वानी के कुसुमखेड़ा क्षेत्र स्थित एक दुकान से कुट्टू का आटा, रामपुर रोड से मिल्क फूड ब्रांड देसी घी व नमकीन का नमूना लिया। इसके अलावा मुखानी के एक मिष्ठान भंडार से मावा, न्यू आईटीआई में दुकान से दालचीनी, ज्ये प्योर सिंगारा आटा और बीकानो सोनपापड़ी के नमून संग्रहित किये। पूरे जिले में कुल 11 खाद्य पदार्थों के नमूने लिये गये।



खाद्य पदार्थ की जांच करते कैलाश चंद्र टम्टा। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम में सुंदर प्रस्तुति देते विद्यालय के बच्चे। ● अमृत विचार

### पेस पब्लिक स्कूल में रामलीला का आयोजन

**हल्दूचौड़ :** पेस पब्लिक स्कूल सूफीभगवानपुर मोटाहल्दू में रामलीला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, रावण, मेघनाद और कुम्भकरण की भूमिका निभाई, जो दर्शकों के लिए अत्यंत रोचक और मनोरंजक रही। बच्चों ने रामलीला के पात्रों को जीवंत करते हुए राम–लक्ष्मण के आदर्शों का अनुसरण करने और माता–पिता की सेवा करने का संकल्प लिया। स्कूल के प्रबंधक चन्द्र प्रकाश दुर्गापाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में स्कूल के अध्यक्ष गिरीश कबडाल, दिनेश जोशी, भुवन जोशी, ममता दुर्गापाल, प्राची भंडारी, हेमलता भंडारी, पूजा, वंशिका, इशा दुम्का, मीनाक्षी, प्रीति मेहता मौजूद रहे।


डीविटो स्कूल में आयोजित करियर काउंसिलिंग में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं को दी रोजगार के अवसरों की जानकारी

**भवाली :** डीविटो स्कूल में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र–छात्राओं के लिए करियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दिल्ली के विशेषज्ञ मोहन तिवारी ने विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के बारे में छात्र– छात्राओं को बताया। काउंसिलिंग सत्र में छात्र–छात्राओं ने भी बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्या सिस्टर लिसि एके, मैनेजर सिस्टर ट्रिसिया जार्ज व अन्य शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रहे। छात्रा दीक्षा डालाकोटी, कविता तिवारी, हर्षिता मेहरा, मनीषा जोशी, गरिमा कार्की ने कहा कि सेमिनार से काफी प्रेरणा मिली। भविष्य के लिए विकल्प भी मिले। सेमिनार में आत्मविश्वास बढ़ा और आगे कैरियर चुनने के बारे में प्रेरणा मिली। काउंसिलिंग सत्र में छात्र छात्राओ ने भी बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।


रामनगर में लाभार्थियों को चेक वितरित करते विधायक बिष्ट।

### विधायक बिष्ट ने 62 लोगों को चेक सौंपे

**रामनगर :** विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से क्षेत्र के 62 पात्र परिवारों को गंभीर उपचार, पुत्री विवाह हेतु सहायतार्थ पांच लाख अस्सी हजार रुपये की सहायता राशि के चेक वितरण किए। उन्होंने कहा कि सभी जरुरतमंद लोगो को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करवाना हमारी प्राथमिकता है। जिसके लिए हम निरंतर प्रयासरत है। चेक वितरण मे भाजपा नेता किशोरी लाल, कै. पूरन सिंह बिष्ट, वीरेंद्र पाल रावत, हरीश मालगुड़ी, मनमोहन सिंह बिष्ट, एडवोकेट दानिश सिद्धीकी, इन्दर लाल, ममता पाण्डेय, सारिका जोशी, पुष्पेंद्र नेगी, संजीव सैनी, घनश्याम शर्मा, राजस्व उपनिरीक्षक आरिफ हुसैन, राहुल आर्या, देवेन्द्र मेहरा, कृपाल सिंह, प्रकाश थापा उपस्थित रहे।


पदक ग्रहण करता नैतिक बिष्ट।

### नैतिक बिष्ट ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण पदक

**भवाली :** नैनीताल डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसियेशन द्वारा आयोजित 16वीं इंटर स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में डेविटो स्कूल के नैतिक बिष्ट ने स्वर्ण पदक जीता। स्कूल की हर्षिता बोरा ने रजत पदक और नताशा आर्य और गीताश्री बिष्ट ने कांस्य पदक जीता। प्रधानाचार्या लीसी एके सहित सभी शिक्षकों ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। वहीं मृतुंजय ताइक्वांडो क्लब के सिद्धार्थ और धनंजय ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। साथ ही कार्तिक, प्रत्युष और जिशांत ने रजत पदक जीता। महिला वर्ग में मृत्यंजय क्लब के सोम्यता कनवाल, एंजेल और मान्यता ने स्वर्ण पदक जीता। साथ ही नीना ने कांस्य पदक अपने नाम किया।


रामनगर में बसपा संस्थापक काशीराम को श्रद्धांजलि देते कार्यकर्ता।

### बसपाइयों ने किया काशीराम को याद

**रामनगर :** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक काशीराम के परिनिर्माण दिवस पर बहुजन समाज पार्टी रामनगर के कार्यकर्ताओं ने उनकी फोटो पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान संकल्प लिया कि बहुजन समाज पार्टी के मूवमेंट को आगे बढ़ाने के लिए अपना तन मन धन सब न्यौछावर कर देंगे। वक्ताओं ने कहा कि बहुजन कार्यकर्ता समाज में फैली गई कुरीतियों व शिक्षा को समाप्त करने के लिए एक जुट होकर समर्पित रहेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में विनोद कुमार विनोद अनजान एडवोकेट लोक सभा प्रभारी, कैलाश अग्रवाल जिला प्रभारी, नवाब अहमद शाद पूर्व विधानसभा प्रभारी, जगन्नाथ सांवरिया, नगर अध्यक्ष अनीस खान, फकीर राम कोहली, मदन राम आर्य, सगीरुद्दीन, शमशाद, हमीद, राहुल मौजूद रहे।

### मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**कालाढूंगी :** राकउमावि कनकपुर कोटाबाग में आयोजित सम्मान समारोह में यहां के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसी के साथ विद्यालय में पाठ्य, खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी भी पुरस्कृत किए गए। विद्यालय की मनप्रीत कौर का चयन मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति के लिए हुआ। जबकि ईशा राणा के राष्ट्रीय खेल में प्रतिभाग करने एवं अन्य कई विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रधानाध्यापिका अल्का सक्सेना, भगवान तिवारी, अजय कंबोज रहे।

# दशरथ-कैकेयी संवाद व राम वनवास का किया मंचन

## शीशमहल रामलीला में चौथे दिन रामलीला के विभिन्न प्रसंगों का किया गया मंचन, सभी पात्रों ने किया सुंदर अभिनय, उमड़े दर्शक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शीशमहल रामलीला में चौथे दिन मंथरा-कैकेयी संवाद, दशरथ-कैकेयी संवाद और राम वनवास का भव्य मंचन हुआ। मंथरा दासी महल में प्रवेश कर रानी कैकेयी को समझाती है कि राम को राजपाट दे दिया है। अब भरत का क्या होगा। इस पर कैकेयी भरत को राजपाट और राम को वनवास का वचन राजा दशरथ से ले लेती है। भगवान राम कैकेयी के वचन को पूरा करने के लिये वन चले जाते हैं। रामलीला में राम का पात्र रवि तिवारी, लक्ष्मण रवि करायत, दशरथ दिनेश फुलारा, कैकई राहुल तिवारी, सीता हार्दिक भट्ट और सुमंत के पात्र में विनोद तिवारी ने सुंदर अभिनय किया।

इससे पहले रामलीला का शुभारंभ व्यवसायी विपिन बलूटिया और उमेश सैनी ने किया। इस मौके पर मुख्य व्यवस्थापक गिरीश तिवारी, अध्यक्ष मनोज तिवारी, निर्देशक नीरज फुलारा, महामंत्री एनडी तिवारी, कमल पपनै, हरीश पांडे, सुरेश तिवारी, मोहन बलूटिया, विनोद भट्ट, उमेश तिवारी, कैलाश बलूटिया, देवेश तिवारी, कैलाश तिवारी और पुष्पा संभल आदि मौजूद रहे।

**बालीवध और सुग्रीव राज्याभिषेक का सुंदर मंचन :** रामपुर रोड पंचायत घर में चल रही रामलीला में बुधवार को अशोक वाटिका में बालीवध, सुग्रीव राज्याभिषेक और सीता की खोज का सुंदर मंचन किया गया। रामलीला का मंचन प्राथमिक पाठशाला फूलचौड़ में किया जा रहा है। इस दौरान संस्थापक सुरेंद्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष दीवान सिंह मेहरा, उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, सचिव आनंद सिंह पडियार, जगत सिंह घुड़दौड़ा, प्रदीप सिंह, गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।


हल्द्वानी रामलीला मैदान में रामलीला मंचन का एक दृश्य। ● अमृत विचार


शीशमहल रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

## चौपाई गाकर किया अंगद-रावण संवाद

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** स्थानीय रामलीला मैदान में चल रही दिन की लीला में बुधवार को व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री ने विभीषण शरणागति, सेतु बंध रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग स्थापना और अंगद-रावण संवाद की लीला का मंचन रामायण की सुंदर चौपाई गाकर किया। वहीं रात्रि लीला में सीता हरण, शबरी मिलन और राम-सुग्रीव मित्रता का मंचन हुआ।

उन्होंने रावण व विभीषण के तिरस्कार और अपमान करने का वर्णन करते हुए कहा कि रावन जबहिं बिभीषन त्यागा। भयउ बिभव बिनु तबहिं अभागा॥ अर्थात रावण ने जिस क्षण विभीषण को त्यागा, उसी क्षण वह अभागा वैभव से हीन हो गया। रामलीला मैदान में सुंदर सेतु बांध की झांकी का निर्माण अमित जोशी, सुशील, रोहित, महेश राजा, नीरज और नब्बू ने किया।

तनुज गुप्ता ने बताया कि दशहरे पर सुंदर आतिशबाजी की जाएगी। गोपाल पाल, विवेक कश्यप, भवानी शंकर नीरज, प्रदीप जनौटी, मनोज गुप्ता ,बसंत अग्रवाल, अतुल अग्रवाल और सौरभ अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, एडीएम रुद्रपुर पंकज उपाध्याय, दीपक अग्रवाल, कन्नू परगाई, हितेंद्र उप्रेती, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद दरमवाल, विजय अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, रामबाबू जायसवाल मौजूद रहे।


## राम विलाप, बाली-सुग्रीव युद्ध का शानदार अभिनय

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति पैंठपडाव रामनगर के भव्य रामलीला मंच पर रिसीवर तहसीलदार कुलदीप पांडे के मार्गदर्शन में कलाकारों द्वारा राम विलाप, शबरी मिलन, सुग्रीव मैत्री, बाली वध का शानदार अभिनय कर मंचन किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रामनगर अरुण सैनी,विशिष्ट अतिथि मनोज नयाल ने दीप प्रज्वलित कर रामलीला का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा रामलीला में पूर्व में अंगद का रोल निभाने वाले समिति से जुड़े ओमप्रकाश खुलवे एवं शैलेश मटियानी पुरस्कार से पुरस्कृत, पंडित दुर्गा दत्त जोशी संस्कृत विद्यालय रामनगर के प्रधानाचार्य देवेंद्र हरबोला , भुवन मैनाली को शांत एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति से जुड़े प्रभात ध्यानी, एडवोकेट बालम सिंह बिष्ट, पुष्कर दुर्गापाल, हरिप्रिया सती, गणेश रावत, ललित मोहन बिष्ट, संजय डोरवी आदि उपस्थित थे।


रामनगर में रामलीला का शुभारंभ करते कोतवाल व अन्य। ● अमृत विचार


ऊंचापुल में रामलीला मंचन के दौरान अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक।

## श्रीराम हम सबके आदर्श: बेला तोलिया

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** श्री रामलीला कमेटी ऊंचापुल के तत्वावधान में चल रही रामलीला में बुधवार को सूर्पनखा नासिका छेदन एवं सीता हरण की लीला का मंचन हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया एवं प्रमोद तोलिया ने दीप प्रज्वलित कर रामलीला मंचन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर बेला तोलिया ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हम सबके आदर्श हैं। नवरात्रि पर्व के अवसर पर अलग-अलग स्थानों में रामलीला मंचन यह दर्शाता है कि प्रभु श्रीराम की लीला का हम सबके जीवन में कितना प्रभाव है। उनके प्रति कितनी अगाध श्रद्धा है।

उन्होंने कहा कि जय श्रीराम नाम का उच्चारण करने मात्र से सारे कष्ट, दुख, दारिद्र का निवारण हो जाता है। इस दौरान खीम सामंत, मनोज जोशी, प्रमोद पंत, कमल ढौंडियाल, केदार दत्त जोशी, टीकम पतलिया, तनुज नैनवाल, यतेंद्र सुयाल, वीरेंद्र खाती, मदन मोहन जोशी, भास्कर जोशी, एकेष तिवारी समेत रामलीला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस बेटियों को सिखाएगी आत्मरक्षा के गुर

**सुरक्षा**
- फेसबुक लाइव से जुड़े एसएसपी ने दिया सुरक्षा का भरोसा
- कहा, स्कूलों के बाहर सादी वर्दी में तैनात होगी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शोहदों को करारा जबाव देने के लिए बेटियां तैयार हैं और इस तैयारी में पुलिस उनकी मदद करेगी। पुलिस बेटियों को शोहदों से टक्कर लेने के दांव-पेंच सिखाएगी। फेसबुक लाइव पर जुड़े एसएसपी ने न सिर्फ महिलाओं व युवतियों के सवालों के जवाब दिए, बल्कि उन्हें सुरक्षा का भरोसा भी दिया। कहा कि स्कूलों के बाहर अब सादी वर्दी में पुलिस तैनात की जाएगी। इसके अलावा महिलाएं गौरा शक्ति ऐप का भी इस्तेमाल करें।

बुधवार को एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने शाम छह बजे से सात बजे तक फेसबुक लाइव कार्यक्रम के जरिए लोगों के सवालों के जवाब दिए। इस मौके पर तीन हजार से अधिक लोगों ने कार्यक्रम को लाइव देखा और सुना। 167 लोगों ने पोस्ट को लाइक किया। 114 लोगों ने कमेंट्स कर सवाल पूछे। कई लोगों ने अपने सुझाव भी दिए। हेमू मेहरा नामक व्यक्ति ने सवाल किया कि नवाबी रोड में स्कूल की छुट्टी के समय जाम लगता है। लोग सड़क पर वाहन खड़े कर देते हैं। जिससे लोगों को परेशान होना पड़ता है। इस पर एसएसपी ने कहा कि स्कूलों में छुट्टी के समय पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जहां पर इसका पालन नहीं हो रहा है, वहां पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा। नेहा खंडेलवाल नामक महिला ने कहा कि उन्होंने पुलिस से किसी मामले की शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है। जवाब में एसएसपी ने उन्हें बताया कि चौकी व थाना स्तर पर आपकी सुनवाई नहीं हो रही है तो सीओ से शिकायत करें। गौरा शक्ति ऐप पर भी शिकायत की जा सकती है। लोगों ने पूछा कि बाजार में कई दुकानों पर बाहरी लोग बिना सत्यापन के काम कर रहे हैं। इनके विरूद्ध पुलिस क्या कार्रवाई कर रही है? जवाब मिला कि पूरे जिले में सत्यापन अभियान चल रहा है। बगैर सत्यापन के घरों में रहने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई हो रही है। मकान मालिक के 10 हजार रुपये तक चालान हो रहे हैं। इसी तरह सवाल व जवाबों का लंबा सिलसिला चलता रहा।


फेसबुक लाइव के जरिये सवालों का जवाब देते एसएसपी, एसपी सिटी, सीओ सिटी व अन्य। ● अमृत विचार

## चरित्रवान ही प्रभु कृपा का पात्रः चैतन्यपुरी

संवाददता, रामनगर

**अमृत विचार;** हरिकृपा आश्रम चित्रकूट में चल रहे धर्म सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट समेत अनेक राजनीतिक दलों के लोग भी पहुंचे। स्वामी हरि चैतन्यपुरी ने कहा कि चरित्रवान, परोपकारी लोग प्रभु कृपा के अधिकारी हैं।

उन्होंने कहा कि आपकी कोई भी क्रिया, चेष्टा, व्यवहार या कर्म ऐसा न हो जाए जिसे देखकर कोई उंगली उठाए। आपके जीवन में वांछित परिवर्तन भी आना चाहिए। अपनी गलतियों और बुराइयों को समझें व दूर करें। कहा कि दूसरों में दोष ढूंढने के कारण हमें अपने अंदर दोष होते हुए भी दिखाई नहीं देते। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन को श्रेष्ठ व मर्यादित बनाने के लिए जहां से अच्छाई मिले वहां से ग्रहण करके अपने जीवन को समाज के लिए कल्याणकारी श्रेष्ठ व मर्यादित बनाएं। धर्म सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री व नैनीताल सांसद अजय भट्ट आदि मौजूद रहे।


हरि चैतन्यपुरी महाराज के साथ सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार

### स्वामी यति पर कार्रवाई करने की मांग उठाई

**कालाढूंगी :** पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ अभद्र टिप्पणी से मुस्लिम समुदाय में आक्रोश है। बुधवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने एसडीएम रेखा कोहली के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में यति नरसिंहानंद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान मुफ्ती इरशाद हुसैन, कारी फिरासत अली, मौलाना कासिम, हाफिज शाहिद अली, हाफिज इमामुद्दीन, हाफिज इम्तियाज, अली हुसैन, अतीक अहमद, ताहिर हुसैन, रईस भारती, मतलूब इलाही, सईद अहमद, मो. सुल्तान, नदीम अहमद, नसीर बाबा, मुराद अंसारी, मेंहदी हसन, सरताज फारुकी, शजाद, इरफान कुरैशी शामिल रहे।

## रामनगर का बंबाघेर क्षेत्र होगा नशामुक्त

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** नगर का नशे का गढ़ कहा जाने वाला क्षेत्र बम्बाघेर अब जिलाधिकारी के निर्देशों से नशामुक्त होगा। इसकी कमान अब एसडीएम राहुल शाह को दी गयी है। बता दें कि बीते माह जिलाधिकारी वंदना सिंह के भ्रमण के दौरान रामनगर बंबाघेर की महिलाओं ने क्षेत्र में नशे से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई थी।

बीती 28 सितम्बर की रात जब जिलाधिकारी रामनगर के मोहल्ला बंबाघेर पहुंची तो वहां महिलाओं व कई लोगों ने इस क्षेत्र में नशे के कारोबार पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा था कि नशेड़ियों द्वारा छात्राओं और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ एवं अभद्र टिप्पणी की जाती है। लोगों ने अपना रोष जिलाधिकारी के सामने व्यक्त किया था। मामले का संज्ञान लेते हुए इस इलाकों को नशामुक्त करने के लिए डीएम वंदना ने रामनगर एसडीएम राहुल शाह को नोडल अधिकारी बनाते हुए निर्देश दिए हैं। एसडीएम राहुल शाह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि क्षेत्र में सघन सर्वेक्षण अभियान चलाकर नशा करने वाले लोगों को चिन्हित किया जाएगा तथा नशे पर रोक लगाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। कहा कि जहां-जहां लोग नशा करते हैं उन स्थानों को चिन्हित कर वहां पर तारबाड़ करने के साथ ही सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जो युवा नशा छोड़ रोजगार करना चाहते हैं तो ऐसे लोगों की मनोचिकित्सकों से काउंसलिंग कराकर स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नशा बेचने वालों की संपत्ति की भी जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उनके खिलाफ गुंडा एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि इस अभियान को लेकर पुलिस, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, उद्योग विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एवं राजस्व विभाग की संयुक्त की टीम द्वारा यह कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दशहरा पर्व के बाद इस अभियान शुरू किया जाएगा।


प्रेस वार्ता करते एसडीएम राहुल शाह।

**राहत**
- डीएम के निर्देश पर एसडीएम राहुल साह बने नोडल अधिकारी
- क्षेत्र में चले अभियान, नशा छोड़ने वालों को मिलेगा रोजगार

# प्रशासक हटाने की मांग, ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सिख फेडरेशन ने सिखों के शैक्षणिक संस्थानों में प्रशासक हटाकर संचालन सिख समुदाय को सौंपने की मांग को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को सिख फेडरेशन के एक प्रतिनिधि मंडल ने भीमताल में मुख्य शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि सिख समाज की ओर से हल्द्वानी में श्री गुरुतेग बहादुर सीनियर सेकेंड्री स्कूल व खालसा नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज संचालित होते हैं। बीते 12 वर्षों से आपसी विवाद के चलते इन संस्थानों में प्रशासक नियुक्त कर दिए गए हैं। इधर, अब किसी भी तरह का कोई आपसी विवाद नहीं है। सिख समाज चाहता है कि इन शैक्षणिक संस्थाओं का संचालन फिर से समाज को सौंपा जाए ताकि पंजाबियत को बढ़ावा मिल सके और संस्थाओं की स्थापना का उद्देश्य पूर्ण हो सके। ज्ञापन सौंपने वालों में गुरुप्रीत सिंह प्रिन्स, अमनप्रीत सिंह कोहली, परविंदर सिंह प्रिन्स, कुलवीर सिंह विक्की, गुरमीत सिंह गुजराल, तरन बिंद्रा, मनमीत सिंह गुजराल रहे।


सीईओ को ज्ञापन सौंपते सिख फेडरेशन के सदस्य। ● अमृत विचार

### रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की मांग

**हल्द्वानी :** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने बुधवार को देहरादून सचिवालय में शिक्षा सचिव रविनाथ रमन से मुलाकात कर कहा कि भीमताल, ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के पद रिक्त हैं। कई प्राथमिक स्कूल शिक्षा मित्रों के सहारे संचालित हैं। अभिभावक बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए पलायन को विवश हो रहे हैं। उन्होंने भीमताल, ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ ब्लॉकों के प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति करने व हाईस्कूलों के उच्चीकरण की मांग की।

## सार-संक्षेप



फतेहपुर में लीला फर्निशिंग का उद्घाटन करते सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार

### सांसद अजय भट्ट ने किया लीला फर्निशिंग का उद्घाटन

**हल्द्वानी :** फतेहपुर स्थित लीला फर्निशिंग का भव्य उद्घाटन बुधवार को सांसद अजय भट्ट ने किया। प्रतिष्ठान के स्वामी हेम जोशी और डायरेक्टर राधिका जोशी ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में स्लीपवेल, सिग्नेचर, होमनी, रिफ्रेश, ट्राइडेंट व अन्य ब्रांड की चादरें, पर्दे, सोफा कवर, सोफा क्लॉथ सहित समस्त प्रकार के फर्निशिंग उत्पाद उपलब्ध हैं। इस मौके पर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद तोलिया, योगेश जोशी, महेश शर्मा, विपिन पांडे, नीरज तिवारी, बीना नग्लटिया, मंगल सिंह, रंजीत सिंह, डॉ. भूपेंद्र बिष्ट, डॉ. देवाशीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### पुस्तक मेला व एलुमिनाई मीट का भव्य आयोजन

**भीमताल :** हरमन माईनर डिग्री कॉलेज में पुस्तक मेला, एलुमिनाई मीट व पीटीएम मीटिंग का आयोजन किया गया। साथ ही छात्रों का रिजल्ट भी वितरित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या महिमा भट्ट रहीं। अभिभवकों ने कॉलेज में संचालित बीएड, बीए व बीएससी की कक्षाओं का अवलोकन किया। साथ ही छात्रों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जाना। पुस्तक मेले में संस्थान की एलुमिनाई मुक्ता प्रियदर्शनी की स्वरचित पुस्तकें मुख्य केन्द्र बनी रहीं। प्राचार्य डॉ. मुक्ता ने अभिभावकों को संस्थान उपलब्धियों के बारे में बताया। इस दौरान राजेन्द्र सिंह खाती, बीना नेगी, डॉ. विनीता राय, डॉ. मंजू नेगी, नेत्र प्रसाद गौतम, शीतल सिंह मौर्या, डॉ. हेमा मेहरा, गणेश चन्द्र, राम कृष्ण आर्या, डॉ. पूनम मेहता, डॉ. सुषमा, धीरज, तनुजा, दीपा, भुवन पलड़िया मौजूद रहे।

### निधन पर शोक व्यक्त किया

**भीमताल :** सांगुड़ी गांव के सरपंच सुनील जोशी की माता के निधन का समाचार मिलने पर यहां शोक छा गया। उनके निधन पर देवेन्द्र चनौतिया, नीरज कुमार मानू, गुंजन रौतेला, शुभम नैनवाल, मोहित पडियार समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।



हल्द्वानी में पथ संचलन करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### पथ संचलन का पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

**हल्द्वानी :** राष्ट्रीय सेविका समिति ने स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को पथ संचलन कार्यक्रम किया। इस दौरान बरेली रोड स्थित लक्ष्मी शिशु मंदिर से महिलाओं और बच्चों ने विशाल रैली निकाली। विभिन्न संस्थाओं ने जगह-जगह रैली पर पुष्प वर्षा की और जगह-जगह उनका स्वागत किया। वर्ष 1936 में विजयादशमी के दिन वंदना मौसी और लक्ष्मी बाई केलकर ने राष्ट्रीय सेविका समिति की स्थापना की थी। इसी दिन शस्त्र पूजन भी किया जाता है। साथ ही जन जागृति और महिला सशक्तिकरण का संदेश भी दिया जाता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, नीमा अग्रवाल, किरण, रेनू, चमन, हेमलता, बबीता, अलका सक्सेना, विमला, यशोदा, अर्चना कश्यप और ज्योति कश्यप आदि मौजूद रहे।

---

**कम उम्र में मानसिक रोगी की चपेट में आ रहे युवा, मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल और खराब दिनचर्या बन रहा प्रमुख कारण**

# किशोरों और युवाओं को तेजी से चपेट में ले रहा मानसिक रोग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस है। जिस तरह से व्यक्ति का तन सही रहना जरूरी है, उसी तरह से मन भी सही रहना जरूरी है। मनोचिकित्सकों के अनुसार आज के समय में किशोर और युवा मानसिक रोगों की चपेट में आ रहे हैं। जिसकी वजह से उनका शारीरिक विकास भी प्रभावित हो रहा है।

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एचटीएच) की ओपीडी में प्रतिदिन कई मनोरोगी आते हैं। इनमें युवाओं और किशोरों की संख्या अधिक रहती है। कम उम्र में मानसिक रोग होने पर अगर उसका सही से उपचार न किया जाए तो इसका प्रभाव पूरे जीवन पर पड़ता है। इसलिए मानसिक रोग के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए।

**ये हैं प्रमुख कारण**

● भय ● चिंता ● अवसाद ● चिड़चड़ापन ● पेनिक अटैक

एसटीएच के मनोचिकित्सक डॉ. युवराज पंत ने बताया कि खराब दिनचर्या, देर रात तक जागना, मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल करना, नशे की लत आदि युवाओं को मानसिक रोगी बनाने में अहम भूमिका बनाते हैं। साथ ही करियर की चिंता, पढ़ाई का दबाव भी इसके अहम कारक हैं। अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 40 से 50 प्रतिशत मरीज युवा आ रहे हैं। इनको थेरेपी और दवाओं की मदद से ठीक किया जा रहा है।

## बर्नआउट सिंड्रोम और डिजिटल थकान भी समस्या

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डिजिटल युग ने व्यक्ति के काम, सामाजिक जीवन और आराम करने के तरीकों को बदल दिया है। ऑफिस की सीमाएं अब घर तक आ चुकी हैं और 'वर्क फ्रॉम होम' का नया मॉडल आराम के क्षणों को भी घेर चुका है। 'बर्नआउट सिंड्रोम' और 'डिजिटल थकान' जैसी समस्याएं हाल के सालों में उभर कर आई हैं।



मानसिक रोग दिवस के अवसर पर डिजिटल दुनिया से जुड़े लोगों को आगाह करते हुए उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. भाग्यश्री जोशी ने कहा कि करियर बनाने का दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं और परफेक्शनिज्म की प्रवृत्ति लोगों को मानसिक रूप से थका रही है। अब कंपनियां और संगठन भी अपने कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने लगे हैं। काम और जीवन में संतुलन को प्रोत्साहित करने वाली नीतियां, लचीले काम के घंटे और मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग जैसे उपाय मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को दर्शाते हैं। मनोरोग और मनोचिकित्सा सेवाओं तक पहुंच भी अब आसान हो गई है।

ऑनलाइन थेरेपी और काउंसलिंग बिना किसी झिझक के घर बैठे ही प्राप्त की जा सकती हैं। आधुनिक जीवनशैली से मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव अवश्य पड़ रहा है, लेकिन यह हमारे हाथ में है कि हम इसे चुनौती मानें या अवसर। यदि समय और ऊर्जा का सही ढंग से प्रबंधन करें, डिजिटल उपकरणों का संतुलित उपयोग करें और अपने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें तो यह आधुनिक जीवनशैली भी एक अवसर बन सकती है।

---

# पुलिस ने टेंपो चालकों को चेताया स्टैंड से होगा वाहनों का संचालन

**त्योहारी सीजन को देखते हुए जारी की चेतावनी, टेंपो स्टैंड पहुंचकर जागरूक किया**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** त्योहारी सीजन में भारी यातायात को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने टेंपो और ई-रिक्शा चालकों के लिए चेतावनी जारी की है। पुलिस ने चालकों के पास पहुंचकर उन्हें जागरूक किया और वाहनों का संचालन स्टैंड से ही करने को कहा।

बुधवार को यातायात निरीक्षक शिवराज सिंह बिष्ट के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल प्रकाश सिंह, कांस्टेबल शेर चन्द्र व गोविन्द मेहरा ने सरगम सिनेमा रामपुर रोड, मंगलपड़ाव, भोलानाथ गार्डन और ओके होटल के समीप टेंपो स्टैंड पहुंचकर टेंपो और ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। साथ ही चेताया कि आगामी त्योहारों के दौरान बाजार और सड़कों पर भारी भीड़-भाड़ होगी। इसको देखते हुए टेंपो और ई-रिक्शा चालक नो-इंट्री जोन में नहीं जाएंगे। चालक सवारी वाहनों का संचालन स्टैंड से ही करेंगे। वाहनों को पार्किंग जोन में खड़ा नहीं करेंगे, वाहन चलाते समय वाहन संबंधी दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस और परमिट साथ रखेंगे। इस बात का खास ख्याल रखेंगे कि वाहन में क्षमता से अधिक सवारियां नहीं बैठाएंगे। बावजूद इसके चालकों ने मनमानी की तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



मंगलपड़ाव स्थित टेंपो स्टैंड पर चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

### 75 में से 42 ऑटो चालकों ने कराया सत्यापन

**हल्द्वानी :** परिवहन विभाग ने बुधवार को एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में ऑटो चालकों का सत्यापन किया। इस दौरान 42 ऑटो चालकों ने सत्यापन कराया। परिवहन विभाग ने कालाढूंगी-लामाचौड़ और गौलापार रूट पर चलने वाले 75 ऑटो चालकों को सत्यापन के लिए बुलाया था, लेकिन 42 चालकों ने ही अपना सत्यापन कराया। बीती 7 अक्टूबर से सत्यापन का कार्य किया जा रहा है, लेकिन निर्धारित रूट के सभी ऑटो चालक नहीं पहुंचे। अभी तक कुल 154 वाहनों का सत्यापन किया जा चुका है। गुरुवार को भी 104 ऑटो चालकों को सत्यापन के लिए बुलाया गया है।

## सक्रिय होगा ला-नीना कड़ाके की सर्दी पड़ेगी

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

**मौसम**

- पिछली बार अल-नीनो की वजह से पड़ी थी प्रचंड गर्मी
- इस साल बदलेगा मौसम वैज्ञानिकों ने जताया अनुमान

**अमृत विचार :** मौसम वैज्ञानिकों ने इस बार सर्दियों में कड़ाके की ठंड पड़ने का अनुमान जताया है। अनुमान है कि ला-नीना सक्रिय होने की वजह से ऐसा होगा। वहीं चार माह पूर्व तक अल-नीनो की वजह से प्रचंड गर्मी पड़ रही थी।

अल-नीनो और ला-नीना एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। इनका समुद्र के तापमान पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। अल-नीनो को मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत क्षेत्र को गर्म करने के लिए जाना जाता है। जब अल-नीनो सक्रिय होता है तो उसके प्रभाव वाले क्षेत्र में प्रचंड गर्मी पड़ती है, जैसा की इस बार हुआ था। पिछले दिसंबर माह से अल-नीनो सक्रिय हो गया था और सामान्य से अधिक तापमान रहा। गर्मियों में तापमान ने रिकॉर्ड ही नहीं तोड़े, बल्कि नए रिकॉर्ड तक बना दिए। ला-नीना इसके विपरीत है, जिससे समुद्र का तापमान औसत से अधिक ठंडा हो जाता है। इससे प्रभाव वाले क्षेत्र में कड़ाके की सर्दी पड़ती है। अनुमान है कि 15 नवंबर से ला-नीना सक्रिय होना शुरू हो जाएगा। उसके बाद अगले एक माह में यह पूरी तरह से सक्रिय हो जाएगा। 15 दिसंबर से जनवरी माह तक कड़ाके की ठंड पड़ेगी।

**अच्छी बर्फबारी होने के आसार**

अगर सर्दियों में पश्चिमी विक्षोभ ठीक तरह से सक्रिय रहा तो ला-नीना के प्रभाव से पर्वतीय क्षेत्रों में अच्छी बर्फबारी भी हो सकती है। अनुमान है कि जिस तरह से अल-नीनो की वजह से गर्मियों में लू के दिन बढ़ गए थे। ठीक वैसे ही इस बार शीत दिवस के दिन बढ़ सकते हैं। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह के अनुसार सर्दियों में लंबे समय तक कोहरा रह सकता है। गलन भरी ठंड भी काफी दिनों तक देखने को मिल सकती है।

---

## तीन दिन शहर में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित, डायवर्जन प्लान जारी

**व्यवस्था**

- रामनवमी व दशहरा को देखते हुए जारी किया डायवर्जन
- 11 से 13 अक्टूबर तक करना होगा गौला बाईपास का उपयोग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वीकेंड, रामनवमी और दशहरा को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने तीन दिवसीय डायवर्जन प्लान जारी किया है। जिसके तहत 11 से 13 अक्टूबर तक बाहरी वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। ज्यादातर वाहनों को गौला बाईपास से होकर अपने गंतव्य को जाना होगा।

पुलिस के मुताबिक हल्द्वानी से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम व अल्मोड़ा जाने वाले वाहन चालकों को डायवर्जन प्लान के तहत चलना होगा। प्लान के मुताबिक बरेली रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम, अल्मोड़ा जाने वाले वाहन तीनपानी तिराहा से डायवर्ट होकर गौला बाईपास होते हुए नरीमन तिराहा से गुजरेंगे।

रामपुर रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम, अल्मोड़ा जाने वाले वाहन शीतल होटल तिराहा से मुड़कर तीनपानी बाईपास तिराहा से गौला बाईपास रोड होते हुए नरीमन तिराहा पर निकलेंगे। नैनीताल की ओर जाने वाले वाहन पंचायतघर तिराहा से डायवर्ट होकर आरटीओ रोड से हनुमान मंदिर तिराहा से कमलुवागांजा होते हुए कालाढूंगी होकर गुजरेंगे। कालाढुंगी रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंचीधाम, अल्मोड़ा जाने वाले लालडांठ से डायवर्ट होकर नरीमन तिराहा से पर निकलेंगे। जबकि पर्वतीय क्षेत्र से हल्द्वानी आने वाले गौला बाईपास और कॉल टैक्स/हाइडिल तिराहा से डाइवर्ट होकर पनचक्की की ओर जाएंगे।

**दोपहर 12 से रात 10 बजे तक भारी वाहन वर्जित**

**हल्द्वानी :** 11 से 13 अक्टूबर तक यात्रा रूट पर भारी वाहन दिन में 12 से रात 10 बजे तक वर्जित होंगे। आवश्यक सेवा वाले भारी वाहनों को चार बजे तक अपनी सेवाएं पूर्ण करनी होंगी। इसके बाद उनका चलना भी वर्जित होगा। काठगोदाम क्षेत्र में यातायात का दबाव अधिक होने पर पांच बजे से नैनीताल से हल्द्वानी की ओर आने वाले वाहन रूसी बाईपास द्वितीय से रूसी बाईपास प्रथम होते हुए कालाढूंगी जाएंगे। अल्मोड़ा से हल्द्वानी की ओर आने वाले वाहन भवाली से डायवर्ट होकर मस्जिद तिराहा से नम्बर वन बैंड ज्योलीकोट होते हुए रूसी बाईपास द्वितीय से रूसी बाईपास प्रथम होते हुए कालाढूंगी को जाएंगे।

## समुदाय विशेष के युवक पर शादी तुड़वाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- आरोपी युवक, युवती पर बना रहा था शादी करने का दबाव
- फतेहपुर लामाचौड़ में फर्नीचर की दुकान चलाता है आरोपी

**अमृत विचार :** मुखानी थाना क्षेत्र में समुदाय विशेष के युवक पर गंभीर आरोप लगा है। यहां फर्नीचर की दुकान चलाने वाला युवक एक हिंदू युवती के पीछे पड़ गया। युवती की शादी तय हो गई थी, लेकिन आरोपी खुद से शादी का दबाव बना रहा था। युवती की शिकायत पर हिंदूवादी संगठन के लोगों ने आरोपी को पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस दौरान हिंदूवादियों ने हंगामा भी किया।

जानकारी के मुताबिक पीड़िता लामाचौड़ की रहने वाली है और उसकी उत्तर प्रदेश में रहने वाले एक युवक के साथ शादी तय हो चुकी है। आरोप है कि फतेहपुर लामाचौड़ में यासीन खान नामक एक युवक फर्नीचर की दुकान चलाता है और अर्से से उसके पीछे पड़ा है। यासीन लगातार उसे फोन कर रहा है। फोन और मैसेज कर यासीन जबरन शादी करने और मतांतरण का दबाव बना रहा है। शादी न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है।

युवती का कहना है कि यासीन से डर कर उसने अपना मोबाइल नंबर बंद कर दिया, लेकिन कहीं से उसने नया नंबर भी हासिल कर लिया और फिर से कॉल, मैसेज कर धमकाने लगा। डरी युवती ने इसकी जानकारी हिंदूवादी संगठन के लोगों को दी। जिसके बाद लोग आरोपी की दुकान पर पहुंच गए। हंगामा करते हुए उसे पकड़ लिया और मुखानी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## विधायक भगत से मिले गैरवैशाली क्षेत्र के लोग

**हल्द्वानी :** जलभराव से निजात दिलाने की मांग को लेकर गैरवैशाली क्षेत्र के लोगों ने कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि मांग पूरी न होने पर 22 अक्टूबर से आंदोलन किया जायेगा। जिस पर विधायक ने डीएम से फोन पर वार्ता की और शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश दिये। देवकी बिहार विकास समिति के महासचिव रमेश चंद्र पांडे के नेतृत्व में लोगों ने अभी तक कार्य शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई। मिलने वालों में बहादुर सिंह हरडिया, किशोरी लाल, छाया भंडारी, तारा खाती, रेखा बोरा, अनुज सिराडी, दीपक बिष्ट शामिल रहे।



कांग्रेस व आप के पदाधिकारियों को भाजपा की सदस्यता दिलाते विधायक भगत।

### आप व कांग्रेस नेताओं को दिलाई भाजपा की सदस्यता

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने बुधवार को लामाचौड़ में आयोजित कार्यक्रम में रामड़ी आन सिंह के कांग्रेस समर्थित ग्राम प्रधान रवि जीना, आप किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हरीश पांडे समेत दर्जनों लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। विधायक भगत ने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान में कालाढूंगी विधानसभा सीट अव्वल रहेगी। जीना व पांडे ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश एवं जनता के प्रति समर्पण देख उन्होंने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया। इस दौरान धीरज पांडे, प्रताप बोरा, ग्राम प्रधान गणेश शाह, मनीष आर्या, त्रिभुवन सिंह अधिकारी, हरीश बिष्ट, संदीप सनवाल, प्रकाश पटवाल, पंकज निगलटिया, रमेश द्विवेदी, चंद्र भूषण पांडे, बलवंत सिंह बिष्ट, निक्की जीना मौजूद रहे।

अमृत विचार लाइव पढ़ने के लिए www.amritvichar.com पर जाएं

---

**मामला** जिसकी दुकान पर रखी चरस, वो महिला न्याय की मांग लेकर फिर पहुंची पुलिस के पास

# महिला तस्कर छूट गई, चरस कहां गई पता नहीं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नवाबी रोड स्थित दुकान में चरस रखने का मामला पुलिस के गले की फांस बन चुका है। दुकान में चरस रखने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पुलिस ने लोगों के सामने मौके पर चरस तोली। पुलिस चरस रखने की आरोपी महिला को पकड़ नहीं सकी तो लोगों ने ही पकड़ लिया। अब महिला छूट गई है और चरस कहां गई किसी को पता नहीं। इधर, मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर एक बार फिर पीड़ित पक्ष सीओ के पास पहुंचा है।

चरस रखने की घटना बीती 28 जून की है। कुल्यालपुरा गली नंबर तीन निवासी पूनम देवी की किराना दुकान में एक महिला सामान खरीदने के बहाने से घुसी और थैला छोड़कर चली गई। महिला के बाहर निकलते ही पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने दुकान में बैठे महिला के पति पर आरोप लगाया तो पूनम ने डायल 112 पर सूचना दे दी। प्रभारी सीओ हल्द्वानी संगीता मौके पर पहुंची और जांच की। हालांकि पुलिस ने न तो मुकदमा दर्ज किया और न ही असल में कोई कार्रवाई की। जबकि घटना का सीसीटीवी पीड़ित के पास था। पुलिस और मंडलायुक्त से भी शिकायत की पर कोई हल नहीं निकला। जिस पर पूनम कोर्ट पहुंच गई। जिसके बाद 23 अगस्त को मुकदमा दर्ज हुआ। हालांकि इसमें एनडीपीएस की धारा नहीं जोड़ी गई।

मुकदमा दर्ज करने के बावजूद पुलिस को पीड़ित ने निष्क्रिय देखा तो खुद आरोपी महिला की तलाश की और 5 अक्टूबर की रात जजफार्म से पकड़ भी लिया। पुलिस ने महिला को नारी निकेतन भेजा। बताया जा रहा है कि महिला यहां से छूट गई है। क्योंकि जो चरस पुलिस ने मौके से बरामद की थी, वह अब मिल ही नहीं रही।

बुधवार को पीड़िता पूनम ने लोगों के साथ बहुउद्देशीय भवन में सीओ नितिन लोहनी से मुलाकात की। सीओ ने उन्हें जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।



पुलिस ने मौके पर सील की चरस, जो अब गायब है।

**वायरल हो रहा आरोपी महिला का वीडियो**

बीती 5 अक्टूबर की रात जब लोगों ने आरोपी महिला को पकड़ा तो उसका वीडियो भी बनाया। वीडियो में महिला ने चरस रखने का जुर्म स्वीकार किया और बताया कि उसने यह किसी के कहने पर किया था। बीते मंगलवार को जब पीड़ित पक्ष को यह पता लगा कि चरस गायब हो गई तो वह सीओ से मिले। उन्होंने बताया कि उनके पास घटना की सीसीटीवी फुटेज मौजूद है, जिसमें महिला चरस रखती और पुलिस चरस तोलती दिख रही है। ऐसे में चरस कैसे गायब हो सकती है।

## नई श्रमिक दरों को शीघ्र लागू करने की उठाई मांग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बिजली विभाग से जुड़े ठेकेदारों ने ऊर्जा कांट्रेक्टर कल्याण समिति के बैनर तले काठगोदाम में मुख्य अभियंता कार्यालय में सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही अपनी पांच सूत्रीय मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग उठाई। धरना-प्रदर्शन के दौरान संगठन के अध्यक्ष प्रेम चंद्र जोशी ने कहा कि वार्षिक अनुरक्षण और परिचालन में कार्यरत कर्मियों के वेतन की दर को एक अप्रैल से श्रम अनुभाग ने लागू कर दिया है, लेकिन विभाग ने कुमाऊं क्षेत्र में लागू नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि श्रम विभाग की लागू दरों के अनुसार ही अब विभाग को ठेकेदारों के भुगतान करने चाहिए। साथ ही वार्षिक अनुरक्षण और परिचालन के अनुबंध बीजकों का भुगतान प्रतिमाह उपनल और स्वयं सहायता समूह की तर्ज पर करना चाहिए। उन्होंने 10 वर्ष पुरानी श्रमिक दरों को हटाकर नई श्रमिक दरों को लागू करने की मांग की। कहा कि यदि मांगें नहीं मानी गई तो 15 अक्टूबर से कार्य बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान सचिव ललित सुगड़ा, उपाध्यक्ष गोपाल भट्ट, हरीश तिवारी, धन सिंह मेहता, तारा सिंह बिष्ट, दीपक नैनवाल, शैलेश कपिल मौजूद रहे।

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
- डी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- बी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866) डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)
E-mail: rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
- डिप्लोमा इन एक्स रे टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन एमआरआई टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन एमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- सर्टिफिकेट इन सैनिटेशन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866) डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)
E-mail: bareillyrcps@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# एयरपोर्ट विस्तारीकरण को भूमि आवंटित

## जिलाधिकारी ने बैठक में एयरपोर्ट अथॉरिटी को सर्वे और नक्शा बनाने के दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी को 103 एकड़ भूमि आवंटित कर दी गई है। इसके एवज में राष्ट्रीय राजमार्ग शिफ्ट करने के लिए एनएचएआई को इतनी ही भूमि आवंटित कर दी गई है। उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी को विस्तारीकरण का सर्वे करने के साथ ही नक्शा बनाने के निर्देश दिए, ताकि कार्य शीघ्र से हो सके।

बुधवार को जिलाधिकारी ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में पंतनगर एयरपोर्ट की विस्तारीकरण को लेकर आयोजित बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि एनएचएआई को जो भूमि आवंटित की गयी है उसमें सड़क बनाने के लिए अपना सर्वे प्रारंभ करें। इसके अलावा एनएचएआई व एयरपोर्ट अथॉरिटी आपसी समन्वय बनाते हुए कार्य करें। उन्होंने उप जिलाधिकारी को एयरपोर्ट अथॉरिटी को कब्जा दिलाने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए।

उप जिलाधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट अथॉरिटी को पंतनगर विश्वविद्यालय व टीडीसी की 524.78 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। आवंटित भूमि में टीडीसी के भवन आ रहे हैं जिन्हें ध्वस्तीकरण करने के लिए टेंडर भी किया जा चुका है। निदेशक एयरपोर्ट पंतनगर मोनिका डेम्बला ने बताया कि विमानपत्तनन के बॉउंड्री के भीतर व बाहर कई ऐसे पेड़ हैं जो प्राकृतिक रूप से बड़े व टेड़े होकर बॉउंड्री के ऊपर आ गये हैं जो सुरक्षा के दृष्टि से अत्यंत खतरनाक हैं। इन पेड़ों के माध्यम से अवांछित तत्व विमानपत्तनन की सुरक्षा को बाधित कर सकते हैं। इसलिए इन पेड़ों को कटवाया जाए। जिस पर जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

### प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों की सूची अथॉरिटी को करायी जाएगी उपलब्ध

**रुद्रपुर :** प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी ने बताया कि 15 प्रजाति के प्रतिबंधित पेड़ों के कटान की अनुमति लेनी होती है। शेष प्रजाति के पेड़ों को कटान किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों की सूची एयरपोर्ट अथॉरिटी को उपलब्ध करायी जाएगी। साथ ही इस कार्य के लिए वन विभाग के अधिकारी को सहयोग के लिए लगाया जाएगा। यदि प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ एयरपोर्ट विस्तारीकरण परिधि के भीतर हैं तो उनकी स्वीकृति लेनी होगी। वन विभाग इसके लिए पूर्ण सहयोग करेगा।

### ये लोग रहे मौजूद

अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पांडेय, सहायक प्रबंधक एयरपोर्ट नीतीश कुमार, प्रबंधक एनएचएआई मीनू, सहायक निदेशक फार्म पंतनगर डॉ .अजय प्रभाकर आदि मौजूद थे।

# बाढ़ में भीगे कंबल बांटने पर मजदूरों ने किया हंगामा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** श्रम प्रवर्तन कार्यालय में पंजीकृत श्रमिकों को बाढ़ में भीगे कंबलों का वितरण करने पर मजदूरों ने हंगामा कर दिया। उन्होंने दुर्गंधयुक्त इन कंबलों को लौटा दिया।

बुधवार को उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से श्रम विभाग में पंजीकृत महिला-पुरुष श्रमिकों को कंबल प्रदान करने के लिए मंडी समिति स्थित श्रम प्रवर्तन कार्यालय बुलाया गया था। जिसमें जानकारी होने पर सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष श्रमिक कंबल लेने पहुंच गए। आरोप है कि उन्हें जो कंबल उपलब्ध करवाए गए वह गीले थे और उनमें सीलन इत्यादि की वजह से दुर्गंध आ रही थी। इस पर वहां हंगामा होने लगा और श्रमिकों ने कंबल लेने से इन्कार करते हुए वापस लौटा दिए। इस संबंध में क्षेत्रीय श्रम प्रवर्तन अधिकारी एमसी बेलवाल ने बताया कि जून माह में आई बाढ़ का पानी भरने से स्टोर में रखे कुछ कंबल भीग गए थे और कंबल उसी स्थिति में पड़े रहे जिन्हें आज जब वितरित करने के लिए उन्हें निकाला गया तो नमी पाई गई। उन्होंने 52 श्रमिकों को कंबल वितरित करने का दावा किया है। साथ ही कुछ श्रमिकों द्वारा सीलन युक्त कंबल लौटाने की बात भी स्वीकारी है।



बाजपुर के श्रम प्रवर्तन कार्यालय में कंबल प्राप्त करने के लिए लगी श्रमिकों की भीड़।

## सार-संक्षेप



काशीपुर में कार्यालय का शुभारंभ करते सपा प्रदेशाध्यक्ष। ● अमृत विचार

### दुर्गा कॉलोनी में सपा कार्यालय का शुभारंभ

**काशीपुर :** आगामी निकाय चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए बुधवार को सपा के प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में काशीपुर की दुर्गा कॉलोनी में सपा कार्यालय का शुभारंभ किया गया। बुधवार को कार्यालय के शुभारंभ पर प्रदेशाध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल ने आगामी चुनाव को लेकर बैठक की। बैठक में उन्होंने पार्टी में अधिक से अधिक नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने के निर्देश दिए। कहा कि जल्द ही काशीपुर में नगर निगम के प्रत्याशी की घोषणा कर दी जाएगी। इस दौरान कुलदीप शर्मा, अमरदीप सिंह, समीर आलम, निशा खान, कनिका शाह, जमील मंसूरी, अमित कुमार, ओसियन यादव, आकाश यादव, उज्जवल सिंह आदि मौजूद रहे।



फ्रांस में डॉ. नवनीत पारीक को श्रद्धांजलि देते विवि के वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

### प्राध्यापकों ने दी डॉ. पारीक को भावभीनी श्रद्धांजलि

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय के मृदा विज्ञान प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. नवनीत पारीक का मंगलवार को 53 वर्ष की आयु में निधन हो गया। विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने डॉ. पारीक के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए इसे विवि के लिए एक बडी क्षति बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. पारीक का योगदान हमारे विवि के लिए अमूल्य था, उनके कार्य और विचार हमेशा हमारे साथ रहेंगे। डॉ. पारीक ने अपने कार्यकाल में मृदा विज्ञान क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण शोध किए और विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। निदेशक संचार डॉ. जेपी जायसवाल की अगुवाई में फ्रांस के भ्रमण पर गए वैज्ञानिकों के दल ने भी इस दु:खद समाचार पर स्तब्धता व्यक्त की।



ग्राम महेशपुरा में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**बाजपुर :** ग्राम महेशपुरा में बुधवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी के पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने की खुशी में जलेबियां बांटी गईं। वहीं पूर्व ग्राम प्रधान राकेश गुप्ता की अगुवाई में ऑनलाइन भाजपा सदस्य कार्ड कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इसका शुभारंभ ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र चौधरी ने किया। 100 ऑनलाइन भाजपा सदस्य कार्ड बनाए गए। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री कमलेश, नेत्रपाल, राजेंद्र गिरी, गौरव शर्मा, गणेश यादव, रोशन तोमर, संजय कश्यप, उदयवीर सैनी, विजय कश्यप, चंचल दिवाकर आदि मौजूद रहे।




तहसील परिसर में भूमिधरी अधिकारों को लेकर आवाज बुलंद करते आंदोलनकारी।

### भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन होगा तेज

**बाजपुर :** 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि पर छीने गए भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में पिछले 14 महीने से चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन के तेजी पकड़ने की संभावना बन गई है। भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक, संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि सरकार भू-कानून लाने की तैयारी कर रही है, यदि भू-कानून सभी वर्गों की भावनाओं के अनुरूप न हुआ या किसी वर्ग विशेष को निशाना बनाकर लाया गया तो भू-कानून का जमकर विरोध होगा। उन्होंने कहा कि सभी किसान, मजदूर संगठनों को एकजुट करने की प्रक्रिया चल रही है, आगामी 10 नवंबर को बाजपुर में जन आक्रोश पंचायत प्रस्तावित है जिसमें राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत सहित बड़े किसान नेता पहुंचेंगे और आंदोलन को धार देंगे। तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन के 438वें दिन दरवारा सिंह, सिकंदर सिंह, अमरनाथ शर्मा, गुरदर्शन सिंह, जसवीर सिंह भुल्लर को भूमि बचाओ महिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा व किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने माल्यार्पण कर बैठाया।

# डीएम ने की जिले में धान खरीद की समीक्षा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने धान खरीद की समीक्षा बैठक के दौरान सभी उपजिलाधिकारियों, मंडी सचिवों व केंद्र व्यवस्थापकों को सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। ताकि जो भी किसान केंद्रों पर धान लेकर आए उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बुधवार को बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि धान केंद्र पर यदि कहीं कोई परेशानी आती है तो उच्च स्तर पर वार्ता कर समस्या का तत्काल समाधान करें। सभी उप जिलाधिकारियों से धान खरीद की जानकारी ली। उप जिलाधिकारियों ने बताया कि अभी क्रय केंद्रों पर धान कम आ रहा है। किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। उप जिलाधिकारी किच्छा ने बताया कि विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 8 अक्टूबर तक तीन गुना धान खरीद हुई है। अपर जिलाधिकारी व नोडल धान खरीद पंकज उपाध्याय ने बताया कि खाद्य विभाग ने 8 अक्टूबर तक 333 कुंतल व यूसीएफ ने 1161 क्विंटल व कच्चा आढ़तियों ने 490 क्विंटल धान की खरीद की है। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रशासन) मंडी निर्मला बिष्ट, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, डिप्टी आरएमओ अशोक कुमार, आरएम यूसीएफ त्रिलोचन पाठक, एसएमओ ओन नारायण मिश्रा, हेमंत कुमार जोशी, तहसीलदार दिनेश कुटौला, सचिव मंडी विनोद पलड़िया, योगेश कुमार तिवारी, मोहन जोशी सहित सभी उप जिलाधिकारी वर्चुअल जुड़े थे।

**कार्रवाई**

▸▸ **अधिकारियों को केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं करने के दिए निर्देश**



काशीपुर में खंड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तिथि में संशोधन की मांग

**काशीपुर:** अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन ने एससीईआरटी की अर्द्धवार्षिक की तिथि बदलने की मांग को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

बुधवार को सौंपे ज्ञापन में शिक्षकों ने कहा कि 2024-25 की अर्द्धवार्षिक 21 से 30 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि तीन नवंबर को दीपावली होने के चलते अधिकांश शिक्षक अपने घरों को पहुंचते हैं। इसके चलते शिक्षकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी से परीक्षा की तिथियों में संशोधन करने की मांग की है। इस दौरान हरिओम सिंह, सुभाष चन्द्र, बृजेश कुमार, राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# ड्रेनेज सिस्टम के बाद ही होगा सौंदर्यीकरण

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** नगर के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रस्तावित ड्रेनेज व्यवस्था के चलते स्थगित चल रहा है। लोक निर्माण विभाग फिलहाल दुर्घटना संभावित नगर के तिराहा एवं चौराहे की मरम्मत करने में लगा है।

लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता प्रेम प्रकाश तिवारी ने बताया कि नगर की ड्रेनेज व्यवस्था पूर्ण होने के बाद ही लोनिवि नगर के मुख्य चौराहे से पहेनियां तक फोरलेन व उसका सौंदरीकरण कार्य करेगा। खटीमा चौराहे से पहेनियां तक होने वाले कार्य की तर्ज पर खटीमा से ईस्टर फैक्ट्री चारुबेटा तक नगर सीमा के अंतर्गत फोर लेन निर्माण के लिए भाजपा कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी रामू ने एनएच के सहायक अभियंता विनोद कुमार से वार्ता की और कहा कि इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी अनुरोध किया जा सकता है ताकि भविष्य में नगर पालिका सीमा के अंतर्गत जाम की स्थिति से निजात मिल सके। एनएच के सहायक अभियंता कुमार ने कहा कि यह कार्य विभाग के अधिकार क्षेत्र का नहीं है। उन्होंने भाजपा नेता जोशी को बताया कि एनएच नगर के मुख्य चौराहे से मझोला यूपी सीमा तक 6 माह के अंदर टू लेन निर्माण करेगा। फिलहाल इस जर्जर मार्ग को गड्ढा मुक्त कर चलने योग्य बना रहा है। टू लेन निर्माण कार्य समय पर पूरा हो सके। इसके लिए वन विभाग, जल संस्थान, पेयजल निगम एवं विद्युत विभाग से भी एनओसी की प्रक्रिया चल रही है। संबंधित विभागों से इस मद में होने वाले खर्च की डीपीआर मांगी जा रही है। ताकि समय पर खटीमा से मझोला तक टू लेन निर्माण कार्य संपन्न हो सके।

# आपदा प्रबंधन का दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सिकंद कुमार त्यागी की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर में एडीआर बिल्डिंग के सभागार में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान आपदा से संबंधित कई जानकारियां दी गईं।

बुधवार को आयोजित प्रशिक्षण में जिला आपदा प्रबंधन विभाग रुद्रपुर की टीम ने पराविधिक कार्यकर्ताओं व स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं को ग्लेशियरों का टूटना, बादल फटना, भूकंपीय गतिविधि, अचानक बाढ़ आना, भूस्खलन, वनाग्नि, संरचनात्मक पतन आदि आपदाओं में किये जाने वाले बचाव कार्यों एवं आपदा प्रबंधन के संबंध में डेमो और ऑडियो-वीडियो के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेंद्र कुमार सागर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभी कर्मचारी, पराविधिक कार्यकर्ता व अन्य स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।



पराविधिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देती आपदा प्रबंधन की टीम। ● अमृत विचार

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 7505012034, अल्मोड़ा : 9412962333,
रुद्रपुर : 8476843488, काशीपुर : 7906999205,
रामनगर : 9012387222, किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

**प्रशिक्षण** | रोग की पुष्टि होते ही आईएचआईपी पोर्टल में सूचना अंकित करने के दिए निर्देश

# फार्मासिस्टों को दी संचारी रोगों की जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में जिले के सभी फार्मासिस्टों को एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान फार्मासिस्टों को संचारी रोगों की सूचना मिलने पर सूचना आईएचआईपी पोर्टल के पी फार्म में अंकित करने के निर्देश दिए।

बुधवार को प्रशिक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के द्वारा सभी संचारी रोगों की निगरानी के साथ ही आवश्यक कार्रवाई की जाती है। संचारी रोग होने की स्थिति में इसकी सूचना जनपद स्तर पर होनी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक में सभी आशाओं को जानकारी दी जाए कि गांव में यदि किसी भी सदस्य को संचारी रोग जैसे डायरिया, बुखार, टाइफाइड आदि होता है उसकी सूचना तुरंत जिला सर्विलांस यूनिट को प्रेषित करें। साथ ही संक्रमण को रोकने के लिए आवश्यक दवाइयां जैसे ओआरएस आदि पर्याप्त मात्रा में अपने पास रखें। एपिडेमियोलॉजिस्ट आईडीएसपी डॉ. संतोष पांडेय ने संचार रोगों के बारे में जानकारी दी। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. राजेश आर्या ने सभी फार्मासिस्टों को संचारी रोगों की सूचना मिलने पर तुरंत आईएचआईपी पोर्टल के पी फार्म में अंकित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर आरएस अधिकारी, प्रेमशंकर, लखविंदर सिंह, पुष्कर सिंह, एसके भट्ट, दिनेश टम्टा, तौफिक अहमद, मनोज कुमार आर्य समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।



फार्मासिस्टों को जानकारी देते सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

**निर्देश**

▸▸ **सीएमओ बोले-आशाएं संक्रमण रोकने लिए पर्याप्त मात्रा में रखें ओआरएस समेत दवाइयां, रोगों को लेकर सतर्क रहने को कहा**

# आंदोलित श्रमिकों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

**रुद्रपुर:** सिडकुल की हेंकल कंपनी के खिलाफ अब श्रमिकों ने गांधी पार्क में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। श्रमिकों ने कंपनी प्रबंधन पर तानाशाही किए जाने का आरोप भी लगाया। आगाह किया कि यदि कंपनी ने मांगें पूरी नहीं कीं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

बुधवार को आंदोलित श्रमिकों का कहना था कि 25 अप्रैल को कार्य करने के दौरान कंपनी कर्मी अश्वनी की हाथ की उंगलियां कट गई थीं और बरेली से लेकर दिल्ली तक कर्मी का इलाज चला। आरोप था कि कंपनी ने कोई मदद नहीं की। इसके अलावा श्रमिक वर्मा शंकर और योगेश कुमार बेवजह काम से निकाल दिया गया। साथ ही यूनियन महामंत्री कमल पांडेय को भी बिना कारण बताओ नोटिस के बर्खास्त कर दिया गया। श्रमिकों का कहना था कि कंपनी बेवजह फर्जी रिपोर्ट बनाकर श्रमिकों की छंटनी कर रही है। आगाह किया कि जब तक निकाले गए श्रमिकों की कार्य बहाली, घायल को आर्थिक सहायता नहीं दी गयी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

▸▸ **कई मुद्दों को लेकर आंदोलित हैं श्रमिक, हेंकल कंपनी प्रबंधन पर लगाया आरोप**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
नैनीताल : 7505012034, हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### खाते से 58 हजार रुपये उड़ाए

**बाजपुर :** अब ओटीपी के बिना ही खाते से भारी भरकम रकम गायब हो जा रही है। ऐसा ही मामला बाजपुर में सामने आया है। श्रीरामलीला कमेटी के उपाध्यक्ष संजीव बंसल के भाई के खाते से रातोंरात 58 हजार रुपये गायब हो गए। पीड़ित ने बैंक में सूचना देने के साथ ही कोतवाली में तहरीर दे दी है। पुलिस ने साइबर सेल के माध्यम से जांच करने का भरोसा दिलाया है। वार्ड-चार निवासी राजीव कुमार बंसल ने पुलिस को बताया कि बुधवार की प्रात: 8 बजे मोबाइल देखा तो बैंक के खाते से मध्य रात्रि करीब एक बजे 58227.42 रुपये निकलने का मैसेज था, जबकि उसने कोई भी लेन-देन नहीं किया। बैंक में संपर्क किया तो पता चला कि एक खाते में यह रकम ट्रांसफर हुई है, जबकि इस खाता संचालक से उसका कोई लेना-देना नहीं है। कहा कि अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ ठगी करते हुए खाते से यह धनराशि निकाली है।

### दुकान से 25 हजार की चोरी

**खटीमा :** खलासा किराना स्टोर झनकट के स्वामी सुखपाल सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि छह अक्टूबर को चोर छत के रास्ते दुकान में घुसकर 25 हजार की नकदी और आधार कार्ड चुरा ले गए हैं। पीड़ित ने मामला दर्ज कर कारवाई करने की मांग की है। पुलिस ने सुखपाल की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### कैंटर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**खटीमा।** दो दिन पूर्व चकरपुर में टैंकर और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत के मामले में पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। श्यामला ताल टनकपुर निवासी मोहित कालोनी ने कहा कि सात अक्टूबर को देर शाम चकरपुर पुलिस चौकी के पास कैंटर संख्या यूके 04सीबी 0219 के चालक ने लापरवाही और तेजी से वाहन चलाते हुए बाइक से जा रहे मेरे भाई पंकज कलोनी और पीछे बैठे आदेश राम को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर कर दिया। पीड़ित ने चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने मोहित कालोनी की तहरीर पर कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हादसे की रिपोर्ट दर्ज

**सितारगंज :** बीती 5 सितंबर को रात्रि 9 बजे अपनी मोटरसाइकिल से सितारगंज से नानकमत्ता की ओर जा रहे हल्द्वानी निवासी 35 वर्षीय संतोष भट्ट की सड़क हादसे में मौत हो गयी थी। मृतक की पत्नी दीपा भट्ट ने तहरीर में बताया कि पति के अंतिम संस्कार में व्यस्त होने के कारण रिपोर्ट दर्ज नही करा पायी। मृतक की पत्नी का कहना है कि हादसे में उनके पति का सर धड़ से अलग हो गया और कार चालक अपनी कार मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

बैंक प्रबंधक-मुख्य आरोपी लाली ने उगले नाम, पुलिस फिर ले सकती है रिमांड ताकि पुख्ता सबूत सामने आ सकें, करोड़ों की धनराशि की हेराफेरी की थी

# 13.51 करोड़ के गबन की जांच में कई किरदारों के नामों का खुलासा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एसएलओ एवं एनएच काला के संयुक्त खाते से गबन हुई 13.51 करोड़ की मुआवजा राशि प्रकरण में अब पुलिस ने उन संदिग्ध अभियुक्तों के नामों का खुलासा कर दिया है जो पर्दे के पीछे रहकर फर्जी दस्तावेज व चेक बनाकर खातों में धनराशि को ट्रांसफर करवा रहे थे। इन नामों का खुलासा पुलिस कस्टडी रिमांड में लिए गए बैंक प्रबंधक व मुख्य अभियुक्त द्वारा पूछताछ में किया है। इसके बाद एक बार फिर पुलिस मुख्य अभियुक्त को कस्टडी रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है, ताकि पुख्ता सबूत सामने आ सकें।

बताते चलें कि 2 सितंबर को समीक्षा बैठक में एसएलओ कौस्तुभ मिश्रा द्वारा रुद्रपुर स्थित इंडसइंड बैंक की शाखा के संयुक्त खाते से 13.51 करोड़ की मुआवजा राशि गबन का मामला पकड़ा था। प्रारंभिक तफ्तीश में फर्जी दस्तावेज व चेक लगाकर करोड़ों की धनराशि को बाहरी प्रदेशों के खाते में ट्रांसफर किए जाने की बात सामने आई तो तत्काल पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए सबसे पहले खातों में गई 7.50 करोड़ की धनराशि को फ्रिज कर दिया। इसके बाद साक्ष्यों के आधार पर शाखा प्रबंधक देवेंद्र सिंह और सहायक प्रबंधक प्रियम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अगली तफ्तीश में यह साफ हो गया था कि ललित कुमार उर्फ महेंदु उर्फ लाली, चेयरमैन उर्फ रामकुमार व लाली की बहन मीनू बठला ही मुख्य किरदार व अभियुक्त है।

पुलिस ने लाली को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने पांच ऐसे संदिग्धों को चिह्नित किया था। जिनके द्वारा फर्जी दस्तावेज व फर्जी चेक बनाकर करोड़ों की धनराशि की हेराफेरी की थी। 8 अक्टूबर को पुलिस ने बैंक प्रबंधक देवेंद्र सिंह व मुख्य अभियुक्त लाली को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की तो उन संदिग्धों के नाम भी सामने आ गए। जिनके द्वारा पर्दे के पीछे रहकर सरकारी धनराशि को खातों में ट्रांसफर करवाया था। पूछताछ में विनोद शर्मा निवासी सीकर, प्रवीण शर्मा कल्याण नगर जयपुर के अलावा मुंबई में खाता धारक के लिए काम करने वाले जीवराज माली उर्फ विशाल निवासी सिरोही राजस्थान, भरत कुमार मिश्रा निवासी झुनझुनु राजस्थान की तस्दीक हो चुकी है। नामों का खुलासा होने के बाद अब पुख्ता सबूत एकत्रित करने के लिए पुलिस एक बार फिर मुख्य अभियुक्त ललित कुमार उर्फ लाली को पुलिस कस्टडी रिमांड पर ले सकती है। कारण समय अवधि कम होने के कारण पुलिस गहनता से पूछताछ नहीं कर पाई थी।

### 68 अलग-अलग खातों में जमा की गई थी रकम

**रुद्रपुर :** साइबर सेल की तफ्तीश में यह भी पता चला है कि 13.51 करोड़ की धनराशि चंडीगढ़, मुंबई और जयपुर के खातों में ट्रांसफर हुई थी। इन तीन मुख्य खातों से सात बार कई राज्यों एवं बैंकों में 68 बार खातों में भेजी गई गई। जिनकी रकम घटती चली जा रही थी और साइबर सेल ने तत्काल चौबीस घंटे के अंदर सभी खातों को फ्रीज कर 13.51 करोड़ की धनराशि को बचा लिया।

### गुजरात स्थित बैंकों में हुई थी तफ्तीश

**रुद्रपुर :** करोड़ों की मुआवजा राशि गबन प्रकरण के मुख्य अभियुक्त ललित कुमार उर्फ लाली पर गुजरात में धोखाधड़ी किए जाने के कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसकी भनक लगते ही पुलिस की एक टीम ने गुजरात जाकर पुलिस से संपर्क साधा और संबंधित बैंकों में जाकर अपनी तफ्तीश की। जिसके बाद साफ हो गया था कि लाली शातिर ठग है और उस पर कई मामले भी पंजीकृत हैं।

### नामों का खुलासा होते ही दबिश तेज

**रुद्रपुर :** 2 सितंबर से 9 अक्टूबर की तफ्तीश के बाद अब पुलिस के सामने गबन प्रकरण के उन किरदारों को दबोचना है। जिन्होंने बेहद ही शातिर अंदाज में करोड़ों का सरकारी खजाना लूटने का षडयंत्र रचा। पुलिस ने सामने आए नामों के बाद संभावित ठिकानों पर दबिश देनी शुरू कर दी है। साथ ही तकनीकी साक्ष्य एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों को भी एकत्रित करना शुरू कर दिया है। ताकि आरोपियों को लंबे समय तक सलाखों के पीछे रखा जा सके।

> 13.51 करोड़ गबन प्रकरण में पुलिस की विशेष टीम ने काफी हद तक सफलता प्राप्त कर ली है। ठोस रणनीति एवं साक्ष्यों के आधार पर अब पूछताछ में कुछ नाम सामने आए हैं। जिन्होंने पूरे प्रकरण में अहम रोल निभाया है। नामों का खुलासा होने के बाद अब पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। साथ ही पुलिस का मकसद रहेगा कि सरकारी धन हो या फिर धोखाधड़ी के प्रकरण के आरोपियों को गिरफ्तारी हो सके। इसके लिए नेटवर्क व पुलिस टीम को ज्यादा मजबूत किया गया है। गबन के किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। **–मणिकांत मिश्रा**, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

# फरार बंगाल इंजीनियरिंग का जवान किया गिरफ्तार

## होटल में ठहरा था, पुलिस और आर्मी टीम ने की कार्रवाई

संवाददाता, खटीमा

**60** राउंड कारतूस, चार मैगजीन, एक पोच, एक बेल्ट, एक आईकार्ड, एक पर्स, एक मोबाइल फोन, एक घड़ी व 3500 रुपये बरामद किए

**अमृत विचार:** बंगाल इंजीनियर रेजीमेंट के असम से रायफल और मैगजीन लेकर फरार हुए जवान को खटीमा में लोकेशन पाए जाने के बाद हरकत में आई पुलिस व आर्मी टीम ने एक होटल से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जवान के कब्जे से सरकारी एक इंसास राइफल, 60 राउंड कारतूस, 4 मैगजीन, पोच, बेल्ट, आईकार्ड, पर्स, मोबाइल और एक घड़ी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। फरार जवान के खिलाफ असम में भी मामला दर्ज है।

बाजार चौकी प्रभारी पंकज सिंह महर को बंगाल इंजीनियर रेजीमेंट, लेखावली (असम) के हाल निवासी अमाऊं नायक देवेन्द्र सिंह ने सूचना दी कि वह छुट्टी पर आया हुआ है। यह भी बताया कि कुछ दिन पहले बटालियन से सूचना मिली कि उनकी बटालियन में तैनात सिपाही सूरज चन्द्र जोशी निवासी- नन्दकुली, मौराड़ी, जनपद- चम्पावत चार अक्टूबर को अपने साथ रायफल इंसास मय 60 राउंड कारतूस को लेकर फरार हो गया है। जो संभवतः अपने घर जा सकता है। यह भी बताया कि मंगलवार को बटालियन से उसे सूचना मिली कि सूरज की लोकेशन खटीमा क्षेत्र में मिली है। वह कोई अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना देने वाले देवेंद्र ने यह भी बताया कि उक्त सम्बन्ध में रेजीमेंट के नायक सूबेदार रवीन्द्र सिंह यादव द्वारा थाना बोरपाथार (असम) में उक्त सम्बन्ध में चोरी का मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसआई विनोद जोशी ने प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी को अवगत कराया। प्रभारी निरीक्षक दसौनी ने उप निरीक्षक प्रियांशु जोशी के नेतृत्व में टीम को तलाशी के लिए भेजा गया। पुलिस टीम ने सूचनाकर्ता देवेन्द्र सिंह के साथ आसपास तलाश किया। मुखबिर ने सूचना दी कि नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित एक होटल में एक व्यक्ति कमरा नंबर 201 में रुका हुआ है और उसके पास राइफल भी है। पुलिस टीम ने होटल पहुंचकर मालिक से पूछताछ की और कमरा नंबर 201 खुलवाया। कमरा खोलते ही सूचनाकर्ता देवेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि यही सूरज चन्द्र जोशी है। पुलिस की पूछताछ उसने स्वयं को सूरज चन्द्र जोशी बताया और कहा कि वह वर्तमान में 237 इंजीनियर रेजीमेंट, लेखावाली, असम में तैनात है। कमरे की तलाशी लेने पर बैग के अंदर एक इंसास राइफल, 60 राउंड कारतूस, चार मैगजीन, एक पोच, एक बेल्ट, एक आईकार्ड, एक पर्स, एक मोबाइल फोन, एक घड़ी व 3500 रुपये बरामद किए। बरामद चार मैगजीन में एक खाली थी जबकि अन्य तीनों में 20-20 राउंड कारतूस लोड थे। कोतवाली प्रभारी मनोहर दसौनी ने आर्मी कैंप से भागे बंगाल इंजीनियर रेजीमेंट के जवान सुरेश चंद्र जोशी की मय राइफल व मैगजीन के साथ गिरफ्तारी की सूचना बंगाल इंजीनियरिंग और रेजीमेंट को दे दी गई। कोतवाल दसौनी ने बताया कि आरोपी जवान के खिलाफ धारा 317(2), 35, 106 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। टीम में एसएसआई विनोद जोशी, एसआई पंकज सिंह महर, प्रियांशु जोशी, राजेंद्र गिरी, शाहनवाज अंसारी आदि मौजूद थे।

## तीन आरोपियों को 200 नशीले इंजेक्शन के साथ दबोचा

**किच्छा:** कोतवाली पुलिस ने तीन नशा तस्करों को करीब 200 नशीले इंजेक्शन के साथ दबोच लिया। पुलिस ने नशा तस्करी में प्रयुक्त एक स्कूटी तथा लग्जरी कार को भी बरामद कर कब्जे में ले लिया।

प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पुरानी गल्ला मंडी गौला नदी तट पर श्मशान घाट के निकट तीन आरोपियों को नशा तस्करी करते दबोच लिया। पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से नशे के करीब 200 प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद कर लिए। पुलिस ने नशा तस्करी में प्रयुक्त आरोपियों की एक स्कूटी तथा लग्जरी कार को भी कब्जे में ले लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम आवास विकास, बलवंत कॉलोनी, किच्छा निवासी करण सक्सेना और पुरानी गल्ला मंडी, किच्छा निवासी अजय कुमार एवं सोनू कोली बताया। पुलिस ने ब्रेजा कार संख्या यूके 06 ए यू 8070 तथा स्कूटी संख्या यूके 06 बी जे 0852 को सीज करते हुए आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लोग सीमावर्ती क्षेत्र बहेड़ी से नशीले इंजेक्शन लाकर क्षेत्र में सप्लाई करते थे और स्कूटी तथा कार के माध्यम से नशीले इंजेक्शन की तस्करी की जाती थी।

# महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** महावीर योद्धा महाराणा प्रताप की प्रतिमा का बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा व उनके सुपुत्र कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने महाराणा प्रताप चौक पर संयुक्त रूप से अनावरण किया।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि पहले यहां पर महाराणा प्रताप की छोटी प्रतिमा स्थापित थी जो उनके सही व्यक्तित्व को नहीं दर्शा रही थी। लोगों में इसे लेकर नाराजगी थी व उन्होंने बड़ी प्रतिमा लगाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाने वालों के सही व्यक्तित्व को दर्शाने वाली मूर्तियां लगाई जानी चाहिये। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित तीन प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने कहा कि आज महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। नगर में 24.90 लाख की लागत से महाराणा प्रताप चौक का सौंदर्यीकरण व वहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित की गई हैं। इस दौरान खेल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने वाले स्कूली बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, बाल आयोग की सदस्य सुमन राय, वरिष्ठ समाजसेवी सुखदेव सिंह, संजय गोयल, मुकेश सनवाल, उदय राणा, राकेश त्यागी, श्रीपाल सिंह राणा, शिव कुमार मित्तल, राकेश गुप्ता, नरेश कंसल, गोपाल सिंह बिष्ट, पलविंदर सिंह औलख, विजय सलूजा, नितिन चौहान, पंकज गहतोड़ी, संदीप गुप्ता सोनू, कार्तिक राय, रामसिंह राणा, विशाल राणा, नरेश राणा, किरण राणा, भाष्कर राणा, शिवपाल सिंह चौहान, अनिरुद्ध राय, सरफराज अंसारी आदि मौजूद रहे।



सितारगंज में मूर्ति का अनावरण करते पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा। ● अमृत विचार

### पुरखों के सम्मान पर जनजाति महिलाओं को गर्व

**सितारगंज :** महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम में जनजाति समाज की महिलाएं काफी संख्या में पहुंची थीं। महिलाओं का कहना था कि समाज के हर परिवार में गर्व का माहौल है। उनके पुरखों का सम्मान हुआ है। कार्यक्रम में पहुंची नकुलिया निवासी वृद्ध राजवती राणा, सरोमवती, निर्मला देवी ने कहा कि पूरे जिले में इतनी विशाल मूर्ति नहीं लगी है। जिला पंचायत सदस्य उदय राणा ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार जताया।

# कोटक बैंक को लाखों का चूना लगाने वाला दबोचा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोटक महिंद्रा बैंक में फर्जी दस्तावेज लगाकर करोड़ों का लोन लेकर चूना लगाने वाले मुख्य आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि 19 अगस्त 2023 को कोटक महिंद्रा बैंक के भानु प्रताप सिंह ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि गजराज सिंह, श्याम बिहारी, मोहन देई, मुकेश कुमार और टीकाराम निवासी ग्राम गहलुईया बहेड़ी बरेली ने कृषि भूमि के फर्जी दस्तावेज व कूटरचित तरीके से डिस्चार्ज सर्टिफिकेट को असली बनाकर बरेली तहसील में जमा करवा कर बैंक को भ्रमित कर 46 लाख 59 हजार 438.80 रुपये की धनराशि ऋण के रूप में ली थी। जब बैंक की किश्त नहीं दी और पड़ताल हुई तो धोखाधड़ी का मामला सामने आया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद 14 नवंबर 2023 को मुकेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि मुख्य आरोपी गजराज सिंह फरार चल रहा था। 8 अक्टूबर को मिली सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस की टीम ने कोतवाली प्रभारी मनोज रतूड़ी के नेतृत्व में दबिश देकर शेरगढ़ बरेली से गजराज को गिरफ्तार कर लिया।

## कार ने दंपति को मारी टक्कर, पत्नी की मौत

**सितारगंज :** सिडकुल रोड पर कार ने सड़क किनारे चल रहे पति-पत्नी को टक्कर मार दी। हादसे में घायल दंपति को उप जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं पति का इलाज चल रहा है। बुधवार को वार्ड दो निवासी 55 वर्षीय लईकन अपने पति जमील अहमद के साथ सिडकुल के आगे नैनीताल जनपद के बॉर्डर के पास लकड़ी बीनने गई थी। दोपहर करीब तीन बजे सिडकुल की ओर से हल्द्वानी जा रही एक कार ने सड़क किनारे चल रहे दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। डॉक्टरों ने लईकन को मृत घोषित कर दिया। वहीं जमील को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

# किच्छा में नहीं फूंकने दिया पुलिस-प्रशासन का पुतला

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** देवभूमि रक्षा मंच द्वारा पुलिस प्रशासन के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन के तहत कार्यकर्ताओं ने दीनदयाल चौक पर पुलिस प्रशासन का पुतला दहन करने का प्रयास किया। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस की टीम ने युवाओं को रोक दिया। इस दौरान कोतवाल से वार्ता के बाद रक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कार्यक्रम स्थगित कर दिया। कार्यकर्ताओं ने दो दिनों के भीतर कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

दीनदयाल चौक पहुंचे देवभूमि रक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने कहा कि विगत 29 अगस्त को ग्राम लालपुर में गिरीश चंद्र पांडे के घर में घुसकर समुदाय विशेष के लोगों द्वारा तोड़फोड़ करने के साथ ही परिजनों के साथ मारपीट की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि लालपुर चौकी पुलिस को पीड़ित पक्ष द्वारा शिकायत किए जाने के बावजूद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। पीड़ित पक्ष को न्याय दिए जाने तथा जांच अधिकारी को निलंबन किए जाने की मांग को लेकर देवभूमि रक्षा मंच के तमाम सदस्य दीनदयाल चौक पर पहुंच गए और पुलिस प्रशासन का पुतला दहन करने का प्रयास किया। मामले की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर मामला शांत कर दिया।

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने कहा कि उनके द्वारा दो दिन पूर्व ही प्रभारी निरीक्षक का चार्ज लिया गया है तथा मामला उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने दो दिनों के भीतर मामले की निष्पक्ष जांच करने तथा कार्यवाही का भरोसा दिलाया है। युवा नेता कमलेश तिवारी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक ने दो दिनों के भीतर जांच करने तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इस मौके पर अजय सागर, कमलेश तिवारी, राजदीप सिंह, रोहित कुमार, अमन कुमार आदि मौजूद रहे।



किच्छा में कोतवाल से नोकझोंक करते रक्षा मंच के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सुनवाई

विशेष न्यायाधीश ने की याचिका पर सुनवाई, एडीजीसी ने अदालत में दिए खारिज करने के तर्क

# गांजा–स्मैक के आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सितंबर माह में गांजा व स्मैक के साथ पकड़े गए आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस की अदालत ने एडीजीसी द्वारा पेश किए गए तर्कों के आधार पर जमानत याचिका खारिज कर दी है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दीपक कुमार अरोरा ने बताया कि 15 सितंबर 2024 को दरोगा पंकज कुमार ने चेकिंग के दौरान आर्य नगर गदरपुर निवासी मुकेश कुमार को 47.998 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। वहीं दूसरी ओर 14 सितंबर 2024 को दरोगा कौशल भाकुनी द्वारा महतोष संजय नगर गदरपुर निवासी गोपाल मित्रों व सह अभियुक्त नसीम को कुल 93.23 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जहां मुख्य अभियुक्त मुकेश कुमार व गोपाल मित्रों ने विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस आशुतोष कुमार मिश्र की अदालत में जमानत याचिका दायर की। इस पर आपत्ति लगाते हुए एडीजीसी दीपक कुमार ने जमानत नहीं देने पर जिरह की। तर्क दिया कि इस प्रकार के मादक तस्कर समाज को दूषित व युवाओं को नशे की दलदल में धकेल रहे हैं। जिनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने याचिकाकर्ताओं की जमानत याचिका खारिज कर दी।

### एनडीपीएस के दोषियों को चार-चार साल कठोर कारावास

**रुद्रपुर :** वर्ष 2016 में पकड़े गए एनडीपीएस के दो दोषियों को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस ने चार-चार साल कठोर कारावास और 40-40 हजार का अर्थदंड देने की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दीपक कुमार अरोड़ा ने बताया कि 27 मार्च 2016 को थाना काशीपुर के दरोगा बीएस बिष्ट ने रात्रि गश्त के दौरान जसपुर बस अड्डा मुरादाबाद रोड ढेला पुल के समीप बाइक सवार रतनपुरा ठाकुरद्वारा मुरादाबाद निवासी गुड्डू और बृजपाल को गिरफ्तार किया था और उनके कब्जे से 10.720 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ था। इसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस की कार्रवाई कर जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस आशुतोष कुमार मिश्र की अदालत में हुई। जहां एडीजीसी दीपक कुमार ने अदालत के सामने आठ गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने दोषी गुड्डू व बृज पाल को चार-चार साल कठोर कारावास व 40-40 हजार रुपये अर्थदंड देने की सजा सुनाई।

### चेक बाउंस के मामले में एक माह की सजा

**काशीपुर :** चेक बाउंस के एक मामले न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने एक आरोपी को एक माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अनम डिपार्टमेंटल स्टोर के प्रोपराइटर मोहम्मद सलीम ने अपने अधिवक्ता सूरज कुमार के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में परिवाद प्रस्तुत किया था। जिसमें कहा था कि गिरीताल कालोनी निवासी विमलेश गुप्ता पत्नी अजय गुप्ता ने वर्ष 2020 में उसकी फर्म से 92,000 रुपये का बिस्कुट, केक, नमकीन आदि उधार लिया था। फरवरी, 2020 तक उसने रकम लौटाने का भरोसा दिलाया था। बार-बार तकादा करने पर आरोपी ने उसे उक्त राशि का चेक दिया, जो खाते में लगाने पर बाउंस हो गया। परिवाद पर सुनवाई कर कोर्ट ने आरोपी को तलब किया। अदालत ने आरोपी को एनआई एक्ट का दोषी पाया। न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने आरोपी विमलेश को एक माह के साधारण कारावास और एक लाख 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

# प्रतिबंधित मछलियां मिलीं, तालाब सीज

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** राज्य मत्स्य सहकारी संघ के अध्यक्ष और मत्स्य विभाग की टीम को मिली शिकायत पर कुंडेश्वरी स्थित एक इंटर कॉलेज के पास तालाब पर छापेमारी की। इस दौरान तालाब में प्रतिबंधित मछलियां मिलने पर टीम ने तालाब को सीज कर दिया है।

राज्य मत्स्य सहकारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अम्बीक चौधरी ने मत्स्य विभाग की टीम के साथ मिलकर कुंडेश्वरी किसान इंटर कॉलेज के तालाब पर छापेमार कार्रवाई की।

इस दौरान मत्स्य विभाग की टीम ने पाया कि स्कूल मैनेजमेंट ने अख्तर अली को तालाब ठेके पर दिया था और तालाब में प्रतिबंधित प्रजाति मंगूरा मछली की पैदावार कर उसका अवैध व्यापार किया जा रहा था। टीम ने मौके पर एक कंटेनर में आठ से दस मछलियां बरामद कीं। इसको मौके पर नष्ट किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए तालाब को सील करने के साथ ही इंटर कॉलेज का ठेका निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। वहां मत्स्य निरीक्षक विकास कुमार, राजस्व निरीक्षक दौलत सिंह, ग्राम प्रधान संजय चौधरी आदि मौजूद रहे।



कुंडेश्वरी में कार्रवाई करती मत्स्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

पुस्तकस्था तु या विद्या, परहस्तगतं च धनम्।
कार्यकाले समुत्पन्ने न सा विद्या न तद् धनम्॥

पुस्तक में रखी विद्या और दूसरे के हाथ में गया धन, ये दोनों ही समय आने पर किसी भी काम नहीं आया करते।

संपादकीय

# अप्रत्याशित नतीजे

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे तमाम विश्लेषणों और सर्वेक्षणों के उलट साबित हुए। चुनाव बाद हुए सभी सर्वेक्षण हरियाणा में कांग्रेस की शानदार विजय और भाजपा की बुरी हार घोषित कर चुके थे। अब हर कोई चुनाव परिणामों से हैरान है। जम्मू-कश्मीर में त्रिशंकु विधानसभा का अनुमान लगाया जा रहा था, मगर वहां भी नतीजे सर्वेक्षण के विपरीत आए। जम्मू-कश्मीर में जनता ने जहां अलगाववादी ताकतों के हिमायती दलों को नकार दिया है, वहीं विकासवादी व शांति के हिमायती दलों को मौका दिया है। संविधान के अनुच्छेद-370 के अधिकांश प्रावधान के हटने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था। चुनावी विश्लेषक यह उम्मीद कर रहे थे कि भाजपा को अच्छी बढ़त मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस ने मिलकर बहुमत से अधिक सीटें हासिल की हैं। हरियाणा चुनाव में जाट और गैर-जाट का मुद्दा निर्णायक साबित हुआ। जाट कांग्रेस की तरफ केंद्रित हो गए थे। यद्यपि कांग्रेस ने गैर-जाट को अपनी तरफ करने की भरपूर कोशिश की, पर उसमें कामयाब नहीं हो सकी। इस बार आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी आदि दलों ने भी अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे थे, लेकिन ये दल चार फीसद से अधिक वोट हासिल नहीं कर सके। भाजपा के प्रतिबद्ध मतदाता इधर से उधर नहीं हुए। छोटे दलों ने जो वोट अपने पाले में खींचे, वे अगर मिल जाते, तो कांग्रेस को बहुमत मिल सकता था, मगर भाजपा ने चुनाव से कुछ समय पहले मुख्यमंत्री बदलकर और गैर-जाट वोट को आकर्षित कर शानदार विजय सुनिश्चित कर ली।

हरियाणा ने अपनी स्थापना के 58 साल में पहली बार इतिहास रचा, जिसमें किसी पार्टी को लगातार तीसरी बार जनादेश मिला। यहां भाजपा ने सत्ता की हैट्रिक लगाकर एंटी इन्कम्बेंसी के फैक्टर को धराशायी किया ही साथ ही लगातार तीन बार सत्ता हासिल करने वाली पहली पार्टी बन गई है। भाजपा ने एक बार फिर नायब सैनी जैसे नए चेहरे के साथ दांव खेला और बेहतर परिणाम मिला। भाजपा हमेशा की तरह एकजुट होकर लड़ी और उसे संघ का पूरा साथ मिला। भाजपा की यह जीत उसके दस वर्ष के कामकाज की भी विजय है। जनता ने एक बार फिर भरोसा जताकर भाजपा की हरियाणा के प्रति जिम्मेदारी को बढ़ा दिया है। दोनों चुनावों में लोकतंत्र ने अपनी ताकत दिखाई है। हालांकि दोनों राज्यों में सरकारों के सामने चुनौतियां कठिन हैं। हरियाणा में भाजपा के लिए विश्वास जीतने की चुनौती है तो कश्मीर में केंद्र के साथ तालमेल बनाए रखने की।

# संविधान एक अंतहीन बहस और लचीला हथियार



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

संविधान स्थितप्रज्ञ बुजुर्ग वांछनीयता में मुस्करा रहा है। यही हो रहा है। कहा जा रहा है देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' होगा। सभी निर्वाचित संस्थाओं संसद, विधानसभाओं और हो सके तो पंचायत और नगरीय संस्थाओं के चुनाव भी एकसाथ करा लिए जाएं।

वर्तमान में संविधान की पोथी राजनीतिक कशमकश के कारण हर नागरिक के हाथ में हथियार बनाकर पकड़ाए जाने का सियासी शगल चल रहा है। ज्यादातर नेताओं, सांसदों, विधायकों को संविधान की अंतर्धारा की बारीकियों की सही जानकारी नहीं होती। संविधान उनके लिए झुनझुना है जिसे बजाकर मतदाताओं को बाल बुद्धि का समझकर बहाला, फुसला उन्हें भूख से तड़पने के बदले चुप कराया जा सके। ज्ञान की धमनभट्ठी से संविधान निर्माताओं ने हड्डियां गलाकर रोशनी का पुंज संविधान पैदा किया, जो भारत के भविष्य को अज्ञात समय तक आलोकित कर सकता है। संविधान ही नहीं, पूरा भारत जिन कंधों पर टिका है, वह गांधी के शब्दों में आखिरी छोर पर खड़ा आदमी जीता जागता भारत है। पेड़, पत्ते, पहाड़, नदियां, खदानें, जंगल, पूरा आसमान, बल्कि पूरी कायनात संविधान की मुट्ठी में है।

वही संविधान अब कुलबुला रहा है। करवटें ले रहा है। उसे बहलाए, सहलाए जाने की कोशिशें हो रही हैं। उस पर अलग-अलग बल्कि पुश्तैनी दावा ठोका जा रहा है। उसका पेटेंट किया जा रहा है। उसकी अभिव्यक्तियों का कापीराइट दर्ज हो रहा है। जनता ही भारत है। उसे ही तमाशबीन बना दिया गया है। जनता के नुमाइंदे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, सेना और संसद आदि कहलाते जनता के मालिक बन गए हैं, जो चाहे संविधान की मुश्कें बांधने कमर कसकर देश को अखाड़ा समझ रहा है।

संविधान स्थितप्रज्ञ बुजुर्ग वांछनीयता में मुस्करा रहा है। यही हो रहा है। कहा जा रहा है देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' होगा। सभी निर्वाचित संस्थाओं संसद, विधानसभाओं और हो सके तो पंचायत और नगरीय संस्थाओं के चुनाव भी एकसाथ करा लिए जाएं। इसके लिए कोई गंभीर रायशुमारी नहीं हुई है। संविधान की आंत में नीयतें और मशविरे दर्ज हैं। उनसे पूछा तक नहीं गया है। मौजूदा निजाम हर पूर्वज वचन और हिदायत को पचहत्तर पार के संरक्षक मंडल का आर्तनाद समझता है। वह कथित तौर पर समय, श्रम, धन और अनावश्यक परेशानियों को कम करना चाहता है। इसके लिए संविधान में संशोधन करने की तजवीज है। इक्कीसवीं सदी में आलिम फाजिल और वैश्विक संपर्क के हो रहे भारतीय नागरिकों को भी समझाया जा रहा है कि यह तो छोट-मोटा ऑपरेशन है। फिर तो पूरे देश में एक साथ हर तरह के चुनावों की जश्नेबहार होगी।

आंबेडकर की तरह शिब्बनलाल सक्सेना ने जोर देकर कहा था हमारे संविधान में यह शामिल नहीं किया गया है कि हर चार वर्ष के बाद अवश्य ही चुनाव होगा जैसा कि अमेरिका में होता है। भारत में शायद किसी न किसी प्रदेश में हमेशा चुनाव होते ही रहेंगे। भारत में देशी रियासतों के शामिल होने पर लगभग तीस प्रदेश हो जाएंगे।

मन करता है सवाल पूछें, जो लोग इस इंतजाम से मुतमईन हैं और वे भी जिन्हें यह नागवार गुजरता है। उन्होंने अपने आईन की स्तरों को किस तरह उलट पलटकर देखा है। संसद संविधान सभा नहीं है, जो नया संविधान बनाए। शुरुआत तो वहां से हो जब संविधान तीन बरस की मशक्कत में तीन सौ निर्वाचित सदस्यों के साथ भविष्य के भारत का बीजक लिख रहा था। पुरखों ने ऐलानिया कहा देश के लिए एक संसद और सभी प्रदेशों के लिए विधानसभाएं होंगी और कहीं-कहीं विधान परिषदें भी।

सबसे जिम्मेदार वक्तव्य हुआ गांधी, नेहरू और पटेल की सहमति से चुने गए प्रारूप समिति के सभापति डा. भीमराव आंबेडकर का। उन्होंने साफ कहा भारत में प्रतिनिधि संस्थाओं के चुनाव स्थायी प्रकृति के होंगे। यह नहीं होगा कि चुनाव हो गए और फिर उनसे छोड़ छुट्टी या खामोशी या उनसे खुट्टी। आंबेडकर ने कहा था इसमें कोई शक नहीं कि शुरू में हमने सोचा कि हर पांच साल में चुनाव होंगे, लेकिन जानते हैं फिर लगातार उपचुनाव होंगे। हम जानते हैं विधानसभाएं भंग होंगी और फिर अलग-अलग चुनाव का इंतजाम करना होगा। इस वास्ते मतदाता सूचियां बार-बार तरोताजा की जाती रहेंगी तथा और भी कई काम होंगे। एक स्थायी चुनाव आयोग की जरूरत हम महसूस करते हैं, जो आंबेडकर ने कहा वैसा हुआ भी। ऐसी कद काठी के विचारक को तो प्रज्ञा पुरुष कहते हैं, भविष्यदर्शी भी। उनके पास सच्ची डिग्रियां थीं, इतनी ज्यादा जो संविधान सभा में किसी के पास नहीं थीं।

आंबेडकर की तरह शिब्बनलाल सक्सेना ने जोर देकर कहा था ''हमारे संविधान में यह शामिल नहीं किया गया है कि हर चार वर्ष के बाद अवश्य ही चुनाव होगा जैसा कि अमेरिका में होता है। भारत में शायद किसी न किसी प्रदेश में हमेशा चुनाव होते ही रहेंगे। भारत में देशी रियासतों के शामिल होने पर लगभग तीस प्रदेश हो जाएंगे। अविश्वास प्रस्ताव पारित होने पर भी विधान-मंडल का विघटन हो जाएगा। इसलिए मुमकिन है केंद्र तथा प्रदेशों के विधान मंडलों के चुनाव एक ही समय पर न हों। हर समय कहीं न कहीं चुनाव होता रहेगा। हो सकता है कि अभी शुरुआत में अथवा पांच या दस वर्षों तक ऐसा नहीं हो, लेकिन दस बारह वर्ष के बाद हर समय किसी न किसी प्रदेश में चुनाव होता रहेगा।''

पेचीदा प्रश्न आता था। तब आंबेडकर आत्मविश्वास के साथ संवैधानिक ज्ञान की वर्जिश करते दुनिया के चुनिंदा संविधानों के उन हिस्सों की तरफ सभा की बहस ले जाते थे, जिन्हें अन्यथा सदस्यों ने या तो पढ़ा नहीं होता था या उन्हें मालूम तक नहीं होता था। आंबेडकर नहीं चाहते थे कि ऐसा संविधान बन जाए, जिसका लोकतांत्रिक देशों की संविधान परंपरा से कोई समानांतर रिश्ता भी नहीं रहे। अन्यथा भविष्य में भारतीय संविधान व्याख्याओं को लेकर दुनिया से अलग-थलग पड़ा रह सकता था। ऐसा बौद्धिक चमत्कार वही कर सकता था, जिसने दुनिया के संविधानों को भारतीय संदर्भ में अपने सोच में जज्ब कर लिया हो। आंबेडकर के इस कहे को मिटाने की कोशिश वे लोग कर रहे हैं, जिन्हें संविधान का ककहरा व्यापारिक बहीखाता लगता है। आंबेडकर ने कभी इशारा तक नहीं किया था कि जम्हूरियत के कारवां को कभी लौटकर फिर इब्तदा करनी होगी। वे जानते थे जम्हूरियत का रास्ता वर्तुलाकार या गोल नहीं होता। वह आगे बढ़ता है। भारतीय लोकतंत्र को अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, फ्रांस, कनाडा, आयरलैंड, स्विटजरलैंड और दक्षिण अफ्रीका आदि कई देशों के संविधान के साथ लोक मर्यादाओं को लेकर भी कदमताल करना होगा। विश्व संविधानों की समझ का बहस घर एक तरह का संयुक्त राष्ट्र संघ ही तो है। उनकी नजर, नीयत और भारत की नियति में कोई खोट नहीं थी। आज जो सत्ता में हैं, वे दूर दृष्टि से बाधित हैं। उनकी निकट दृष्टि कहती है हर प्रदेश में भी जल्द से जल्द सत्ता पर काबिज हो जाओ। आगे जो होगा देखा जाएगा। हालिया महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव भी होना है। उन चुनावों को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनावों के साथ जो शामिल नहीं कर सके। वे हिन्दुस्तान में एक साथ चुनाव कराने का दिन में ख्वाब देख रहे हैं।

समझना फिर जरूरी है। आंबेडकर ने दो टूक कहा था कि अमूमन सभी विधायिकाओं का कार्यकाल पांच वर्ष के लिए ही होगा। सिवाय इसके कि कोई उपचुनाव हो जाएं या पांच वर्ष के पहले विधायिका को भंग कर दिया जाए। आंबेडकर ने ऐसा कतई इशारा या कथन नहीं किया था कि केन्द्र सरकार चाहे तो किसी विधानसभा का कार्यकाल घटा, बढ़ा दें। चुनाव लोकतंत्र की आत्मा और मतदाता का मौलिक अधिकार हैं। संविधान के अनुच्छेद 324 से 329 तक चुनाव संबंधी प्रावधानों का ब्यौरा है। गवर्नमेन्ट आफ इंडिया एक्ट, 1935 और अन्य ब्रिटिश कानूनों के तहत चुनाव कराने का जिम्मा कार्यपालिका अर्थात सरकार पर होने से केवल मजाक होता था। इसलिए संविधान सभा में शुरू से आम राय उभरी कि वोट देना नागरिक का मूल अधिकार बनाएंगे। चुनाव के लिए स्वतंत्र मशीनरी की स्थापना भी करना होगा। विख्यात संविधानविद् जस्टिस वीआर कृष्ण अय्यर के अनुसार प्रजातंत्र का अर्थ ही चुनाव के प्रजातंत्र से है। संविधान एक अंतहीन बहस और लचीला हथियार है। उसकी संवेदना और गरिमा की घोषणाएं नागरिक संस्कारों की कहानी हैं।

प्रसंगवश

# समाजवादी राजनीति के पुरोधा धरतीपुत्र मुलायम

पुण्यतिथि

समाजवादी पुरोधा नेता जी के नाम से उत्तर प्रदेश में लोकप्रिय रहे मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि है। पांच दशकों तक समाजवादी धारा की राजनीति करते हुए मुलायम सिंह यादव एक जनाधार वाले नेता के रूप में स्थापित रहे। उनके प्रभावी सार्वजनिक/राजनैतिक जीवन के कारण ही मरणोपरांत उन्हें पद्म विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।

भारतीय राजनीति के बदलते मूल्यों के दौर में मुलायम सिंह आजीवन खांटी भारतीय वेशभूषा कुर्ता-धोती पहनकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में देशी भाषा की लड़ाई का सवाल, भारत-पाक-बांग्लादेश महासंघ की वकालत, चीन की सीमा विस्तार नीति की निंदा, देश की अर्थव्यवस्था किसान केन्द्रित बनाए रखे जाने के पक्ष में मजबूत आवाज उठाते रहे। मुलायम सिंह यादव नेताजी के नाम से राजनीति में लोकप्रिय रहे। उन्होंने लोहिया की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया। एक कुशल वक्ता के रूप में उन्होंने विधानसभा और लोकसभा में अपनी प्रबल उपस्थिति दर्ज कराते हुए जनता की समस्याओं की मजबूत लड़ाई लड़ी। सक्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में सदन में उन्होंने सदैव समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए संघर्ष किया। इसी संघर्ष के फलस्वरुप वे तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा भारत सरकार में रक्षा मंत्री पद पर सुशोभित हुए। मुख्यमंत्री एवं रक्षामंत्री के रूप में उन्होंने कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य किए जिनके निर्णयों की सराहना आज भी होती है।



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

एक छोटे से गांव में जन्म लेकर यूपी जैसे विशाल प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने का सफर विषमताओं से भरा रहा, लेकिन चुनौतियों का सामना करते हुए कुशल नेतृत्व के रूप में उन्होंने स्वयं को स्थापित किया। मात्र 15 वर्ष की आयु में समाजवाद के शिखर पुरुष डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के आह्वान पर किसानों की समस्याओं को लेकर पहली बार जेल गए मुलायम सिंह यादव 1954 में चर्चा में आए, जिसके बाद 1967 में सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर पहली बार में ही उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य चुने गए और 1974 से 2007 तक 10 बार विधानसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। दो दशकों से अधिक की जमीनी राजनीति करते हुए मुलायम सिंह यादव ने लोहिया के समाजवादी सिद्धांत एवं चौधरी चरण सिंह की किसान हितैषी नीतियों को आधार बनाकर 5 नवंबर 1992 को लखनऊ में समाजवादी पार्टी की स्थापना किया। एक तरफ सदन में बुनियादी प्रश्नों पर समाजवादी दृष्टि के आधार पर बहसों को प्रभावित किया, वहीं दूसरी तरफ जनता की जरूरत पर सजग दृष्टि रखते रहे। अपने दायित्व को पूरा करने में उन्होंने कभी भी दलीय दायरों तथा जाति-धर्म की भाषा को स्वीकार नहीं किया।

आज जब राजनीति में व्यक्तिगत कटुता, आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है, सदन में असंसदीय भाषण का चलन जोरों पर है। बड़े-बुजुर्गों की उपेक्षा भी बेहिचक की जा रही है। ऐसे में राजनीति से जुड़े लोगों के लिए मुलायम सिंह यादव का राजनैतिक जीवन उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने दलीय राजनीति से परे जाकर अपने धुर राजनैतिक विरोधियों की मदद करने में पूरी उदारता दिखाई। संघर्ष के दिनों के साथियों का उन्होंने बड़ा ख्याल रखा। राजनैतिक सहयोगी और जीवन के अंतिम समय तक कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले छोटे लोहिया की स्मृति को संजोने के लिए लखनऊ में निर्मित जैव विविधता से परिपूर्ण जनेश्वर पार्क में उनकी आदमकद मूर्ति बनाने की प्रेरणा मुलायम सिंह की ही है। छोटे लोहिया के नाम से लोकप्रिय रहे जनेश्वर मिश्र को श्रद्धांजलि देने के इस अनूठे तरीके के राजनैतिक विरोधी भी कायल है।

जीवन के अंतिम समय में भी मुलायम सिंह यादव बेहद सक्रिय और राजनैतिक रूप से सचेत रहे। एक सामान्य ग्रामीण परिवार में जन्म लेकर देश के प्रथम पंक्ति के राजनीतिज्ञ बनने की उनकी यात्रा अनेक संघर्षों और जीवटता का प्रतीक है।

# हरियाणा में भाजपा के कुशल प्रबंधन की जीत



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

हरियाणा की राजनीति जटिल सामाजिक समीकरणों से भरी हुई है। अलग-अलग जातियों के प्रति भाजपा की अपील इस सफलता में महत्वपूर्ण रही है।

हरियाणा के नतीजों ने आज पूरे देश को हैरान कर दिया है और इसका कारण ये है कि हरियाणा के चुनावों को शुरुआत से ही कांग्रेस के पक्ष में माना जा रहा था। चुनावी एक्सपर्ट्स, राजनीतिक विश्लेषक, पत्रकार, मीडिया और यहां तक कि एग्जिट पोल भी इन चुनावों में बीजेपी की हार का अनुमान लगा रहे थे, लेकिन हरियाणा की जनता ने इन सबको एक्सपोज कर दिया और सारे एग्जिट पोल आज गलत साबित हो गए और बीजेपी ने तीसरी बार चुनाव जीतते हुए, पिछले दो विधानसभा चुनावों से भी अच्छा प्रदर्शन किया।

लोकसभा चुनावों की तरह बीजेपी ने इस बार अति आत्मविश्वास नहीं दिखाया, बल्कि बीजेपी हरियाणा में विनम्र बनी रही और उसके लाखों कार्यकर्ता दिन-रात चुपचाप जमीन पर काम करते रहे, जबकि बीजेपी की तुलना में इस बार कांग्रेस ज्यादा आक्रामक थी और अति आत्मविश्वास में थी। लोकसभा चुनावों के बाद से कांग्रेस और विपक्षी दल लगातार ये माहौल पैदा कर रहे थे कि अब प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता कम हो रही है और धीरे-धीरे बीजेपी ढलान की ओर जा रही है, लेकिन हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में बीजेपी के शानदार प्रदर्शन की वजह से ये माहौल रातों-रात बदल गया है। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा 27 मौजूदा सीटें बचाने में कामयाब रही है तो 22 नई सीटें भी जीती हैं। इनमें से नौ नई सीटें जाटों के गढ़ से जीती हैं। इसी के साथ हरियाणा के 57 साल के इतिहास में भाजपा पहली पार्टी है, जो लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। हरियाणा चुनाव में भाजपा को 39.94 प्रतिशत, कांग्रेस को 39.09, आप को 1.79, जेजेपी को 0.90, आईएलडी को 4.14 प्रतिशत मिले हैं। साफ जाहिर है कि भाजपा और कांग्रेस के मतों में ज्यादा



का अंतर नहीं है, लेकिन सीटों में 11 का अंतर है। चुनाव के अंतिम मौके पर नायब सैनी को सीएम बनाना भी काम कर गया। दूसरी बात सैनी का सौम्य व्यक्तित्व भी काम कर गया। सैनी बड़बोले नहीं हैं। सैनी को समय बहुत कम मिला पर, उन्होंने ओबीसी अधिकारों के लिए कई कानून बनाए। कई ऐसी योजनाएं बनाईं जो सीधे आम जनता को फायदा पहुंचाने वाली हैं। ओबीसी वोटों का ध्रुवीकरण भी कराने में भी सैनी को सफलता मिली।

हरियाणा की राजनीति जटिल सामाजिक समीकरणों से भरी हुई है। अलग-अलग जातियों के प्रति भाजपा की अपील इस सफलता में महत्वपूर्ण रही है। पार्टी ने रणनीतिक रूप से गठबंधन बनाने और विभिन्न समुदायों के साथ जुड़ने का प्रयास किया है, जिससे एक व्यापक समर्थन आधार तैयार हुआ है। भाजपा की जीत का एक प्रमुख कारण प्रभावी स्थानीय लीडरशिप है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वोटर्स से जुड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका शासन शैली, स्थानीय मुद्दों और विकास पर केंद्रित, वोटर्स के साथ गूंज उठी। साथ ही भाजपा की बूथ मैनेजमेंट रणनीति अत्यंत प्रभावशाली साबित हुई। पार्टी ने अपने वर्कर्स को मतदाता टर्नआउट सुनिश्चित करने के लिए संगठित किया। खास करेक, उन क्षेत्रों और जनसांख्यिकी पर ध्यान केंद्रित किया, जहां उनकी उपस्थिति को मजबूत करने की आवश्यकता थी। यह सावधानीपूर्वक योजना पार्टी की चुनावी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली रही। राष्ट्रीय स्तर पर शुरू की गई कल्याणकारी योजनाएं और अवसंरचना परियोजनाएं हरियाणा में प्रभावी ढंग से संप्रेषित की गईं, जिससे पार्टी की छवि को मजबूती मिली। हरियाणा की जीत बीजेपी के लिए आने वाले चुनावों में एक शुभ संकेत जैसा भी है, जिसकी शुरुआत महाराष्ट्र से होगी। हरियाणा ने बीजेपी को 2024 लोकसभा चुनावों के दौरान देखी गई गिरावट को उलटने का पहला वास्तविक मौका दिया है। यहां जीत से महाराष्ट्र, झारखंड और अंततः दिल्ली में बेहतर प्रदर्शन की नींव रखी जा सकती है। हरियाणा में हैट्रिक लगातार भाजपा के हौसले आने वाले आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बुलंद हैं। अगला विधानसभा चुनाव महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में होना है, ऐसे में हरियाणा में पार्टी की जीत के कई मायने हैं। हरियाणा में भाजपा की जीत केवल एक चुनावी जीत नहीं है, यह प्रभावी लोकल लीडरशिप, मजबूत बूथ मैनेजमेंट और सेंट्रल लीडरशिप के रणनीतिक प्रभाव का एक मिश्रण है। यह जीत पार्टी के लिए आगामी चुनावी चुनौतियों के लिए आत्मविश्वास बढ़ाती है।

सोशल फोरम

# लोकतंत्र में धनबल का प्रयोग

यह कैसी ग्राम सभा है, जहां नीलामी से सरपंच बना जाता हो। ग्राम सभा लोकतंत्र या स्वराज की बुनियाद है। स्थानीय ग्रामीण एवं शहरी निकायों की नींव पर ही लोकशाही के प्रासाद के अधिष्ठान की परिकल्पना की गई है। वह नींव जितनी ही पुख्ता, कारगर या ठोस रहेगी, लोकतंत्र की बृहत्तर होती जाती इकाइयां मंज़िल-दर-मंजिल यानी क्रमिक रूपेण उसके ऊपर उठती जाएंगी।



कृष्णस्वरूप आनन्दी
सेवानिवृत्त शिक्षक, प्रयागराज

पंजाब से एक निराशजनक समाचार सुनने को मिला है। गुरुदासपुर जनपद के हरदोवाल कलां ग्राम-सभा में सरपंच-पद के लिए नीलामी का आयोजन किया गया। स्थानीय ग्रामीणजनों ने यह तय किया है कि उस व्यक्ति को सरपंच पद के लिए चुना जाएगा, जो ग्राम सभा के विकास के लिए अधिकतम धनराशि देगा। लोगों की मतिभ्रष्टता या विपरीतबुद्धि को क्या कहा जाए? अब तो लगता है कि पूरे कुएं में ही भांग पड़ गई है।

गांव में सरपंच पद के लिए नीलामी आयोजित की गई। नीलामी की बोली 50 लाख रुपये से शुरू हुई। एक स्थानीय नेता ने 2 करोड़ रुपये की बोली लगाई। बठिंडा के गहरी बुट्टर गांव में सरपंच पद के लिए इसी तरह की नीलामी हुई थी। उल्लेखनीय है कि पंजाब में जल्द ही ग्राम पंचायत चुनाव होने हैं।

चुनावों में धनबल निर्णायक होता जा रहा है। चुनाव दलों के जरिए लड़े जाते हैं। दलीय उम्मीदवार भी अक्सर मोटी रकम का भुगतान करके ही टिकट खरीदते देखे जाते हैं। दलों की कॉरपोरेट-फंडिंग हो रही है। बड़े धन-कुबेर और कंपनी बहादुर अधिकांश चुनावबाज़ नेताओं और राजनीतिक दलों की नकेल थामते से नजर आ रहे हैं।

स्थानीय निकायों से लेकर केन्द्र या शीर्ष तक हुक्मरान अमूमन बड़े धनपशुओं से ही पोषण पा रहे हैं। भगवान वह दिन न दिखाए, जब जन-प्रतिनिधि सीधे तौर पर देशी-विदेशी यानी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के द्वारा नामित या प्रायोजित किए जाते हों। हम भारत के लोग इस संकल्प के साथ सतत आगे बढ़ते रहें कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे को स्वदेशीपरक, स्वराजोन्मुख, स्वतः स्फूर्त, उत्तरदायी-संवेदनशील तथा सार्थक प्रभावी बनाना है।

-फेसबुक वॉल से

# सकारात्मक दृष्टिकोण से सुदृढ़ होगा मानसिक स्वास्थ्य

हाल ही में एक कोचिंग इंस्टिट्यूट में अध्ययनरत छात्र ने एक छात्रा के बात न करने के कारण आत्महत्या कर ली। वहीं कोटा तथा अन्य शहरों में पढ़ाई के अत्यधिक दबाव या अन्य कारणों के चलते इस प्रकार की घटनाएं सामने आती रहती हैं। ध्यान देने योग्य बात यह है कि आत्महत्या करने वाला व्यक्ति सांकेतिक रूप से ऐसा प्रकट अवश्य करता है, परंतु बहुत बार इसे ड्रामा या नाटक का नाम दे दिया जाता है। यदि इन संकेतों को गंभीरता से लिया जाए तथा वक्त रहते उनके व्यवहार के पीछे के कारणों का पता लगा लिया जाए तो बहुत से लोगों को उनकी जीवनलीला समाप्त होने से बचाया जा सकता है।



डॉ. तान्या दीक्षित
मनोवैज्ञानिक, लखनऊ

अक्सर विषादग्रस्त व्यक्ति को पहली नजर में देखकर ये अंदाजा लगा पाना मुश्किल होता है कि वो डिप्रेशन से पीड़ित है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अवसाद की परिभाषा भी थोड़ी बदल गई है। ऐसे व्यक्ति हमेशा शांत या गंभीर रहें ये आवश्यक नहीं है। अपने चेहरे पर खिलखिलाती मुस्कान रखने वाले और खुशियां बिखेरने वाले व्यक्ति भी दुःखी और निराश हो सकते हैं। मनोवैज्ञानिक भाषा में कहें तो ये मुस्कुराहट उस डिफेंस मैकेनिज्म की तरह काम करती है, जिसके पीछे वो अपने दुखों को छिपाने की कोशिश करते रहते हैं, जिन्हें हम जिंदगी में खुश और संतुष्ट समझने की भूलकर बैठते हैं। अक्सर ऐसे ही व्यक्ति डिप्रेशन से पीड़ित होते हैं, पर अब प्रश्न ये उठता है कि ऐसा क्यों है?

ऐसे व्यक्ति कई बार सबके साथ हंसते बोलते तो देखे जाते हैं, लेकिन वो अपने मन की बातें किसी के साथ शेयर नहीं कर पाते। वो लोगों पर जल्दी विश्वास नहीं कर पाते और ऐसे में वो डरते हैं कि लोग उन्हें क्रिटिसाइज करेंगें या मजाक बनाएंगे। उनका यही विश्वास और भी दृढ़ होता चला जाता है, जिससे वो अपनी समस्या किसी से शेयर नहीं कर पाते और मन ही मन घुटते रहते हैं। ऐसे में टॉकिंग थेरेपी डिप्रेस्ड व्यक्ति के जीवन को निराशा के अंधेरे से बाहर लाने में सहायता कर सकती है। ये उनके विचार और भावों की अभिव्यक्ति का माध्यम बनती है। याद रखें कि हताश और विषादी व्यक्ति चाहता है कि उसे कोई सुनें, जिससे उसकी आधी तकलीफ पहले ही कम हो सकती है। ऐसे व्यक्ति की मनोदशा को समझने का प्रयास किया जाना चाहिए। विषादी व्यक्ति को संवेदनशीलता, प्यार, सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार और सकारात्मक बातचीत करके ये भरोसा दिलाने की जरूरत होती है कि वो अकेले नहीं हैं। हमें ध्यान रखना चाहिए कि जैसे सागर की गहराई को केवल उसके सतह के आधार पर नहीं मापा जा सकता, उसकी गहराई में उतरना पड़ता है, वैसे ही किसी व्यक्ति के बाहरी व्यक्तित्व के आधार पर ये नहीं जाना जा सकता कि वे विषादग्रस्त है या नहीं। ये जानने के लिए उसके आतंरिक आत्म (इनर सेल्फ) को जानना भी आवश्यक होता है।

उन्हें सिर्फ ये यकीन दिलाने की दरकार होती है कि धैर्य और हिम्मत से हर समस्या का समाधान संभव है, जो मेंटल सपोर्ट और पॉजिटिविटी की पिल्स के द्वारा संभव है। विषादग्रस्त व्यक्ति को कभी भी अकेले नहीं छोड़ना चाहिए। साथ ही कोशिश ये भी करनी चाहिए कि चाकू, शीशे के सामान, पिस्टल, गन, ब्लेड जैसे सामान उस इंसान की पहुंच से बाहर रहें। उन्हें ये एहसास दिलाने की जरूरत होती है कि वे उनके अपनों के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। साथ ही नेवर गिव अप सिद्धांत को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना होगा, जिससे वो अपने नकारात्मक आज को महज एक अतीत की तरह भुलाकर सकारात्मक दृष्टिकोण से एक सुनहरे कल में प्रवेश कर सकें।

# मिलावट का दौर

व्रत-त्योहारों का समय हर बार मिलावट के लिए चर्चा का विषय बना रहता है। तिरुपति के प्रसादम में मिलावट के बाद ऐसा लगता है आम खाने-पीने के समान, मिठाइयों और नमकीन में कुछ भी शुद्ध नहीं बचा है, पनीर, घी तेल, मावे, बेसन और कुटू के आटे से बनाई चीजों के खाने से लोगों के बीमार होने की खबरे लगातार प्रकाशित हो रही हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी की हालिया रिसर्च के अनुसार देश के 17 शहरों से लिए गए फूड सैंपल बड़ी मात्रा में मेटल पाया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा हाल ही में एनसीआर में की गई छापेमारी में नोएडा में नकली घी और पनीर पकड़ा गया, जो दूध हम लोग पी रहे हैं, उसके बारे में भी नहीं पता कि वो दूध है भी या केमिकल पिलाया जा रहा है। व्यवसाय करने वाले खुद बताते हैं कि त्योहारी सीजन में जितने दूध-घी, पनीर और मावे की मांग होती है, उतनी सप्लाई वास्तव में संभव नहीं है। जो मिलावटी सामान हमारे स्वास्थ्य को खराब कर रहा है, उसके इलाज के लिए दी जाने वाली दवाएं भी नकली पाई गई हैं। हाल में गाजियाबाद के पास पिलखुवा में बिना लाइसेंस के चल रही दवाई फैक्ट्री में 25 लाख की दवाइयां पकड़ी गई हैं, जिन्हें नामचीन दवाइयों के रैपर में बेचा जा रहा था।

ऐसे में जरूरत इस बात की है कि जनहित को ध्यान में रखकर मिलावट के खिलाफ एक बड़ी मुहिम चलाई जानी चाहिए। अन्यथा मिलावटखोर और मुनाफाखोर आम आदमी के साथ धोखा करते ही रहेंगे। इसके लिए हर लेवल पर जन सतर्कता ग्रुप बनाए जा सकते हैं, जो समय-समय पर कुछ दुकानों से नमूने ले सकें और सरकार को भी मिलावट के खिलाफ अभियान तेज करने और कड़े कानून बनाने की आवश्यकता है।



बाजपुर में श्रीराम-भरत मिलाप की लीला का मंचन करते श्रीधाम वृंदावन के कलाकार। ● अमृत विचार



दिनेशपुर लीला मंचन में प्रभु श्री राम- सुग्रीव मिलाप का दृश्य। ● अमृत विचार

# कौन सी दिशा में गए मेरे भगवान...

## बाजपुर की रामलीला में आठवें दिन हुआ श्रीराम-भरत मिलाप का शानदार मंचन

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** श्रीरामलीला समिति के तत्वावधान में चल रही रामलीला मंचन के आठवें दिन मंगलवार की रात श्रीधाम वृंदावन के कलाकारों ने श्रीराम-भरत मिलाप की लीला का सजीव मंचन किया। भरत का किरदार निभा रहे गंगाचरण ने भजन- बोलो-ए जमीन-बोलो आसमान, कौन सी दिशा में गए मेरे भगवान... का गायन करते हुए इस तरह अपनी कला का भावपूर्ण प्रदर्शन किया कि दर्शकों की आंखें छलकने लगीं।

इससे पहले लीला का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने पूजा-अर्चना व आरती करके किया गया। कमेटी की ओर से स्मृति चिह्न देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्रीरामलीला समिति अध्यक्ष सुबोध गुप्ता, महामंत्री ओपी अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजीव बंसल टिन्ना, कोषाध्यक्ष गजानंद मित्तल, विमल शर्मा, रेशम यादव, जोगेश आनंद, राजू वाल्मीकि, संजय रुहेला आदि मौजूद थे।

श्री हरेकृष्ण रासलीला संस्थान श्रीधाम वृंदावन के संचालक रासाचार्य स्वामी देवेंद्र कुमार शर्मा व गोकुल शर्मा (गोपीजी) की अगुवाई में कलाकार धर्मग्रंथों के अनुरूप पुरातन सनातन संस्कृति के तहत सभी मर्यादाओं का ध्यान रखते हुए लीला का मंचन कर रहे हैं।

### पंतनगर में शत्रुघ्न बनी 10 वर्षीय हिमानी के अभिनय ने दर्शकों का मन मोहा

**पंतनगर :** 'मम भ्राता को जगमाता तूने बनवाया है फकीर, जगत की जननी सीता माता कहां लखन रणधीर'। इन पंक्तियों के साथ शत्रुघ्न का किरदार निभा रही 10 वर्षीय हिमानी कापड़ी के अभिनय ने दर्शकों का मन मोह लिया। पंतनगर रामलीला मैदान में उत्तरांचल संगम के तत्वावधान में चल रही रामलीला के पांचवें दिन किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, प्राध्यापक डॉ. एमएस नेगी, पशु चिकित्सक डॉ. संदीप तलवार, समाजसेवी अजय तिवारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रेम आर्या, अनिल जोशी व डॉ. विक्रम माहोड़ी ने दीप प्रज्ज्वलित कर रामलीला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक बेहड़ ने उत्तरांचल संगम के लिए चार लाख रुपये की घोषणा भी की। रामलीला में संतोषी माता स्तुति, रामवन गमन, केवट मिलन, सुमंत की अयोध्या वापसी, दशरथ मरण, भरत-कैकई संवाद, शत्रुघ्न द्वारा मंथरा को दंड देना, वन में राम-भरत मिलाप आदि दृश्यों का मार्मिक मंचन किया गया। यहां आनंद बिष्ट, ख्याली सिंह भंडारी, सुंदर सिंह भोज, दीपक नगरकोटी, ललित मोहन सनवाल, रंजीत बोरा, मुदित जोशी, दीपक पाठक, चंद्रमोहन पपनै, विनोद जोशी, अवधेश त्रिपाठी, नरेंद्र सिंह मेर, निखिल रोहिला, आदित्य भट्ट, जगदीश नेगी, सुरेश गंगवार, नीरज भट्ट, मनीष गोस्वामी, विमला तिवारी, महेंद्र शर्मा, जनार्दन सिंह, दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर में श्री रामलीला मंचन के दौरान श्रीराम-हनुमान का मिलन का दृश्य।

### राम-जटायु संवाद, श्रीराम व हनुमान मिलन का मंचन

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** रुद्रपुर की प्राचीन मुख्य रामलीला में सीता की खोज में राम का व्याकुल होना, राम-जटायु संवाद, प्रभु राम व उनके अनादि भक्त हनुमान का महामिलन, हनुमान का राम-लक्ष्मण को अपने कंधों पर बैठाकर ले जाने का शानदार मंचन हुआ। रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी कश्मीर सिंह विर्क एवं विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा व कोषाध्यक्ष संदीप राव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान बीना बेहड़, पूर्वा बेहड़, श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, अमित गंभीर, नरेश शर्मा, सुभाष खंडेलवाल, बिट्टू ग्रोवर, केवल विजय विरमानी, मनोज गाबा, अमित चावला, आशीष मिड्ढा मौजूद रहे।

### पर्वतीय रामलीला में पहुंचे सांसद अजय भट्ट

**काशीपुर :** देवभूमि पर्वतीय रामलीला मंचन में लंका दहन का मंचन किया गया। इस दौरान रामलीला में पहुंचे भाजपा सांसद अजय भट्ट ने कहा कि भगवान श्री राम का चरित्र मर्यादित आचरण का संदेश देता है। मंगलवार देर रात सांसद भट्ट का रामलीला मंचन में पहुंचने पर कमेटी के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। कमेटी के पदाधिकारी पुष्कर बिष्ट ने सांसद भट्ट के जीवन चरित्र से भी लोगों को अवगत कराया। रामलीला में राम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध, लंका दहन आदि का मंचन किया गया। इस दौरान मुक्ता सिंह, खिलेंद्र चौधरी, गुरविंदर सिंह चंडोक, कमेटी अध्यक्ष बीडी कंडवाल, राजेंद्र बिष्ट, मनोज पंत, जगत बिष्ट, मनोज रावत, योगेश जोशी आदि मौजूद रहे।

# प्रभु श्रीराम ने खाए शबरी के जूठे बेर

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** आदिवासी रामलीला कमेटी मदपुरी चक्कीमोड़ के तत्वावधान में श्रीआदर्श सरस्वती कला मंडल चंदौसी (यूपी) के कलाकारों ने शबरी के आश्रम का संजीव मंचन किया। इस दौरान लीला मंचन के बीच-बीच में हास्य कलाकार पप्पू व अन्य कलाकारों ने नृत्य की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

प्रभु श्री राम व लक्ष्मण वन में माता सीता को खोजते हुए शबरी के आश्रम में पहुंच जाते हैं वर्षों से भगवान श्री राम के आने की प्रतीक्षा कर रही शबरी ने जब प्रभु राम को अपने समीप पाया तो उसका खुशी का ठिकाना न रहा। इस दौरान प्रभु श्री राम ने शबरी के झूठे बेर भी खाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी अध्यक्ष मोहन सिंह पानू व संचालन राजेंद्र उपाध्याय व राकेश सिंह ने किया। इस मौके पर खटोला प्रधान मुकेश सिंह राणा, लाल सिंह नयाल, नंदराम सिंह, भगत सिंह धर्मशक्तू, कुंवर सिंह, प्रताप सिंह, बचन सिंह, चंदन सिंह नयाल, श्याम सिंह देऊपा, मक्खन राजपूत, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, मुकेश चौहान उर्फ कमांडो, गोविंद सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह मेहरा, चंद्रमणि देवराड़ी मौजूद रहे।

### दिनेशपुर में बाली का वध

**दिनेशपुर :** रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला मंचन में कलाकारों ने प्रभु श्री राम-सुग्रीव मिलाप का सुंदर मंचन किया। मंचन के प्रारंभ में गणेश वंदना के बाद प्रभु श्री राम की आरती की गई। तत्पश्चात दिल्ली की संस्कृतिक मंडली ने रंगारंग नृत्य कार्यक्रम पेश किया। निर्देशक अशोक चावला के निर्देशन में कलाकारों ने प्रभु श्री राम-सुग्रीव मिलाप का दृश्य देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार व प्रदेश सचिव लक्ष्मी राय एवं शिक्षा उत्थान समिति के सत्येंद्र सिंह मान, चौधरी विजय सिंह, वीरेश कुमार व वीरेंद्रपाल सिंह का कमेटी संरक्षक विशंभर लाल मिगलानी, पंजाबी महासभा अध्यक्ष केके गावा, तरुण कुमार सिंह, दीपक मक्कड़, अशोक अरोरा ने अतिथियों को पटका पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किए।



काशीपुर में पर्वतीय रामलीला में आयोजित लंका दहन का मंचन। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



कुंडेश्वरी में सीता हरण का मंचन करते कलाकार।

### कुंडेश्वरी की रामलीला में सीता हरण का मंचन

**काशीपुर :** कुंडेश्वरी में श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के आठवें दिन सीता हरण की लीला का मंचन किया गया। मंगलवार की रात को कुंडेश्वरी किसान इंटर कॉलेज स्थित रामलीला मंचन के दौरान साधू का वेश बनाकर भिक्षा लेने लंकापति रावण पंचवटी पहुंचा। जहां सीता राम के आने का इंतजार कर रही थी। रावण ने सीता का हरण किया। राम लीला कमेटी अध्यक्ष राकेश लखेड़ा, महक सिंह, गिरजेश खुल्वे, सन्तोष श्रीवास्तव, चौधरी विजेंदर सिंह,उमेश तिवारी,राम प्रसाद,चंद्रशेखर, चौधरी कन्हैया लाल,नईम सैफी, गजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



शांतिपुरी में रावण से युद्ध में लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े गिद्धराज जटायु।

### सीता को बचाने के लिए जटायु ने रावण से किया संघर्ष

**शांतिपुरी :** रामलीला मंच पर देर रात्रि मंगलवार को सीता हरण व जटायु वध का मंचन किया गया। जब रावण माता सीता का हरण कर लंका की ओर जाता है तो रास्ते में रावण का सामना जटायु से होता है। जिससे रावण को युद्ध करना पड़ता है। अखिर में रावण जटायु को लहुलुहान कर नीचे गिरा देता है। जिसे देख दर्शक भावविभोर हो जाते हैं।



खटीमा की रामलीला में चख चखकर श्रीराम को मीठे बेर खिलाती शबरी।

### खटीमा में शबरी की कुटिया पहुंचे राम लक्ष्मण

**खटीमा :** सनातन श्री रामलीला पात्र परिषद के तत्वावधान में रामलीला मैदान पर आयोजित मंचन में शबरी ने राम जी को जूठे बेर खिलाए। सीता की खोज में निकले दोनों भाइयों का हनुमान से मिलन होता है। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष राजेश गुप्ता, रविंद्र श्रीवास्तव, मनोज वाधवा, वरुण अग्रवाल, जतिन बत्रा, जतिन कक्कड़, रमेश सिंघल, गौरी शंकर अग्रवाल, डायरेक्टर विरेंद्र रावत आदि थे। माता सीता का पात्र महिला कलाकार अनामिका पाल निभा रही हैं।

### गुरुद्वारे में सरोवर की साफ सफाई की

**किच्छा :** धन -धन गुरु अमरदास मानवता सेवा सोसायटी की टीम द्वारा गुरुद्वारा साहिब में श्रमदान किया गया। युवाओं की टीम संस्था अध्यक्ष जितेंद्र सिंह संधू के नेतृत्व में नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब पहुंची। जहां युवाओं ने जोड़ा घर में लेंटर डालने में श्रमदान किया और गुरुद्वारा परिसर स्थित सरोवर की साफ सफाई की। संस्था अध्यक्ष जितेंद्र सिंह संधू ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह संस्था के बैनर तले युवाओं की टीम आसपास तथा दूर दराज के गुरुद्वारा परिसर में पहुंचकर श्रमदान करेगी और धर्म का प्रचार करेगी। इस मौके पर गुरदेव सिंह विर्क, प्रभजोत सिंह चीमा, रनजोध सिंह बाठ,रमनदीप सिंह, गज्जन सिंह, कुलदीप सिंह, बॉबी सिंह, गुरमेल सिंह विर्क, सुरजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, कमलदीप सिंह, दीपक सिंह, नवराज सिंह आदि मौजूद रहे।



गुरुद्वारे में सरोवर की साफ सफाई करते युवा।



बाजपुर के श्रीदशमेश स्कूल में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों के साथ प्रशिक्षिका उज्ज्वला कौर। ● अमृत विचार

# कंप्यूटर तकनीक की जानकारी दी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** रामराज रोड पर फौजी कॉलोनी क्षेत्र में स्थित श्रीदशमेश स्कूल के बच्चों को मशीन लर्निंग कार्यशाला के माध्यम से करियर की तैयारी एवं कंप्यूटर तकनीक के साथ ही एआई के बारे में जानकारी दी गई।

इस मौके पर प्रशिक्षक उज्ज्वल कौर ने कहा कि मौजूदा दौर में बढ़ रहे प्रतिस्पर्धा व एआई (आर्टिफिसल इंटेलीजेंस) को देखते हुए अब बच्चों को अभी से तैयार करना जरूरी है।

उन्होंने बताया कि श्रीदशमेश स्कूल में एक माह की मशीन लर्निंग कार्यशाला का आयोजन कक्षा 11 व 12 के बच्चों के लिए हुआ। इस कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले बच्चों ने भविष्य के कंपटीशन को लेकर तैयारी की। उज्ज्वल कौर ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन कोर्स के जरिए कोडिंग के बारे में सीखा और अब वह विद्यार्थियों को समान शैक्षिक संसाधन प्रदान करने और उन्हें केंद्रित करने के लिए कार्यशाला ले रही हैं।

श्रीदशमेश स्कूल के प्रधानाचार्य संदीप सलारिया ने कहा कि इस कार्यशाला का लाभ बच्चों को भविष्य में मिलेगा।

## उदयराज कॉलेज में हुआ विज्ञान महोत्सव

**काशीपुर :** उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में ब्लाक स्तरीय विज्ञान महोत्सव कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसका शुभारंभ खंड शिक्षाधिकारी धीरेन्द्र कुमार साहू व कार्यक्रम अध्यक्ष सी सिंह बाबा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में क्षेत्र के राजकीय व अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान नाटक व विज्ञान प्रदर्शनी में हिस्सा लेकर स्थिर और क्रियाकारी मॉडलों तथा चार्ट्स के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण को उजागर किया। वहीं विज्ञान नाटक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने समाज उपयोगी नाटकों की शानदार प्रस्तुति कर वाहवाही लूटी। इस दौरान प्रसाद अग्रवाल, प्रदीप, संजय अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अभिषेक गोयल, राजीव अग्रवाल, रोशन लाल वर्मा, महेश चंद्र आर्य मौजूद रहे।

# नव चेतना के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया



जिला स्तरीय क्रिकेट की विजेता, उप विजेता टीम के साथ आयोजक।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में नव चेतना पब्लिक स्कूल श्रीपुर बिछवा के अनुराग ने जूनियर स्तर की सौ मीटर फर्राटा रेस में द्वितीय स्थान हासिल किया है।

वहीं विद्यालय की क्रिकेट टीम उपविजेता रही। इसके छह खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है। इसमें प्रतीक कापड़ी, मिमांश चंद, प्रियांशु रौतेला, अनुराग, सुमित भट्ट और शिव चंद शामिल हैं। विद्यालय की लोकनृत्य की टीम ने जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम के विद्यालय में पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य सुमन कापड़ी ने सभी विजयी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

**आस्था** | पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ नगर में श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली, बाद में कलशों को मंदिर प्रांगण में स्थापित किया

# दिनेशपुर में षष्ठाधि कल्पारंभ पूजा के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव शुरू

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** षष्ठाधि कल्पारंभ पूजा व मंगल घट की स्थापना के साथ नवरात्रि पर होने वाली छह दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव का आगाज हो गया। इससे पूर्व प्रातः पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ नगर में श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। बाद में कलशों को मंदिर प्रांगण में स्थापित किया। गुरुवार को सप्तमी पूजन के साथ देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूजा का विधिवत शुभारंभ होगा। बुधवार को दुर्गा मंदिर प्रांगण में दुर्गा पूजा महोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित पूजा महोत्सव के मुख्य पुरोहित असीत चक्रवर्ती ने प्रातः मंगल ध्वनि के बीच मंदिर के दक्षिण पूर्व कोण में स्थित बेल वृक्ष के नीचे मंगल घट की स्थापना के बाद षष्ठाधि कल्पारंभ पूजा संपन्न की। शाम को आमंत्रण अधिवास के बाद नव पत्रिका की पूजा की गई, सायं काल शक्ति की देवी को पृथ्वी पर आने का आह्वान किया गया। इस मौके पर पूजा कमेटी अध्यक्ष इंद्रजीत मंडल, शिप्रा मंडल, श्रुति राय, सीमा सरकार, सौरभ मंडल, सुखदेव हालदार विष्णु गाईन, सुकुमार सरकार, नारायण मंडल, दीपक चक्रवर्ती, दीपांकर राय, समाजसेवी सत्यप्रकाश सिंह, लक्ष्मी राय, सुनीता मिस्त्री, ललिता सरकार, शिखा ढाली मौजूद रहे।



दिनेशपुर में मां दुर्गा का षष्ठाधि कल्पारंभ षष्ठी विहत पूजन करते श्रद्धालु।



दीप जलाकर दुर्गा पूजा का शुभारंभ करते लोग।

### आवास विकास में दुर्गा पूजा का हुआ आयोजन

**काशीपुर :** आवास विकास कॉलोनी में स्थित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में बीती देर शाम से मां दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया। मंगलवार शाम पंडित सुखेंदु गोस्वामी द्वारा मंत्रोच्चार के साथ दुर्गा पूजा का विधिवत शुभारंभ किया गया। मंच का संचालन दुर्गा पूजा कमेटी के प्रवक्ता संजय राय ने किया। इसके बाद आरती का शुभारंभ बिपाशा राय ने किया। इस दौरान पूजा स्थल पर अरुण सान्याल, संजीव राय, संदीप बनर्जी, अशोक सिंह, संजय राय, सुष्मिता सान्याल, नीता बोस, तृप्ति राय, बिपाशा राय, रबी घोष, करुणा दास, अपर्णा दास आदि मौजूद रहे।

# सार्वजनिक श्रीदुर्गा पूजा महोत्सव शुरू

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** बुधवार को न्यू पूर्वांचल महासभा के तत्वावधान में कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में मां दुर्गा की विशालकाय प्रतिमा की स्थापना के साथ पांच दिवसीय सार्वजनिक श्रीदुर्गा पूजा महोत्सव की शुरुआत हो गई है। अब अगले पांच दिनों तक क्षेत्र में माता की भक्ति की बयार बहेगी।

13 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन होगा। संस्था के सचिव शीतला प्रसाद मिश्रा ने बताया कि 10 अक्टूबर (गुरुवार) को प्रातः आठ बजे चीनी मिल शिव मंदिर से भव्य मंगल कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। रोजाना सायं पांच बजे तक मनोकामना दीपक प्रज्ज्वलित एवं सायं सात बजे महाआरती होगी।

रात 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत होंगे। 11 व 12 अक्टूबर की प्रातः सात बजे से दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा। दोपहर में हवन करवाया जाएगा। 13 अक्टूबर को गोबरा घाट में मूर्ति विसर्जन होगा। इस मौके पर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पांडेय, उपाध्यक्ष सूरज प्रकाश गुप्ता, सचिव शीतला प्रसाद मिश्रा, कोषाध्यक्ष चंद्रबली गुप्ता, राजाराम तिवारी, राधेश्याम गुप्ता, रामवृक्ष महतो, दिग्विजय सिंह, बब्बन सिंह, अंगद यादव, राजेंद्र आचार्य, दीपक श्रीवास्तव, एसएन सिंह, गोपाल श्रीवास्तव, हेमंत कुमार पांडेय, अजय शुक्ला, विवेक पांडेय, लल्लन यादव आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर में जीत का जश्न मनाने के दौरान भाजपा कार्यकर्ता व विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार



खटीमा में एक दूसरे को जलेबी खिलाकर खुशी का इजहार करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# हरियाणा में तीसरी बार जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

## जलेबी वितरण के साथ की आतिशबाजी, बादशाहपुर विधानसभा प्रभारी व विधायक शिव अरोरा का किया फूलमाला पहनाकर स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** हरियाणा चुनाव में भाजपा की तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के संग जलेबी वितरण व आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान प्रभारी बादशाहपुर विधानसभा व विधायक अरोरा कार्यकर्ताओं के साथ ढोल नगाड़ों में झूमते हुए नजर आए। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।

बुधवार को कार्यक्रम के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीति को हरियाणा की जनता ने मुहर लगायी है। इसी कारण लगातार तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनी है।

इस अवसर पर दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, जिला महामंत्री अमित नारंग, सुरेश कोली, तरुण दत्ता, प्रीत ग्रोवर, राजेश जग्गा, शालनी बोरा, रश्मि रस्तोगी, वेद ठुकराल, रामप्रकाश गुप्ता, नेत्रपाल मौर्य, स्वाति शर्मा, किरन विर्क, माहि सकलानी, ममता त्रिपाठी, अनीता ब्रेठा, जगदीश विश्वास, जगदीश तनेजा, रमेश कालरा, बिट्टू मिश्रा, प्रमोद शर्मा, प्रमोद मित्तल, राधेश शर्मा, नरेश उप्रेती, राजेश कामरा, राजीव कामरा, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, राकेश सिंह, योगेश वर्मा आदि मौजूद रहे।



हरियाणा की जीत पर नगला में मिष्ठान वितरण करते भाजपाई व व्यापारी। ● अमृत विचार

### नगला में हरियाणा में भाजपा की जीत पर व्यापारियों ने किया मिष्ठान वितरण

**शांतिपुरी :** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की जीत की हैट्रिक लगाने की खुशी में नगला चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय व्यापारियों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। मिष्ठान वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा युवा नेता सुरेश जोशी ने कहा कि हरियाणा में भाजपा को लगातार मिली यह बंपर जीत कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा। मिष्ठान वितरण करने वालों में अशोक कुमार, प्रकाश पुजारी, हरीश जोशी, पूरन सिंह परिहार, सिद्धार्थ जोशी, ध्रुव जोशी, बंटी शाह, राघवेंद्र, रवि शाह, कालीचरण, तिलक, कैलाश जोशी, रिंकू, राहुल, सुंदर शर्मा, अनिल कुमार व बीडी पुजारी आदि मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी, एक दूसरे को जलेबी खिलाई

**खटीमा :** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीसरी बार जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौक पर आतिशबाजी की और एक दूसरे को जलेबी खिलाकर बधाइयां दी। नगर मंडल खटीमा द्वारा हरियाणा चुनाव में चुनाव प्रचार के लिए खटीमा से चुनाव प्रचार में गई भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनी पोखरिया, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा विमला मुंडेला, विनीता सक्सेना, मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट का माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष जीवन धामी, मनोज वाधवा, रमेश जोशी, कामिल खान, भवानी भंडारी, अमित पांडे, सतीश गोयल, दिनेश अग्रवाल, शशांक बिष्ट आदि मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने हरियाणा जीत को ऐतिहासिक बताया।

## सार-संक्षेप



राजकीय इंटर कॉलेज मे प्रधानाचार्य से मुलाकात करते समाजसेवी राजीव सैनी।

### पानी की टंकी के लिए राइंका में उपलब्ध हुई जगह

**सुल्तानपुर पट्टी :** मोहल्ला टांडा बंजारा में पानी की सिर्फ एक टंकी होने से लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ता है। समाजसेवी राजीव सैनी ने नई टंकी के लिए पेयजल विभाग को एसएन शर्मा राजकीय इंटर कॉलेज में जगह होने की बात कही। इसको लेकर पेयजल विभाग ने शिक्षा विभाग को लिखित पत्र के माध्यम से स्कूल में पानी की टंकी के लिए 900 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध करने की मांग की। बुधवार को एसएन शर्मा राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने समाजसेवी राजीव सैनी से मुलाकात कर बताया कि शिक्षा विभाग ने पेयजल विभाग को पानी की टंकी के लिए भूमि देने के लिए अनुमति दे दी है। इसको लेकर समाजसेवी राजीव सैनी ने शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त किया है। कहा कि अब जल्द ही पानी की नई टंकी लगने से नगरवासियों को राहत मिलेगी।




किच्छा में विज्ञान महोत्सव का उद्घाटन करते अतिथि। ● अमृत विचार

### विज्ञान महोत्सव में 270 प्रतिभागियों ने प्रस्तुत किए मॉडल

**किच्छा :** नगर स्थित श्री कृष्ण मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। विज्ञान महोत्सव कार्यक्रम में सीनियर एवं जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने अलग-अलग विषयों पर अपने मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यालय परिसर में आयोजित विज्ञान महोत्सव का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि शिवम सिंघल एवं विशिष्ट अतिथि प्रकाश गोयल, जतिन सिंघल तथा खंड शिक्षा अधिकारी सावेज आलम ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं महोत्सव संयोजक मुकेश कुमार अग्रवाल ने शिक्षकों से विद्यार्थियों को नए-नए प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। ब्लॉक समन्वयक विनीता जगदीश चौधरी ने विज्ञान महोत्सव के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। ब्लॉक स्तरीय विज्ञान महोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में करीब 270 प्रतिभागियों के अलावा करीब 80 शिक्षक शिक्षिकाओं ने शिरकत की। मौके पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. सुनीता यादव, फ़ैज़ अहमद खान, प्रेमचंद, भारत सिंह, ओपी वर्मा, राजीव सिंह, अंकित पांडे, सुभाष चंद्र मिश्र, तनुज शर्मा, प्रदीप जोशी, गजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# दीपावली के बाद शुरू होगी हिटो हिट सेवा

संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ ऑनलाइन एप के जरिये घर बैठे कर सकेंगे ऑटो व टैक्सी बुक

**अमृत विचार:** शहरवासियों को दीपावली के बाद हिटो हिट सेवा का लाभ मिलेगा। इसके जरिये लोग घर बैठे ऑटो और टैक्सी ऑनलाइन बुक कर सकेंगे। नैनीताल रोड स्थित एक होटल में बुधवार को हिटो हिटो ऐप लॉन्च किया गया।

ऐप निर्माता और संचालक दीप पांडे ने बताया कि वर्तमान में पायलट फेज के तहत हल्द्वानी से एप की शुरुआत की जायेगा, जिसे भविष्य में पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। शुरुआती चरण में परिवहन विभाग से ऐप के लिए 200 तिपहिया और 500 चारपहिया वाहन संचालन करने का लाइसेंस मिला है। इसमें ऑटो और टैक्सी के साथ ही एंबुलेंस को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पायलट फेज के तहत लोगों की प्रतिक्रिया देखी जाएगी। जिसके बाद इसका विस्तार किया जाएगा। दीप ने बताया कि 2.5 साल के संघर्ष के बाद उन्हें सफलता मिली है। परिवहन विभाग और शासन से समस्त प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही स्वीकृति मिल पाई।



हिटो हिट ऐप की लॉचिंग करते पदाधिकारी।

### प्रति किलोमीटर 19 रुपये लगेगा किराया

ऐप के जरिये सफर करने से लोगों को पहले एक किलोमीटर का 60 रुपये और उसके बाद प्रति किलोमीटर 19 रुपये के हिसाब से किराया देना होगा। शुरुआत में इसका लाभ केवल हल्द्वानी के लोग उठा सकेंगे। ऐप के तहत चलने वाले वाहनों में इनबिल्ट जीपीएस होगा। जीपीएस से आसानी से वाहन की लोकेशन मिल जाएगी।

## भाविप के दीपावली मेले की तैयारियां पूर्ण

**खटीमा:** भारत विकास परिषद की देखरेख में आयोजित तीन दिवसीय दीपावली मेला 16, 17 व 18 अक्टूबर को संपन्न होगा। तराई बीज विकास निगम के ग्राउंड में आयोजित दीपावली मेले की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। दिव्यांग सहायतार्थ के लिए आयोजित तीन दिवसीय दीपावली मेले में सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

भारत विकास परिषद अध्यक्ष सुनील रैदानी, सचिव नीरज रस्तोगी, कोषाध्यक्ष अमरनाथ गोयल, महिला संयोजिका सोनिया सुनेजा, मेला चेयरमैन हरप्रीत सिंह महल ने बताया कि तीन दिवसीय दीपावली मेले से होने वाली आय से दिव्यांग जनों की सहायता की जाएगी। इसके लिए 19 अक्टूबर को बंपर लकी ड्रा होगा। भारत विकास परिषद के पदाधिकारी ने बताया कि मेले में स्वादिष्ट एवं लजीज व्यंजन, जादूगर, हवाई झूले, भव्य आतिशबाजी आदि माध्यमों से विद्यार्थियों का मनोरंजन किया जाएगा। स्टॉल प्रभारी विवेक अग्रवाल व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी विशाल गोयल को दायित्व धारी नामित किया गया है।

# मेस प्रबंधक को सहकर्मी संग रंगरेलियां मनाते दबोचा

संवाददाता, पंतनगर

**कार्रवाई**

▸▸ सुरक्षा कर्मी को आपत्तिजनक हालत में मिले दोनों

▸▸ छात्रावास प्रबंधक एवं वार्डन को दी जानकारी

**अमृत विचार :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के छात्रावास की मेस में बुधवार की रात सुरक्षाकर्मी ने प्रबंधक को महिला सहकर्मी के साथ आपत्तिजनक हालत में दबोच लिया।

विवि परिसर के महिला छात्रावास (मंदाकिनी भवन) में बुधवार की शाम करीब छह बजे जिस समय शाम की चाय और नाश्ता परोसा जा रहा था। इसी दौरान ड्यूटी पर मौजूद महिला सुरक्षा कर्मी किसी काम से मेस में पहुंची, जहां उसने एक बंद कमरे को खोला। इस दौरान उसने मेस के प्रबंधक को महिला सुपरवाइजर को आपत्तिजनक हालत में देखा। महिला सुरक्षा कर्मी ने मामले की सूचना छात्रावास प्रबंधक, सहायक एवं वार्डन को दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे एडीएसडब्ल्यू डॉ. राजीव रंजन, डॉ. श्वेता राय व एएसओ रविंद्र मिश्रा ने मीडिया कर्मियों को छात्रावास में घुसने से रोक दिया। वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने बताया कि छात्रावास में यह रंगरेलियां पिछले कई दिनों से चल रही थीं।

### अनजान बन रहे डीएसडब्ल्यू, खबर कवरेज से रोका

**पंतनगर।** मामले में डीएसडब्ल्यू को फोन करने पर उन्होंने पहले तो मामले से अनभिज्ञता जताई। फिर बोले कि वह छात्रावास जा रहे हैं, फिलहाल आरोपी को तत्काल प्रभाव से काम से हटा दिया गया। आप लोगों से निवेदन है कि मामले को ज्यादा तूल न देकर इसको यहीं खत्म कर दें। जो भी मामला है, आप लोगों को 10 मिनट में बताता हूं, परंतु डेढ़ घंटे तक उनका फोन नहीं आया और फोन करने पर उनका फोन भी नहीं उठा।

इसकी शिकायत कई छात्राओं ने उनसे और अन्य अधिकारियों से भी की थी। इसके अलावा छात्रावास की मेस में कई बार अराजक तत्वों का भी आना-जाना लगा रहता है।

## वर्ग पहेली-217

**बाएं से दाएं**

4. ढोलक बजाने वाला व्यक्ति, ढोलची, ढोलवादक।

8. एक रोग जिसमें पैर फूलकर हाथी के पैर की तरह हो जाता है, फीलपा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. हींग 2. लाख 3. त्वचा पर का जन्मजात चिह्न।

2. 1. आकस्मिक, कभी-कभार होने वाला 2. अवसरपरक

3. 1. मंदिर में किसी देवी-देवता की मूर्ति का श्रृंगार करने वाला व्यक्ति 2. पुजारी।

5. 1. आमोद-प्रमोद 2. ख़ुशी का भाव, उल्लास।

6. 1. पूजने की क्रिया 2. देवी

7. 1. थोड़े समय के लिए कोई वस्तु दिखने की अवस्था या भाव 2. झलक 3. झांई 4. आंख के कोने से देखना, कनखी।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | 4 | | 5 | | ■ |
| 6 | ■ | ■ | | ■ | 7 |
| | ■ | 8 | | | |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली -216 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 हु | 2 मा | यूँ | ■ | ■ | 3 शि |
| ■ | यू | ■ | 4 जी | ■ | ली |
| ■ | 5 स | रा | व | गी | ■ |
| ■ | ■ | ■ | लो | ■ | ■ |
| ■ | 6 घ | 7 म | क | ना | ■ |
| ■ | ■ | सू | ■ | ■ | 8 थो |
| 9 ओ | गा | र | ना | ■ | ड़ा |

## सुडोकू -130

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 2 |
| 6 | | 1 | | | | | 8 | |
| | | | 5 | | | 3 | | |
| | | 8 | | | 3 | | | |
| | 5 | 4 | | | | | | |
| | | | | | | 7 | | 9 |
| | | 5 | | | 9 | | | |
| | 3 | | 8 | | | 4 | | 6 |
| 2 | | | 7 | | | | 1 | |

### सुडोकू - 129 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 6 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 1 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 5 | 8 | 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.31 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शरद।

चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 11 अक्टूबर 05.41 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** – आज कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा।

**वृष** – आज ऑफिस में अधीनस्थ कर्मचारियों पर नाराज हो सकते हैं। दूसरों के भले की सोचेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

**मिथुन** – आज भोग-विलास का भरपूर आनंद उठाएंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें।

**कर्क** – आज चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है। हितशत्रुओं से सावधान रहें।

**सिंह** – आज लोग आपकी बातों को काफी गंभीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी शानदार रहेगा। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम के साथ मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

**कन्या** – आज व्यर्थ में अपने शुभचिंतकों पर संदेह न करें। ज्यादा भागदौड़ करने से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर दिक्कतें उत्पन्न हो सकती हैं। नई योजनाओं में सफलता देर से मिलेगी। मानसिक स्थिति नकारात्मक हो सकती है।

**तुला** – आज कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। उच्च अधिकारियों के साथ आपके संबंध काफी अच्छे रहेंगे। जीवनसाथी को दिया हुआ वादा आप पूरा कर सकते हैं। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक** – आज आपके विनम्र व्यवहार से लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे छात्रों को जॉब मिल सकती है। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं।

**धनु** – आज किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित होंगे। आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है।

**मकर** – आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। यदि किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं, तो इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है। नजदीकी लोगों के साथ आपके रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको पदोन्नति दी जा सकती है। नई संपत्ति खरीदने के लिए बहुत शुभ समय है। संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

**मीन** – आज परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहूमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। कच्चे माल के व्यापार में बेहतरीन धन लाभ हो सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- प्यार के काबिल – सुबह : 10.13
- आओ प्यार करें – रात : 09.00

**&pictures**
- जब हैरी मेट सेजल – सुबह : 10.44
- सूर्यवंशी – रात : 07.30

**Sony Pix**
- गॉडजिला – दोपहर : 12.38
- ऐनाकोंडास – रात : 09.00

**Zee Cinema**
- चेन्नई वर्सेस चाइना – सुबह : 10.12
- पुलिस पावर – शाम : 05.01

**Zee Action**
- अखंडा – सुबह : 10.50
- गौली – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात :07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बूढ़ा बस की सीट पर अकेला बैठा था तभी उसके साथ एक बुढ़िया आकर बैठ गई।
बुढ़िया बोली अंकल जी आप कहां जा रहे हो?
बूढ़ा कुछ नहीं बोला और चुप बैठा रहा ...
बुढ़िया फिर बोली अंकल जी कहां जा रहे हो?
अब बूढ़े से चुप नहीं रहा गया और वह बोला, बेटी तुम बहुत सुंदर और जवान हो तेरे लिए लड़का देखने जा रहा हूं।

पति- आज खाना सासु मां ने बनाया है क्या ?
पत्नी- वाह कैसे पहचाना!
पति- जब तुम बनाती थी तो काले बाल निकलते थे, आज सफ़ेद निकला है।

## सार-संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने जलेबियां बांटकर मनाया जश्न

**रानीखेत :** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की जीत की खुशी में विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक में एक-दूसरे को बधाई दी और जलेबियां खिलाईं। कार्यकर्ताओं ने जीत को मोदी की विकास नीति की जीत बताया। यहां विमल भट्ट, हेमंत मेहरा, मोहन नेगी, दीप भगत, उमेश पंत, रामेश्वर गोयल, दर्शन महरा, रोहित शर्मा, दर्शन बिष्ट, रमेश जोशी, खजान पांडे ललित कैलब, शंकर बुधोड़ी, हर्षवर्धन पंत, भारती भगत, ललित भार्गव, खजान जोशी, अश्विनी भगत, जगदीश अग्रवाल, दान सिंह, तनुजा साह, लता पांडे, ध्यान सिंह, दिनेश घुघतियाल, पुष्पा तिवाड़ी, मंजीत भगत आदि मौजूद रहे।



रानीखेत में एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजक।

### 25वीं ब्लॉक स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू

**रानीखेत :** 25वीं ब्लॉक स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ मिनी स्टेडियम राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालय ताडीखेत में मुख्य अतिथि संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद रानीखेत ने किया। उन्होंने एथलेटिक्स परेड की सलामी ली। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. एसएन श्रीवास्तव ने एथलेटिक्स को सर्वोपरि बताते हुए उसके लाभ बताए। पहले दिन ताड़ीखेत ब्लॉक के 25 विद्यालयों के कुल 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अंडर बालक-बालिका वर्ग में दौड़, कूद और क्षेपण के कुल 73 इवेंट्स कराए जा रहे हैं। आज सीनियर वर्ग बालक 800 मीटर दौड़ में गौरव सिंह बिष्ट राजकीय इंटर कॉलेज सिलोर महादेव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1500 मी. सीनियर बालक वर्ग में प्रदीप सिंह बिष्ट व सीनियर वर्ग बालक लंबी कूद में मनोज करगेती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 800 मी सीनियर बालिका वर्ग में गीतांजलि मेहरा व जूनियर वर्ग बालक में यशपाल कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मी जूनियर वर्ग बालक में यश पांडे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 3000 मी जूनियर वर्ग बालिका में दीक्षा नेगी प्रथम रहीं। सब जूनियर बालिका वर्ग ऊंची कूद में हर्षिता प्रथम रहीं।


अल्मोड़ा नंदादेवी दुर्गा पंडाल में भजन- कीर्तन करतीं महिलाएं।

### अल्मोड़ा दुर्गा महोत्सव में उमड़ रहे हैं श्रद्धालु

**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा में शारदीय नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा-अर्चना की। देवी मंदिरों समेत दुर्गा पांडालों में भजन कीर्तन किए। सुख शांति की मन्नत मांगी। नवरात्र में नगर में बने दुर्गा पांडालों में सुबह से देर रात तक माता के भजनों से माहौल भक्तिमय हुआ है। जगह-जगह कीर्तन भजनों की धूम मची हुई है। नगर के चौघानपाटा, लक्ष्मेश्वर, नंदादेवी, ढुंगाधारा, गंगोला मोहल्ला, न्यू इंद्रा कॉलोनी, पालालदेवी, राजपूरा, धारौनाला, ऑफिसर कॉलोनी के दुर्गा पंडालों में देर शाम तक महिलाएं माता के भजन-कीर्तन कर रही हैं। वहीं आचार्य यजमानों को धार्मिक अनुष्ठान कर पूजा अर्चना कर रहे है। इधर, ढुंगाधारा में दुर्गा पंडाल में देर शाम माता की चौकी का आयोजन हुआ।

### एसएसजे विवि ने परीक्षा में 33 छात्रों को अनुचित साधनों का प्रयोग करते पकड़ा था

# नकल संबंधी मामलों का किया निपटारा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** एसएसजे विवि ने नकल संबंधी मामलों निस्तारण कर दिया है। विवि ने सम सेमेस्टरों में नकल करते पकड़े गए 32 छात्रों को संबंधित प्रश्न पत्र में अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। जबकि दूसरे छात्र को बिठाने पर एक की डिग्री भी निरस्त की गई है।

विवि प्रशासन ने पिछले सत्र के सम सेमेस्टर परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रकरणों का निस्तारण कर दिया गया है। विवि ने 33 छात्र-छात्राओं पर परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कार्रवाई की है। इसके अलावा विवि ने संबंधित छात्रों का परीक्षाफल भी जारी कर दिया है। अब यह छात्र अगले सत्र में संबंधित प्रश्न पत्र की बैक परीक्षा देंगे। बैक परीक्षा पास करने के बाद ही उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। ऐसे में इन छात्रों का एक साल बर्बाद हो जाएगा। वहीं, विवि में एक मामला ऐसा भी आया था जिसमें संबंधित छात्र की जगह कोई दूसरा छात्र ही परीक्षा देने के लिए पहुंचा था। ऐसा करते हुए निरीक्षण की टीम ने संबंधित छात्र को पकड़ा था। इस पर विवि की ओर से सख्त कार्रवाई की गई है। छात्र को अनुत्तीर्ण घोषित कर आगामी सेमेस्टरों के प्रवेश निरस्त कर दिया गया है। संबंधित छात्र की डिग्री निरस्त कर दी गई है।

**फैसला**

- **सभी छात्रों की जांच कर विवि ने संबंधित प्रश्न पत्र में किया अनुत्तीर्ण**
- **छात्र की जगह दूसरे को बिठाने पर विवि ने डिग्री की निरस्त**

> शैक्षिक सत्र 2023-24 में सम सेमेस्टर की परीक्षाओं में अनुचित साधन प्रयोग प्रकरण से संबंधित मामलों का निस्तारण कर दिया गया है। इसमें कुल 33 पर कार्रवाई की गई है। जबकि एक छात्र की डिग्री को निरस्त किया गया है। -**डॉ. नंदन सिंह बिष्ट**, परीक्षा नियंत्रक एसएसजे विवि अल्मोड़ा।

# नवरात्र पर फलों के दामों में आया उछाल

संवाददाता, अल्मोड़ा

- **सेब, केले समेत अन्य फलों के दामों में 20 फीसदी तक बढ़ोत्तरी**

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र के बीच अल्मोड़ा में फलों के दामों में इजाफा हो गया है।

सेब 120 रुपये किलो तो अनार 150 से 200 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। केले की कीमतों में भी इजाफा हुआ है। सेब, संतरा, केले जैसे फलों की थोक कीमतों में 15 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। जिसके चलते इन फलों के बाजार भाव में भी बढ़त दर्ज की गई है। सप्ताह भर पहले तक 50 रुपये दर्जन बिकने वाला केला आज 60 रुपए पहुंच गया है। इसी तरह सब्जियों के दाम भी मध्यम वर्गीय परिवारों के घर का बजट बिगाड़ रहे हैं। फल और सब्जी के थोक विक्रेता ललित सिंह ने बताया कि नवरात्र में फलों के दामों में हर साल बढ़ोतरी होती है। मंडियों से ही अधिक कीमत में फल यहां पहुंच रहे हैं।

# मैं तो छोड़ आई लंका का राज लखन लाल तेरे लिए...

### अल्मोड़ा में जगह-जगह रामलीला मंचन की धूम, छठे दिन सूर्पणखा नासिका छेदन के प्रसंग का किया गया शानदार मंचन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सांस्कृतिक नगरी में विभिन्न स्थानों पर रामलीला मंचन की धूम मची है। रामलीला के छठे दिवस मंगलवार को सूर्पणखा की नाक काटने के प्रसंग का मंचन हुआ। इस दौरान देर रात तक रामलीला का मंचन देखने बड़ी संख्या में लोग डटे रहे।

नगर के श्री लक्ष्मी भंडार हुक्का क्लब, राजपुरा, खत्याड़ी, सरकार की आली, नंदा देवी, कर्नाटक खोला, धारानौला, एनटीडी में रामलीला मंचन की धूम मची है। हुक्का क्लब समेत अन्य स्थानों पर रामलीला में सूर्पणखा नासिका छेदन, त्रिसरा वध, खर-दूषण वध, सीता हरण आदि प्रसंगों का मंचन किया गया। सूर्पणखा कहती है मैं तो छोड़ आई लंका का सारा राजकाज लखन लाल तेरे लिए..., इस पर लक्ष्मण सूर्पणखा की नाक काट देते है। यहां मुख्य अतिथि डीसीबी बैंक के निर्वतमान अध्यक्ष ललित लटवाल, डॉ. संतोष बिष्ट, विनीत बिष्ट, गोपाल तिवारी, डॉ. लक्ष्मण सुथार, कर्नल आदित्य मिश्रा, कमल साह, मंकज वर्मा, भूमिका गिरी गोस्वामी, धरणीधर पांडे, मनोज साह, विनीत बिष्ट, हरेंद्र वर्मा, चंद्रशेखर कांडपाल, नारायण बिष्ट, रोहित साह, भारत गोस्वामी, अभय उप्रेती, ललित मोहन साह, सुबोध नयाल, अर्जुन नयाल, राजेश साह, मनिकरण गुप्ता, विजय चौहान, विनोद थापा, ललित प्रकाश, पूजा थापा, कंचन बिष्ट आदि रहे।


अल्मोड़ा में रामलीला मंचन का एक दृश्य। ● अमृत विचार

### खर-दूषण वध और सीता हरण का मंचन

**बनबसा, अमृत विचार :** श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन के छठे दिवस मुख्य अतिथि नवीन बोहरा, राम सिंह जेठी, जीवन सिंह नेगी, ग्राम प्रधान बमनपुरी भावना नेगी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उषा गुरुग, पूर्व प्रधान गंगा गुरुग, हर्ष चंद समशेर चंद, जोगेंद्र चंद, राज कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। छठे दिवस रामलीला मंचन में लक्ष्मण द्वारा सूर्पनखा की नाक काटना, खर-दूषण व तृसरा का वध, रावण-मारीच संवाद, सीता हरण, जटायु मरण तक की लीला का मंचन हुआ। रावण के पात्र की भूमिका जसवंत बसेड़ा, सूर्पणखा विनय कुमार, खर-दूषण व तृसरा क्रमशः कमलेश भट्ट, प्रेम ज्याल, दीपक सक्सेना, मारीच की भूमिका प्रकाश गोस्वामी ने निभाई। उधर मां पूर्णागिरी उत्थान समिति गुदमी के तत्वावधान में रामलीला मंचन के छठे दिवस सूर्पणखा नासिका छेदन, खर-दूषण, तृसरा वध, सीता हरण की लीला का मंचन हुआ।

### बसभीड़ा में रामलीला मंचन के लिए भूमिपूजन

**बैरती ( अल्मोड़ा) :** क्षेत्र के बसभीडा. में भी 14 अक्टूबर से होने जा रही रामलीला के लिए आज भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य यजमान अध्यक्ष रामलीला कमेटी जगत सिंह किरौला सपत्निक को धर्माचार्य पं भगवत जोशी ने पूजा संपन्न करा कर रामलीला मंच का भूमि पूजन किया। पूजा, आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। इसके साथ ही यहां रामलीला मंच तैयार करने आदि व्यवस्थाओं में कमेटी पदाधिकारी व सदस्य जुट गए हैं। भूमि पूजन कार्यक्रम में चंद्र लाल वर्मा, किरन कुमार पांडेय, नारायण दत्त तिवारी, मोहन सिंह किरौला, बालादत्त तिवारी, गजेंद्र सिंह किरौला, पवन तिवारी, हेमंत वर्मा, तारा तिवारी, पवन पांडेय, धीरज तिवारी, दिवाकर चौधरी, हरीश चन्द्र पांडेय, दीनदयाल वर्मा, हीरा नेगी, कैलाश रौतेला, संतोष चौधरी, मनीष कंडारी, पूरन बौरा, हरीश लाल वर्मा, नीरज व पवन किरौला रहे।


बसभीड़ा में रामलीला मंच के भूमि पूजन के दौरान मौजूद कमेटी पदाधिकारी व सदस्य।


टनकपुर गांधी मैदान में खर-दूषण के दरबार में विलाप करती सूर्पणखा।

### टनकपुर में रामलीला देखने उमड़ रहे दर्शक

**टनकपुर, अमृत विचार :** टनकपुर के गांधी मैदान और ज्ञानखेड़ा के पंचायत भवन में बड़ी संख्या में लोग रामलीला देखने पहुंच रहे हैं। ज्ञानखेड़ा व टनकपुर गांधी मैदान में बीती रात्रि रामलीला में सूर्पणखा नासिका छेदन तथा खर-दूषण वध का मंचन किया गया। यहां अम्बा दत पंत, मुकेश जोशी, नारायण दत्त चिलकोटी, दिनेश जोशी, नरेंद्र घटाल, चंद्रशेखर गहतोड़ी, दिनेश भट्ट, श्याम सिंह बिष्ट, तपन गडकोटी रहे। टनकपुर गांधी मैदान में नवयुवक रामलीला कमेटी अध्यक्ष संजय पांडे, सचिव मयंक पंत, संस्थापक नीरज सिंह, संस्थापक विशाल कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमित परवेज, संजय अग्रवाल मौजूद रहे।

# बालिकाओं के विकास को गंभीरता से करें कार्य

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि समय समय पर संबंधित विभाग बालिकाओं के विकास के लिए कार्य करें। जिलाधिकारी ने यह निर्देश बेटी-बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना की जनपद स्तरीय कार्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।

उन्होंने शिक्षा विभाग के माध्यम से बालिकाओं को तीन माह का इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स कराने, आकांक्षी विकास खण्ड कपकोट अन्तर्गत बालिकाओं हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने, दूरस्थ क्षेत्रों की बालिकाओं हेतु शैक्षिक भ्रमण कराने, बालिकाओं के एनीमिया जांच करने, पीसीपीएनडीटी पर कार्यशाला करने, बालिकाओं की खेल स्पर्द्धाओं में भागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए। डीएम ने नशा मुक्ति अभियान चलाने, बालिकाओं की साइकिल रैली कराने, विद्यालयों में नन्दा गौरा योजना की जानकारी के लिए फ्लैक्सी बोर्ड लगाने को कहा। बैठकमें सीडीओ आरसी तिवारी, सीईओ जीएस सौन, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुपमा ह्यांकी, डॉ. मंजूलता यादव, कमलेश्वरी मेहता, डीसी सती, डीडीओ जीबी जोशी, आशा भट्ट, रेनू नगरकोटी व सोनू आर्या आदि रहे।



बागेश्वर में बैठक लेते जिलाधिकारी आशीष भटगांई। ● अमृत विचार


टनकपुर तहसील में बैठक लेते डीएम नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

### शारदा कॉरिडोर के बारे में डीएम ने दी जानकारी

**टनकपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी परियोजना अंतर्गत जिले के टनकपुर में शारदा कॉरिडोर (शारदा रिवर फ्रंट डेवलपमेंट) बनाया जा रहा है। इस संबंध में बुधवार को तहसील सभागार, टनकपुर में जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने बताया कि टनकपुर क्षेत्र में शारदा कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शारदा कॉरिडोर में टनकपुर के आसपास के क्षेत्र पूर्णागिरि मंदिर, शारदा रिवर फ्रंट, बूम क्षेत्र, चूका, रंकोची, रीठा साहिब शामिल हैं। कॉरिडोर के निर्माण एवं विकास कार्य, प्लांट डेवलपमेंट के लिए पूर्व की तैयारी व सुझाव के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना के अंतर्गत शारदा घाट के सौंदर्यीकरण, पार्किंग स्थल निर्माण, पाथ वे, सड़क निर्माण, ड्रेनेज व्यवस्था आदि सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। बैठक में उत्तराखंड इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड के डॉ. महेन्द्र सेठी ने कहा कि शारदा कॉरिडोर के विकास के लिए रूपरेखा तैयार कर प्लांट डेवलपमेंट योजनान्तर्गत अनेक कार्य किए जाएंगे। बैठक में एसडीएम आकाश जोशी, नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल, कम्पनी के कंसल्टेंट डॉ. अशोक एवं कल्पना आदि मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश

# मोबाइल में ऐप डाउनलोड कराकर चार लाख की ठगी

संवाददाता, मुरादाबाद

**साइबर क्राइम**

- **पीएमपुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया मुकदमा, जांच शुरू**

**अमृत विचार:** शातिर साइबर ठगों ने मोबाइल में एव्वल डेस्क ऐप डाउनलोड कराकर युवक के बैंक खाते से चार लाख निकाल लिए। पुलिस में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ कोर्ट के माध्यम से रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

थाना मझोला क्षेत्र के गांव फाजलपुर निवासी प्रमोद सैनी ने बताया कि 9 मई को उसने फ्लिपकार्ट से ऑनलाइन मोबाइल बुक किया था। लेकिन मोबाइल नहीं आया। जिसके बाद प्रमोद ने 14 मई को फ्लिपकार्ट के कस्टमर केयर नंबर पर कॉल की। कॉल पर खुद को कस्टमर केयर अधिकारी बताने वाले युवक ने प्रमोद सैनी से कहा कि वह अपने मोबाइल में एव्वल डेस्क ऐप डाउनलोड कर ले। जिसके बाद भारतीय स्टेट बैंक का योनो लाइट एप खोलने को कहा। ऐप खोलने के बाद कॉल करने वाले युवक ने कहा कि जो मोबाइल के लिए आपने पेमेंट किया था, वह आपके खाते में ऑनलाइन वापस चला गया है। इसलिए आप दोबारा से मोबाइल की धनराशि डालें। प्रमोद ने अपना यूपीआई पिन डालकर पेमेंट की तो उसके खाते से सात किस्तों में 2,99985 रुपये केनरा बैंक के खाता धारक शुभम कुमार में डेबिट हो गए। जबकि 2,00000 रुपये यस बैंक के खाता धारक राजकुमार में डेबिट हो गए। इस पर प्रमोद तुरंत ही स्टेट बैंक आफ इंडिया की मुख्य शाखा पहुंचे और इसकी शिकायत की। लेकिन जब तक पीड़ित के खाते से 4,99985 की नकदी निकल चुकी थी। पीड़ित ने साइबर सेल और बाद में मझोला थाने में भी इसकी शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बाद में पीड़ित ने एक प्रार्थना पत्र रजिस्ट्री के माध्यम से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी भेजा। उसके बाद भी उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। इस पर पीड़ित में कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

### कार्यों में प्रगति लाएं अधिकारी: सीडीओ

**अल्मोड़ा :** जिला योजना और बीस सूत्रीय कार्यक्रम की बुधवार को समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सीडीओ दिवेश शाशनी ने योजना के कार्यों से संबंधित जो भी कार्य किए जाने हैं, उनमें टेंडर आदि की सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए जल्द से जल्द कार्यों में प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। विकास भवन सभागार में बैठक में सीडीओ ने कहा कि जिस विभाग के कार्य हो रहे हैं तथा जिनमें अन्य कार्यदाई संस्थाएं कार्य कर रही हैं, उन कार्यों का विभागीय अधिकारी निरीक्षण कर निर्माण सामग्री आदि की गुणवत्ता जांचें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो कार्य पूर्ण हो गए हैं, उनके उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं। बैठक में मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, सीवीओ डॉ. योगेश अग्रवाल, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रेनू भंडारी आदि रहे।

# सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज हुई शिकायतों का करें समाधान

- **सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की एडीएम ने समीक्षा की**
- **अधिकारियों को अपने स्तर पर शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिये**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों की बुधवार को समीक्षा बैठक हुई। बैठक में एडीएम ने लेवल-एक और लेवल-दो के अधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश दिये।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में एडीएम सीएस मर्तोलिया ने कहा कि समय-समय पर मुख्यमंत्री की ओर से सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के संबंध में हुई कार्रवाई की समीक्षा की जाती है।

उन्होंने कहा कि दर्ज शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता से करते हुए शिकायतकर्ता से वार्ता की जाए। एडीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि दर्ज शिकायत पर शिकायतकर्ता से वार्ता करने के साथ ही विभाग द्वारा की गई कार्रवाई को पोर्टल पर अपडेट किया जाए। इसके अलावा लंबे समय से लंबित शिकायतों का निस्तारण तत्काल करने के निर्देश दिए। यहां बैठक में एसडीएम भनोली एनएस नगन्याल, तहसीलदार भनोली बरखा जलाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में बुधवार को एडीएम ने एसीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक ली।

### बच्चे को झूठे सपने बेचना घातक: प्रो वर्मा

**बागेश्वर :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में अनुभवात्मक भौतिकी पर राष्ट्रीय कार्यशाला जारी है। दूसरे दिन कार्यशाला का प्रारंभ समूह निर्माण के साथ हुआ। सत्र आरंभ करते हुए प्रो. वर्मा ने कहा कि बच्चा जन्म से शोधार्थी होता है लेकिन आगे चलकर वर्तमान व्यवस्था उसके सपनों को नष्ट कर ही रही है। साथ ही झूठे सपने बेचने का जो खेल चल रहा है। वह बेहद खतरनाक है। प्रो. वर्मा ने भौतिक विज्ञान के कुछ ऐसे तथ्यों को उजागर किया जिनकी किताबों में लिखी परिभाषाएं उनके वास्तविक गुणों के साथ साम्यता नहीं रखतीं। उन्होंने स्थानीय परिवेश के माध्यम से विज्ञान के कॉन्सेप्ट को कैसे सिखाया जा सकता है, यह बात प्रशिक्षणार्थियों के साथ साझा की। उन्होंने बच्चों में परीक्षा के भय दूर कैसे किया जा सकता है इस पर भी चर्चा की।

# बच्ची की हत्या के दोषियों को आजीवन कारावास

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बच्ची के अपहरण के बाद हत्या करने और साक्ष्य मिटाने के दो साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश मिर्जा जीनत ने आरोपियों को दोषी करार दिया है। दोषियों को आजीवन कारावास और 25-25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

अभियोजन के अनुसार कोतवाली उझानी के एक गांव निवासी हरदेश कुमार ने 4 मई 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी तीन साल की बेटी काजल गुलाबी रंग की फ्राक पहने हुए है। वह 3 मई को दोपहर 2 बजे पड़ोस की परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी लेकिन लापता हो गई है। उसका काफी तलाश करने पर कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि उझानी क्षेत्र के गांव हरहरपुर नरसिंहपुर निवासी प्रदीप पुत्र गोवर्धन और वीरेंद्र पुत्र लालाराम ने पुरानी रंजिश की वजह से उनकी बेटी का अपहरण करके हत्या कर दी है। शव को सरकारी ट्यूबवेल के बोरबेल में फेंक दिया है। पुलिस ने आरोपियों पर बच्ची का अपहरण करके हत्या करने और सबूत मिटाने का आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। तब से मामला न्यायालय में विचाराधीन था। बुधवार को न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया और एडीजीसी अरविंद लाल और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद दोषी प्रदीप और वीरेंद्र को सजा सुनाई।

### जीजा ने की दुष्कर्म की कोशिश, पत्नी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**मुरादाबाद:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में जीजा ने साली के साथ दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने साली और पत्नी के साथ मारपीट की। पत्नी ने आरोपी पति के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चक्कर की मिलक में रहने वाली महिला ने तहरीर में बताया कि उसका पति काफी समय से उसकी छोटी बहन पर बुरी नजर रखता है। महिला का आरोप है कि बीती 4 अक्टूबर को वह घर पर नहीं थी, इसी बीच आरोपी पति ने उसकी छोटी बहन के साथ दुष्कर्म की कोशिश की। इसी बीच महिला घर पहुंच गई और उसने बहन को बचाया। जिस पर आरोपी पति ने पत्नी व उसकी बहन से मारपीट कर जान से मारने की धमकी थी।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2490, राज श्री 1860, फ़ॉर्चून कि. 2210, रविन्द्रा 2415, फॉर्चुन ली. 2030, जय जवान 1975, सचिन 2090, सूरज 2000, अवसर 2100, राग गोल्ड 2175, गृहणी ली 2035, क्लासिक (किलो) 2160, मोर 2170, चक्र टिन 2260, ब्लू 2205, आशीर्वाद मस्टर्ड 2345, स्वास्तिक 2460 । किराना–(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 । चावल–(प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7050, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन ___ मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, चना काला 8850, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12700, मोटा हीरा 14700, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी – डालमियां 4180, पीलीभीत 4160, नवाबगंज 4150, बहेड़ी 4160 ।

# ऊंची ब्याज दर से आर्थिक वृद्धि पर असर नहीं पड़ेगा : दास


## आरबीआई गवर्नर ने चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की पेश

- बोले- आर्थिक वृद्धि मजबूत है और निवेश के इरादे साफ दिख रहे हैं

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बुधवार को कहा कि ब्याज की ऊंची दर वृद्धि को प्रभावित नहीं कर रही और आर्थिक गतिविधियां टिकाऊ बनी हुई हैं। उन्होंने पिछले 18 महीनों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों का जिक्र किया। उसी समय आरबीआई ने नीतिगत दर के मोर्चे पर यथास्थिति बनाये रखने का विकल्प चुना था।

गवर्नर ने मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करने के बाद कहा कि हमें उच्च ब्याज दर का वृद्धि पर असर पड़ने का कोई सबूत नहीं दिख रहा है। आर्थिक वृद्धि बहुत मजबूत बनी हुई है और निवेश के इरादे साफ दिख रहे हैं। वृद्धि को गति देने वाले कारकों में निजी पूंजीगत व्यय में वृद्धि के संकेत, कंपनियों के मजबूत बही-खाते, कृषि में मदद करने वाली बारिश, जलाशयों का स्तर और मिट्टी की नमी आदि शामिल है।



मुंबई में प्रेसवार्ता के दौरान आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास, डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा, एम. राजेश्वर राव, स्वामीनाथन जानकीरमन और टी. रबी शंकर।

### मौद्रिक नीति व्यावहारिक, ब्याज में कटौती की उम्मीद

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक के ब्याज दर यथावत रखने तथा तटस्थ मौद्रिक नीति रुख अपनाने का निर्णय व्यावहारिक है। आने वाले महीनों में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों ने यह कहा। उद्योग मंडल एसोचैम ने आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा को यथार्थवादी और व्यावहारिक बताते हुए कहा कि उदार रुख वापस लेने और तटस्थ रुख अपनाना संकेत है कि कुछ तिमाहियों में ब्याज दर में गिरावट आएगी। एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा कि रुख में बदलाव कर तटस्थ करने को सकारात्मक कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि सितंबर में फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दरों में कटौती के निर्णय से नीतिगत दरों में बदलाव के लिए कुछ गुंजाइश बनी है। हालांकि, जरूरत पड़ी तो आरबीआई दिसंबर में ब्याज दर घटा सकता है। बंधन बैंक के अर्थशास्त्री और शोध प्रमुख सिद्धार्थ सान्याल, एचडीएफसी बैंक के अर्थशास्त्री अभीक बरुआ, आनंद राठी शेयर्स एंड स्टोक ब्रोकर्स के मुख्य अर्थशास्त्री और कार्यकारी निदेशक सुजान हाजरा ने कहा कि नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने और रुख को तटस्थ करने के आरबीआई का निर्णय अपेक्षा के अनुरूप है।

### दास ने चेताया, गलत तरीके अपनाकर आगे बढ़ने से बचें एनबीएफसी

मुंबई। शक्तिकान्त दास ने बुधवार को कहा कि ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें निवेशक कुछ गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को आक्रामक रूप से बढ़ने को प्रेरित कर रहे हैं, जिससे अनुचित कारोबारी को बढ़ावा मिल रहा है। खराब ग्राहक सेवा, संस्थाओं की वित्तीय स्थिति पर दबाव और ऐसी गतिविधियों से वित्तीय स्थिरता को नुकसान पहुंचने जैसे जोखिमों को रेखांकित करते हुए दास ने आगाह किया कि यदि वे ऐसी गतिविधियां जारी रखते हैं तो आरबीआई दोषी संस्थाओं पर कार्रवाई करने में हिचकिचाएगा नहीं।

### आरबीआई के रुख में बदलाव से नीतिगत दर में कटौती की आशा : रियल एस्टेट

नई दिल्ली। जमीन–जायदाद से जुड़ी कंपनियों ने बुधवार को रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा में रुख बदलकर तटस्थ करने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे नीतिगत दर में जल्द कटौती की उम्मीद है। रियल एस्टेट क्षेत्र का शीर्ष निकाय नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) के अध्यक्ष जी. हरि बाबू ने कहा कि यह आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने की दिशा में सकारात्मक कदम है। क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि इस समय दर में कटौती से उपभोक्ता मांग में तेजी में मदद मिलती। उम्मीद जतायी कि केंद्रीय बैंक अगली तिमाही में नीतिगत दर में कटौती करेगा।

# निफ्टी-50, सेंसेक्स : भारतीय अर्थव्यवस्था के सूचक

भारतीय शेयर बाजार में निफ्टी–50 और सेंसेक्स दो महत्वपूर्ण सूचकांक हैं, जो निवेशकों को बाजार की दिशा और स्थिरता का आभास कराते हैं। निफ्टी–50, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का प्रमुख सूचकांक है, जिसमें 50 कंपनियां शामिल हैं, जबकि सेंसेक्स, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख सूचकांक है, जिसमें 30 बड़ी कंपनियां होती हैं। दोनों सूचकांकों की गणना, प्रतिनिधित्व और संरचना में महत्वपूर्ण अंतर हैं, जो इन्हें अलग बनाते हैं। इस लेख में हम इन दोनों सूचकांकों के बीच के प्रमुख बिंदुओं की तुलना करेंगे। आइए इसके बारे में कुछ मत्वपूर्ण तथ्यों पर बात करें...

### स्टॉक एक्सचेंज

- **निफ्टी–50 :** यह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का प्रमुख सूचकांक है, जिसकी स्थापाना 1992 में की गई है। इसकी शुरुआत 1996 में हुई थी।
- **सेंसेक्स :** यह बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख सूचकांक है, जो 1875 में स्थापित हुआ और दुनिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है। इसकी शुरुआत 1986 में हुई थी।




### शेयरों की संख्या

- **निफ्टी–50 :** इसमें 50 कंपनियां शामिल होती हैं, जो विभिन्न सेक्टरों का प्रतिनिधित्व करती हैं।
- **सेंसेक्स :** इसमें 30 कंपनियां शामिल होती हैं, जो भारत की सबसे बड़ी और स्थिर कंपनियां हैं।

### गणना पद्धति

- दोनों सूचकांक फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन पद्धति का उपयोग करते हैं, लेकिन निफ्टी–50 में शामिल कंपनियों का अधिक विविध प्रतिनिधित्व होता है।

### प्रतिनिधित्व

- **निफ्टी–50 :** इसमें वित्तीय सेवाएं, आईटी, ऊर्जा, उपभोक्ता वस्तुएं, ऑटोमोबाइल आदि शामिल हैं।
- **सेंसेक्स :** इसमें बैंकिंग, ऊर्जा, आईटी, और उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र की कंपनियां शामिल हैं।

### सेक्टर का कवरेज

- **निफ्टी–50 :** विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक कवरेज करता है।
- **सेंसेक्स :** कवरेज सीमित है, प्रमुख और स्थिर कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है।

### वोलैटिलिटी (अस्थिरता)

- **निफ्टी–50 :** अस्थिरता कम होती है, क्योंकि इसमें कई सेक्टर्स होते हैं।
- **सेंसेक्स :** अस्थिरता अधिक होती है, इसकी कंपनियां बड़ी और स्थिर होती हैं।

### निवेशकों का दृष्टिकोण

- **निफ्टी–50 :** दीर्घकालिक निवेश के लिए उपयुक्त माना जाता है।
- **सेंसेक्स :** स्थिर और भरोसेमंद कंपनियों में निवेश करने के लिए उपयुक्त होता है।

### 10. अंतरराष्ट्रीय निवेश

- **निफ्टी–50 :** वैश्विक निवेशकों के लिए विविधता का प्रतिनिधित्व करता है।
- **सेंसेक्स :** सबसे बड़ी और स्थिर कंपनियों में निवेश के लिए महत्वपूर्ण है।

निफ्टी–50 और सेंसेक्स दोनों बाजार की दिशा और स्थिरता को मापने में भूमिका निभाते हैं। निफ्टी में अधिक विविधता है, जबकि सेंसेक्स स्थिरता का प्रतीक है। दोनों निवेशकों के लिए बाजार की स्थिति को समझने में मदद करते हैं।

### आधार अंक

- **निफ्टी–50 :** इसका आधार अंक 1000 है।
- **सेंसेक्स :** इसका आधार अंक 100 है।

## ई–फाइलिंग पोर्टल पर 34.84 लाख लेखा परीक्षा रिपोर्ट दाखिल

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि सात अक्टूबर तक ई-फाइलिंग पोर्टल पर आकलन वर्ष 2024-25 के लिए 34.09 लाख कर लेखा-परीक्षा रिपोर्ट (टीएआर) सहित 34.84 लाख से अधिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट दाखिल की गई हैं। आयकर विभाग ने लेखा परीक्षा रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख 30 सितंबर से बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी गई थी। आकलन वर्ष 2024-25 के लिए टीएआर दाखिल करने में सालाना आधार पर 4.8% की वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्रालय ने कहा कि टीएआर और अन्य लेखा परीक्षा फॉर्म दाखिल करने के बारे में करदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए आयकर पोर्टल पर ईमेल, एसएमएस, वेब गोष्ठी, सोशल मीडिया अभियान और संदेशों के जरिये व्यापक प्रचार कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंत्रालय के मुताबिक, ई-फाइलिंग सहायता टीम ने सितंबर और अक्टूबर 2024 के दौरान करदाताओं के 1.23 लाख सवालों को संभाला और उन्हें सक्रिय रूप से मदद दी।

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती– 5500 मसूरी– 5100 बासमती– 9200 परमल– 4100 दाल दलहन : काला चना– 8800 साबुत चना दाल– 9300 मूंग साबुत– 10500 राजमा– 13400–16300 दाल उड़द– 10600 साबुत मसूर दाल– 9000 मसूर दाल– 8600 उड़द साबुत– 10500 काबुली चना– 12400–15800 अरहर दाल– 14900 लोबिया/करमानी– 8600 सोयाबीन– 5300 मूंगफली– 11900 मटर (सूखी)– 5800 मक्का– 3900

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 77500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 76500 |
| सिल्वर (पक्की) | 910 (अनुमानित) |

## सोने में 600 रुपये की गिरावट चांदी 2,800 रुपये लुढ़की

नई दिल्ली। कमजोर घरेलू मांग के बीच बुधवार को सोने में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। सोना 600 रुपये गिरकर 77,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मंगलवार को सोना 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 2,800 रुपये लुढ़ककर 91,200 रुपये प्रति किलो रही जो एक दिन पहले 94,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। 99.5% शुद्धता वाला सोना 600 रुपये गिरकर 77,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कारोबारियों ने बताया कि घरेलू मांग में सुस्ती से सोने की कीमतों में गिरावट आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज के वायदा कारोबार में दिसंबर आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध की कीमत 29 रुपये बढ़कर 75,190 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।



## राष्ट्रीय

# बांटो और सत्ता पाओ के फार्मूले पर चली कांग्रेस : मोदी

## महाराष्ट्र में 7,600 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की वीडियो कांफ्रेंस से प्रधानमंत्री ने रखी आधारशिला

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मुसलमानों की बात आते ही कांग्रेस के मुंह पर ताला लग जाता है लेकिन हिंदू की बात आते ही वह चर्चा जाति से ही शुरू करती है क्योंकि वह जानती है कि हिंदू जितना बंटेगा, उतना उसका फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसी भी तरीके से हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है और भारत में जहां भी चुनाव होते हैं, वह इसी फार्मूले को लागू करती है।



महाराष्ट्र में 7,600 करोड़ से अधिक लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की वीडियो कांफ्रेंस से आधारशिला रखने के बाद मोदी ने विश्वास जताया कि समाज को तोड़ने की कोशिश को राज्य की जनता नाकाम करेगी। उन्होंने इस सरकारी कार्यक्रम में महाराष्ट्र के लोगों से देश के विकास को सर्वोपरि रखते हुए और एकजुट होकर भाजपा और उसके गठबंधन महायुति के पक्ष में मतदान करने की अपील की। हरियाणा के चुनाव परिणामों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इसने बता दिया है कि आज देश का मिजाज क्या है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सांप्रदायिक और जातिवाद का चुनाव लड़ती है। हिंदू समाज को तोड़कर उसे अपनी जीत का फॉर्मूला बनाना, यही कांग्रेस की राजनीति का आधार है। कांग्रेस की नीति है, हिंदुओं की एक जाति को दूसरी से लड़ाओ। कांग्रेस जानती है कि जितना हिंदू बंटेगा, उतना उसका फायदा होगा। कांग्रेस किसी भी तरीके से हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है, ताकि वो राजनीतिक रोटियां सेंकती रहे।

### प्रधानमंत्री के राजनीतिक भाषण और विपक्ष पर हमले के लिए सरकारी कार्यक्रम का इस्तेमाल क्यों: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के हमले पर पलटवार किया और आरोप लगाया कि वह राजनीति भाषण तथा विपक्ष पर हमला करने के लिए सरकारी कार्यक्रम का उपयोग करते हैं, जबकि इसके लिए वह भाजपा के मंच का इस्तेमाल कर सकते हैं। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल राजनीतिक भाषण देने के लिए नहीं किया जा सकता और न ही किया जाना चाहिए। खेड़ा ने यह बातें एक्स पर पोस्ट की। प्रधानमंत्री मोदी ने के मुसलमानों की जाति की बात आते ही कांग्रेस के मुंह पर ताला लग जाता है के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया।

### नायब सिंह सैनी ने की मोदी से मुलाकात

नई दिल्ली। हरियाणा चुनाव में जीत के बाद भाजपा की सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ ग्रहण से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सैनी को भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी और विश्वास जताया कि विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका और महत्वपूर्ण होने जा रही है। सैनी ने गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से भी मुलाकात की। मोदी ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला और विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के लिए उन्हें बधाई दीं।

## राहुल की नागरिकता के मुद्दे पर दस्तावेज के लिए स्वामी को मिला समय

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को भाजपा के नेता सुब्रमण्यम स्वामी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित याचिका की एक प्रति दाखिल करने के लिए समय दे दिया। स्वामी ने अदालत को बताया कि उन्होंने याचिका की प्रति प्राप्त कर ली है और इस मामले में की गईं प्रार्थनाएं उनकी दलीलों से भिन्न हैं। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि वह पिछले आदेश के अनुपालन में दस्तावेज दाखिल करें तथा अगली सुनवाई छह नवंबर को तय की। स्वामी ने गृह मंत्रालय को राहुल गांधी की नागरिकता रद करने की मांग वाली याचिका पर निर्णय लेने का निर्देश देने का अनुरोध किया था।

# हरियाणा के नतीजों से आयोग को कराएंगे अवगत : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित करार देते हुए बुधवार को कहा कि अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराया जाएगा।



कांग्रेस नेता ने कहा कि जम्मू कश्मीर में गठबंधन की जीत संविधान की जीत है। राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहे दिल से शुक्रिया! जम्मू-कश्मीर में नेकां और कांग्रेस गठबंधन 48 सीट के साथ सरकार बनाने को तैयार है।

### नतीजों को अस्वीकार्य बताने वाले बयान कभी नहीं सुने : आयोग

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि हरियाणा चुनाव के नतीजों को अस्वीकार्य बताने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बयान इतिहास में पहले नहीं सुने गए और ये बोलने की स्वतंत्रता की वैधानिकता से भी परे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि पार्टी नेताओं जयराम रमेश और पवन खेड़ा की टिप्पणियां वैधानिक और चुनावी ढांचे को खारिज करने की ओर ले जाती हैं। खरगे और राहुल के बयानों पर गौर किया है, जिनमें हरियाणा के नतीजों को अनपेक्षित बताया और पार्टी ने शिकायतों के साथ आयोग से संपर्क का प्रस्ताव रखा है।

## एक नजर

### बिहार में सड़क दुर्घटना में आठ बौद्ध भिक्षु घायल

जहांनाबाद। बिहार के जहांनाबाद जिले के करौना इलाके में बुधवार को पर्यटक बस के सड़क किनारे तालाब में गिर जाने से आठ बौद्ध भिक्षु घायल हो गए। जहांनाबाद के एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि यह घटना पर्यटक बस चालक के अपने वाहन पर से नियंत्रण खो देने के कारण हुई। इस हादसे में घायल हुए आठ बौद्ध भिक्षुओं में से तीन को बेहतर इलाज के लिए पटना भेजा गया है, जबकि अन्य छह को नजदीक के एक अस्पताल में प्राथमिक उपचार किये जाने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### पांच किलो हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर के अजनाला में पुलिस ने पांच किलो हेरोइन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को कहा कि पुलिस ने खुफिया जानकारी पर चलाए अभियान में सीमा पार के मादक पदार्थों के नेटवर्क को झटका दिया है।

### वांगचुक के प्रदर्शन पर पुलिस से जवाब तलब

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोनम वांगचुक और अन्य को जंतर–मंतर पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति मांगने संबंधी याचिका पर बुधवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने एपेक्स बॉडी लेह की याचिका पर पुलिस और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया और उनसे जवाब मांगा।

# मानदंडों को पूरा न करने वाली दवाओं को वापस लिया जाए : दवा नियामक

- 45 दवाओं के निर्माताओं को वापसी और पांच नकली दवाओं के निर्माताओं पर हुई कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के दवा नियामक ने बुधवार को कहा कि लगभग 45 दवाओं के निर्माताओं को गुणवत्ता मानदंडों को पूरा नहीं करने के कारण अपने उत्पादों को वापस लेने का आदेश दिया गया है, जबकि पांच नकली दवाओं के निर्माताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

यहां सीआईआई फार्मा एंड लाइफ साइंसेज सम्मेलन में भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) एवं केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के प्रमुख राजीव सिंह रघुवंशी ने स्पष्ट किया कि 50 नकली दवाओं पर प्रतिबंध की हालिया खबरें गलत थीं। उन्होंने कहा कि वे नकली दवाएं नहीं हैं। वे मानक गुणवत्ता वाली दवाएं नहीं थीं। दोनों के बीच एक अंतर है। उनमें से केवल पांच नकली थीं, जिन्हें आप नकली कह सकते हैं। हर महीने सीडीएससीओ बाजार से 2,000 से अधिक नमूनों का परीक्षण करता है और उनमें से लगभग 40-50 नमूने एक या अधिक मानदंडों पर विफल होते हैं, जो बहुत मामूली मानदंड हो सकते हैं। इनमें से कोई भी स्वास्थ्य जोखिम नहीं होता है और हम उसकी जानकारी अपने पोर्टल पर देते हैं।

## पहला काम राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित करना : उमर

श्रीनगर। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि नये मंत्रिमंडल का पहला काम राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रस्ताव पारित करना होना चाहिए। अब्दुल्ला ने कहा कि नए मुख्यमंत्री को प्रस्ताव लेकर दिल्ली जाना चाहिए और वरिष्ठ मंत्रियों से मिलकर उनसे अपना वादा पूरा करने के लिए कहना चाहिए।



उन्होंने बताया कि सरकार सिर्फ नेकां या उसके गठबंधन की नहीं होगी, बल्कि सभी को शामिल करेगी, खास तौर पर उन इलाकों पर ध्यान दिया जाएगा, जहां गठबंधन के कम विधायक हैं। कई निर्दलीय विधायकों ने नेकां में शामिल होने की बात की है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि निर्वाचित सदस्यों की विधायक दल की बैठक गुरुवार को होने वाली है।

# आरोपी की डीएनए रिपोर्ट समेत 11 साक्ष्य सूचीबद्ध

## आरजी कर मामला

कोलकाता, एजेंसी

सीबीआई ने आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म एवं हत्या के मामले में गिरफ्तार कोलकाता पुलिस के संजय रॉय को इकलौता आरोपी ठहराने के लिए आरोपपत्र में डीएनए और रक्त नमूनों की रिपोर्ट जैसे 11 साक्ष्य सूचीबद्ध किए हैं।

सीबीआई ने रॉय के खिलाफ सबूत के तौर पर मृतक चिकित्सक के शरीर में आरोपी के डीएनए की मौजूदगी, छोटे बाल, मृतका के खून के धब्बे, रॉय के शरीर पर चोटों, सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के मुताबिक उसके मोबाइल फोन की लोकेशन का उल्लेख किया है। आरोपपत्र में कहा गया है कि रॉय को महिला चिकित्सक द्वारा प्रतिरोध/संघर्ष के निशान के तौर पर चोटें लगी थीं। कोलकाता पुलिस ने 10 अगस्त को रॉय को गिरफ्तार किया था। आरोपपत्र में कहा कि जहां अपराध हुआ, वहां आठ और नौ अगस्त की मध्यरात्रि को उसकी (रॉय की) मौजूदगी सीसीटीवी फुटेज से साबित हुई है।

### दो सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

कोलकाता। आर जी कर मेडिकल कॉलेज के 50 सीनियर डॉक्टरों के अपने जूनियर डॉक्टरों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए इस्तीफा देने के बाद यहां के दो और सरकारी अस्पतालों कलकत्ता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल तथा उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के डॉक्टरों ने बुधवार को सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया। सभी डॉक्टर 10 मांगों को लेकर आमरण अनशन पर थे। कलकत्ता मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक ने बताया कि 68 वरिष्ठ डॉक्टरों और प्रोफेसरों ने इस्तीफा दे दिया है और इस्तीफे की प्रति राज्य स्वास्थ्य विभाग को ईमेल कर दी गई है। एनबीएमसीएच के करीब 50 डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया और उत्तर बंगाल में अनशन पर बैठे दो जूनियर डॉक्टरों के साथ शामिल हो गए।

## नाबालिग से सूरत में सामूहिक बलात्कार

सूरत। गुजरात के सूरत जिले में नवरात्रि उत्सव के दौरान दोस्तों के साथ गई 17 वर्षीय लड़की से तीन लोगों ने दुष्कर्म किया। एसपी (ग्रामीण) हितेश जोयसर ने कहा कि मंगरोल तालुका में मोटा बोरसारा गांव के बाहरी हिस्से में नाबालिग लड़की के साथ मंगलवार रात 11 बजे दुष्कर्म हुआ। घटनास्थल कोसम्बा थाना क्षेत्र के तहत आता है। कुछ दिन पहले वडोदरा के बाहरी इलाके में एक अन्य लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। उस वक्त वह भी अपने दोस्तों के साथ बाहर गई थी।

## पूर्व मंत्री के खिलाफ दुष्कर्म व अपहरण का मामला दर्ज

बेंगलुरु। कर्नाटक के कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी के खिलाफ दुष्कर्म, अपहरण और धमकी के दो साल पुराने मामले में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि 34 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता की ओर से संजय नगर थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद कार्रवाई हुई।

पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि वह 2022 में धारवाड़ विधायक से मिली थी और दोनों ने फोन और वीडियो कॉल से अक्सर बातचीत की थी। उसने दावा किया कि कुलकर्णी ने 24 अगस्त, 2022 को देवनहल्ली के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास उसे जबरन एक सुनसान जगह पर ले गया उसे गलत ढंग से छुआ और अश्लील बातचीत की तथा एक वाहन के अंदर उसका यौन उत्पीड़न किया गया।

## अवैध गर्भपात मामले में छह लोगों को सजा

भिंड। मध्यप्रदेश के भिंड जिले में अवैध तरीके से युवती का गर्भपात कराने के मामले में कोर्ट ने युवती की मां व डाक्टर सहित छह लोगों को पांच व सात साल की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश मनोज तिवारी ने सजा सनाते हुए हजारों रुपये का जुर्माना भी किया है। अभियोजक उत्तम सिंह राजपूत ने बताया कि कोतवाली पुलिस को 30 अगस्त 2016 को सूचना मिली कि वनखंडेश्वर मंदिर के पास गली में अवैध गर्भपात हो रहा है। पुलिस को एक मकान में दो महिलाएं, एक युवती व इंजेक्शन एवं दवाएं मिलीं।

# चुनाव परिणाम घोषित करवाने हैं तो पहले गंदगी साफ करें : दिल्ली उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली विवि में हुए चुनाव के बाद मतदान स्थल पर फैली गंदगी पर कोर्ट सख्त



दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के उम्मीदवारों से कहा कि अगर वे मतगणना कराना चाहते हैं तो मतदान के दौरान परिसर में जहां भी गंदगी फैलायी गयी है, उसे साफ करें। कोर्ट ने 26 सितंबर को डूसू और कॉलेजों के चुनावों की मतगणना की घोषणा पर रोक लगा दी थी।

कोर्ट ने कहा कि उसका उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को बाधित करना नहीं बल्कि केवल यह संदेश देना था कि इस तरह का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि आखिर आप गंदगी साफ क्यों नहीं करते। जिस दिन उस जगह की गंदगी साफ कर दी जाएगी उसके अगले ही दिन हम मतगणना की अनुमति दे देंगे। अदालत डीयू के दो कॉलेज में चुनाव लड़ने वाले दो उम्मीदवारों के आवेदन पर सुनवाई कर रही थी।

## धोखाधड़ी मामले में पूर्व अधिकारी को जेल

मुंबई। सीबीआई की विशेष अदालत ने सीमा शुल्क एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग के पूर्व अधीक्षक और दो अन्य को निर्यात संबंधी दस्तावेजों की जालसाजी और 14 करोड़ की शुल्क चोरी से संबंधित 2009 के मामले में बुधवार को दोषी ठहराया। विशेष न्यायाधीश एसएम मेंजोंगे ने तीनों को सजा सुनाई। अभियोजन के अनुसार, तत्कालीन अधीक्षक दत्ताराम कुबडे ने निर्यात कंपनी के मालिक मोहम्मद हुसैन सत्तार को जालसाजी तथा गलत सूचना प्रस्तुत करने की अनुमति दी थी।

# खेलमंत्री ने लिखा पत्र, दीपा के संन्यास से हैरान हूं

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- आपके इस निर्णय का पूर्ण सम्मान करता हूं, आपकी आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं



खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को जिम्नास्ट दीपा कर्माकर को पत्र लिखकर खेल से संन्यास लेने के उनके फैसले पर हैरानी जताई। ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला जिम्नास्ट बनी दीपा रियो ओलंपिक 2016 में चौथे स्थान पर रही थी। उन्होंने सोमवार को खेल को अलविदा कह दिया।

मांडविया ने दीपा को लिखे पत्र में कहा मुझे पता चला कि आपने जिम्नास्टिक से संन्यास ले लिया है। आपके फैसले पर मैं आश्चर्यचकित हूं लेकिन मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपने जीवन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं और अनुभवों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया होगा। मैं आपके इस निर्णय का पूर्ण सम्मान करता हूं। आपकी जिम्नास्टिक की यात्रा जो मात्र छह वर्ष की आयु से प्रारंभ हुई, अत्यंत ही प्रेरणादायक रही। आपने इस खेल में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए सफलता के उच्च शिखरों को छुआ और गौरवान्वित किया।

### देश को सम्मान और गौरव के दिए हैं क्षण

आपका ओलंपिक में हिस्सा लेकर भारतीय जिम्नास्टिक्स में एक नया अध्याय जोड़ना और इस खेल में भाग लेने वाली प्रथम भारतीय महिला बनना न केवल आपके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम बल्कि पूरे देश के लिये गर्व का विषय है। विशेष रूप से प्रोडुनोवा वॉल्ट में आपका प्रदर्शन अद्वितीय रहा है। आपकी उपलब्धियों ने न केवल खेलप्रेमियों को प्रेरित किया है बल्कि विशेष रूप से हमारी बेटियों को भी खेलों में अपने सपनों को साकार करने का साहस प्रदान किया है। उन्होंने कहा ओलंपिक के वह ऐतिहासिक क्षण जब आप मात्र 0.15 अंकों से पदक से चूक गई, फिर भी आपने अपने धैर्य और समर्पण से पूरे राष्ट्र का दिल जीत लिया। आपकी यह यात्रा देश के लिये अनमोल धरोहर है और मैं आशा करता हूं कि आप अपनी इस अद्वितीय प्रतिभा और अनुभव को आने वाली पीढी के साथ साझा करेंगी।

## सचिन इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2024 में होंगे भारत के कप्तान

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर 17 नवंबर से आठ दिसंबर तक चलने वाली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2024 में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी करेंगे। पहली बार आयोजित हो रहे इस क्रिकेट लीग में भारत, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सहित छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। टी-20 प्रारुप में होने वाली इस लीग के मुकाबले नवी मुंबई, लखनऊ और रायपुर में खेले जाएंगे।

इस लीग में क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी ब्रायन लारा, कुमार संगाकारा, शेन वॉटसन, इयोन मोर्गन और अपने समय के सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक जोंटी रोड्स अपनी-अपनी टीमों के कप्तानी करते नजर आएंगे। सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर के प्रयासों के बाद इंटरनेशनल मास्टर्स लीग को शुरू करने का विचार किया गया। इस टूर्नामेंट में 18 मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें 90 से अधिक क्रिकेट से संन्यास ले चुके खिलाड़ी शामिल होंगे।

# पीसीबी में सीनियर पद पर काबिज हो सकते हैं अजहर

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान अजहर अली पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में युवा विकास कार्यक्रम पर काम के लिए सीनियर पद पर नियुक्ति की दौड़ में सबसे आगे हैं। पीसीबी ने बुधवार को युवा क्रिकेट निदेशक के पद के लिए विज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने इच्छुक उम्मीदवारों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर रखी है।

इच्छुक उम्मीदवारों का अपने देश के लिए कम से कम 50 टेस्ट मैच खेला होना अनिवार्य है। एक सूत्र के अनुसार अजहर इस पद की दौड़ में सबसे आगे हैं क्योंकि उन्होंने जूनियर स्तर के खिलाड़ियों के साथ काम करने और व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपनी रुचि भी व्यक्त की है। सूत्र ने कहा एक अन्य पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ भी इस पद पर काम करने के इच्छुक हैं और यह एक कारण था कि उन्होंने राष्ट्रीय चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया। पीसीबी ने यह सुनिश्चित करने के लिए नया पद बनाया है कि नियुक्त उम्मीदवार क्षेत्रीय कोच, अकादमियों और खिलाड़ियों के साथ अंडर-13 से अंडर-19 स्तर तक काम करेगा।

## खेल डायरी

### आलमैन दिल्ली हाफ मैराथन के अंतर्राष्ट्रीय इवेंट दूत

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी चक्काफेंक खिलाड़ी वालेरी आलमैन को 20 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाली वेदांता हाफ मैराथन का अंतर्राष्ट्रीय इवेंट दूत चुना गया है। आलमैन ने पेरिस ओलंपिक में 69.50 मीटर का थ्रो फेंककर नया अमेरिकी रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता था। तोक्यो ओलंपिक में उन्होंने 68.98 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया था। हाफ मैराथन में पेरिस ओलंपिक 10000 मीटर चैम्पियन युगांडा के जोशुआ चेप्टेगइ और कीनिया की पूर्व विश्व रिकॉर्डधारी पेरेस जे पुरूष और महिला वर्ग में आकर्षण का केंद्र होंगे। दिल्ली हाफ मैराथन में ईनामी राशि 260000 डॉलर है।

### ईशान के नेतृत्व में झारखंड की रणजी ट्रॉफी टीम घोषित

**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) ने 2024-25 के लिए रणजी टीम की घोषणा कर दी। टीम की कमान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर ईशान किशन को सौंपी गई है। इससे पहले बुची बाबू टूर्नामेंट में भी ईशान की कप्तानी में टीम खेल चुकी है। उल्लेखनीय है कि रणजी ट्रॉफी के 2024-25 सत्र में झारखंड एलिट ग्रुप डी में असम, रेलवे, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, सौराष्ट्र, दिल्ली और तमिलनाडु के साथ है। प्रतियोगिता की शुरुआत 11 अक्टूबर से हो रही है और झारखंड का पहला मुकाबला असम के साथ है। झारखंड टीम इस प्रकार है – ईशान किशन (कप्तान), विराट सिंह (उपकप्तान), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), नाज़िम सिद्दीकी, आर्यमन सेन, शरणदीप सिंह, कुमार सूरज, अनुकूल रॉय, उत्कर्ष सिंह, सुप्रियो चक्रवर्ती, सौरभ शेखर, विकास कुमार, विवेकानन्द तिवारी, मनीषी, रवि कुमार यादव और रौनक कुमार शामिल हैं।

### एशियाई टेटे चैंपियनशिप में महिलाओं ने जीता पहला पदक

**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने यहां एशियाई टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता जो इस स्पर्धा में उनका पहला पदक है। भारतीय टीम को सेमीफाइनल में जापान ने 3-1 से हराया था। एशियाई चैंपियनशिप में महिला टीम स्पर्धा में भारत का यह पहला पदक है। भारत की अयहिका मुखर्जी ने जापान की मिवा हरीमोतो को कड़ी टक्कर दी लेकिन 8-11, 11-9, 8-11, 13-11, 7-11 से हार गई। वहीं मनिका बत्रा ने सत्सुकी ओडो को दूसरे मैच में 11-6, 11-5, 11-8 से हराया। अगले मैच में सुतीर्था मुखर्जी को जापान की मिमा इतो ने 9-11, 11-4, 15-13 से शिकस्त दी। मनिका निर्णायक मुकाबले में हरिमोतो से 3-11, 11-6, 2-11, 3-11 से हार गई।

### भारत के खिलाफ पहले टेस्ट नहीं खेलेंगे विलियमसन

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के चोटिल बल्लेबाज केन विलियमसन भारत के खिलाफ बेंगलुरु में होने वाले पहले टेस्ट में नहीं खेलेंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 16 अक्तूबर से बेंगलुरु में होगी। श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से मिली हार के बाद टिम साउदी ने कप्तानी हटने के बाद टीम की कमान टॉम लेथम हाथों है और न्यूजीलैंड ने चोटिल विलियमसन की जगह टीम में मार्क चैपमैन को शामिल किया गया है। श्रीलंका दौरे पर विलियमसन की जांघ में चोट लगी थी जो अब तक पूरी तरह ठीक नहीं हो पाई है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स कहा हमें जो सलाह दी गई है उसके हिसाब से केन को आराम करने की जरुरत है। चोट के साथ उन्हें टीम रखना जोखिम भरा हो सकता है। हमें पूरा भरोसा है कि केन चोट से जल्दी ही ठीक हो जाएंगे और शृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### इंग्लैंड के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले बने रूट

**मुल्तान।** पाकिस्तान के साथ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में 77 रन बनाकर जो रुट इंग्लैंड के लिए सबसे जयादा टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए है। रूट ने हमवतन पूर्व कप्तान सर एलिस्टेयर कुक को पीछे छोड़ते हुए इंग्लैंड के लिए अब तक के सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। रूट ने मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट के तीसरे दिन 71 रन बनाकर कुक के 12,472 टेस्ट रनों के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया। 33 वर्षीय रूट अपना 147वां टेस्ट खेल रहे हैं। उन्होंने कुक से 14 टेस्ट कम खेलकर यह कारनामा किया है और अब वह सर्वकालिक सूची में पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने 2012 में नागपुर में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और तब से अब तक 34 टेस्ट शतक लगा चुके हैं जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ सर्वोच्च स्कोर 254 रन रहा है।

# भारत ने की गेंदबाजों की पिटाई, बरसाए रन

## रेड्डी और रिंकू की अर्धशतकीय पारियों से भारत ने बनाए 221 रन

नई दिल्ली, एजेंसी

नीतिश कुमार रेड्डी की 34 गेंद में 74 रन की ताबड़तोड़ पारी और रिंकू सिंह (29 गेंद में 53 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए उनकी 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने तीन मैचों की शृंखला के दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में बांग्लादेश के खिलाफ नौ विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा किया।

अपना दूसरा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय खेल रहे रेड्डी ने अपनी पारी में चार चौके और सात शानदार छक्के जड़े तो वहीं रिंकू ने पांच चौके और तीन छक्के लगाए। हार्दिक पंड्या ने 19 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 32 जबकि रियान पराग ने दो छक्के की मदद से छह गेंद में 15 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए तस्कीन अहमद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 16 रन देकर दो विकेट लिये। तंजिम हसन और मुस्तफिजुर रहमान को भी दो-दो सफलता मिली लेकिन दोनों काफी महंगे रहे। रिशाद हुसैन ने 55 रन देकर तीन विकेट चटकाए। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर संजू सैमसन 10 रन बनाए, वहीं अभिषेक शर्मा 15 रन बनाए।

कप्तान सूर्यकुमार यादव (आठ) के छठे ओवर में मुस्तफिजूर रहमान की गेंद पर आउट होने के बाद भारत की मुश्किलें बढ़ गई थी लेकिन क्रीज पर आये रिंकू सिंह ने इस ओवर में चौका जड़ा जिससे पावर प्ले में भारत का स्कोर दो विकेट पर 45 रन हो गया। भारतीय टीम ने 10वें ओवर से 24 रन बटोर कर शतक पूरा किया। रेड्डी ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का पहला अर्धशतक पूरा किया। वह मुस्तफिजूर की गेंद पर मिराज को कैच देकर पवेलियन लौटे। उनके आउट होने से हालांकि भारतीय रन गति पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि हार्दिक पंड्या) ने क्रीज पर आते ही रिशाद के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका जड़ दिया। रिंकू ने तंजिम के खिलाफ 16वें ओवर में दो चौके और एक छक्का के साथ 26 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह तस्कीन की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर खड़े जाकेर अली के हाथों लपके गये। रियान पराग (छह गेंद में 15 रन) ने भी 19वें ओवर में तंजिम के खिलाफ दो छक्के जड़ने के बाद पवेलियन लौटे तो वहीं रिशान ने अंतिम ओवर में पंड्या को चलता किया। इस ओवर में अर्शदीप के छक्का लगाकर टीम के स्कोर को 220 तक पहुंचा दिया।



108 रन की साझेदारी के दौरान विकेटों के बीच दौड़ लगाते रिंकू सिंह और नीतिश कुमार रेड्डी।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पारी: 221/9** (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| संजू सैमसन का शंटो बो तस्कीन | 10 | 7 | 2/0 |
| अभिषेक शर्मा बो तंजिम | 15 | 11 | 3/0 |
| सूर्यकुमार का शंटो बो मुस्तफिजूर | 8 | 10 | 1/0 |
| नीतिश रेड्डी का मिराज बो मुस्ताफिजुर | 74 | 34 | 4/7 |
| रिंकू सिंह का जाकेर बो तस्कीन | 53 | 29 | 5/3 |
| हार्दिक का मिराज बो रिशाद | 32 | 19 | 2/2 |
| रियान पराग का महमुदुल्लाह बो तंजिम | 15 | 6 | 0/2 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |
| वरुण चक्रवर्ती का इमोन बो रिशाद | 0 | 2 | 0/0 |
| अर्शदीप सिंह का लिटन बो रिशाद | 6 | 2 | 0/1 |
| मयंक यादव नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 7, **गेंदबाजी** : मेहदी 3-0-46-0, तस्कीन 4-0-16-2, तंजिम हसन 4-0-50-2, मुस्तफिजूर रहमान 4-0-36-2, रिशाद हुसैन 4-0-55-3, महमुदल्लाह 1-0-15-0

## भारतीय महिलाएं पहुंचीं 170 के पार

दुबई, एजेंसी

- महिला टी-20 विश्वकप : कप्तान हरमनप्रीत और मंधाना ने खेलीं अर्धशतकीय पारियां

कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद (52) एवं स्मृति मंधाना के (50) अर्धशतकों की बदौलत भारत ने बुधवार को महिला टी-20 विश्वकप में श्रीलंका के खिलाफ तीन विकेट पर 172 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया।

भारत ने आज यहां दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा एवं स्मृति मंधाना ने टीम को शानदार शुरुआत देते हुए पहले विकेट के लिए 98 रनों की साझेदारी की। इस दौरान स्मृति ने अपने अर्द्धशतक (50) रन बना। जबकि शेफाली को अट्टापट्टू ने गुणारत्ने के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत ने मोर्चा संभाल लिया और आठ चौकों एवं एक छक्के की मदद से शानदार 52 रन बनाए। जेमिमा रॉड्रिग्स ने 16 रनों का योगदान दिया जबकि रिचा घोष छह रन पर कप्तान के साथ नाबाद रही।



‹‹ अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट खेलतीं स्मृति।

### स्कोर बोर्ड

**भारत महिला: 172/3** (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली का गुणारत्ने बो चामरी | 43 | 40 | 4/0 |
| स्मृति मंधाना रन आउट | 50 | 38 | 4/1 |
| हरमनप्रीत कौर नाबाद | 52 | 27 | 8/1 |
| जेमिमा रोड्रिग्स का प्रबोधिनी को कंचना | 16 | 10 | 2/0 |
| रिचा घोष नाबाद | 6 | 6 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 5, **गेंदबाजी :** प्रियदर्शिनी 2-0-11-0, सुगंदिका 3-0-29-0, प्रबोधिनी 3-0-32-0, कविशा 2-0-11-0, रणवीरा 3-0-26-0, चामरी 4-0-34-1, कंचना 3-0-29-1

# लक्ष्य आर्कटिक ओपन के दूसरे दौर में, मालविका भी आगे बढ़ीं

वांता (फिनलैंड), एजेंसी

- सिंधू जल्दी हारकर हुईं बाहर, प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची बंसोड

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने आर्कटिक ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट पुरूष एकल के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया जब उनके प्रतिद्वंद्वी रास्मस गेमके ने पहले दौर से नाम वापिस ले लिया।

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में पराजय का सामना करने वाले सेन का सामना चीनी ताइपै के सातवीं वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन और फ्रांस के क्वालीफायर अर्नार्ड मेर्केल के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। क्वालीफायर किरण जॉर्ज की टक्कर चीनी ताइपै के जू वेइ वांग से होगी। इससे पहले कल दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू जल्दी हारकर बाहर हो गई लेकिन उदीयमान खिलाड़ी मालविका बंसोड ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपै की सुंग शुओ युन को हराकर महिला एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छठी वरीयता प्राप्त सिंधू को कनाडा की मिशेले ली ने अंतिम 32 के मैच में 21-16, 21-10 से हराया। वहीं फरवरी में अजरबैजान इंटरनेशनल जीतने वाली बंसोड ने 21-19, 24-22 से जीत दर्ज की थी।

**ग्लोबल शतरंज लीग**

## फाइनल से एक जीत दूर पीबीजी अलास्कन नाइट्स

**लंदन।** पीबीजी अलास्कन नाइट्स 18 मैच अंक की एकल बढ़त के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है और ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) के फाइनल में जगह पक्की करने से केवल एक जीत दूर है।

पीबीजी ने अब तक खेले अपने सात में से छह मुकाबलों में जीत दर्ज की हैं और वह त्रिवेणी और अल्पाइन एसजी पाइपर्स से छह अंक आगे है। नॉकआउट चरण से पहले तीन मैच शेष रहते हुए पीबीजी फाइनल दौर में स्थान सुनिश्चित करने की मजबूत स्थिति में हैं।

# भारत अंडर-19 टीम ने जीती शृंखला

चेन्नई, एजेंसी

- दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पारी और 120 रन से हराया

अनमोलजीत सिंह (नौ विकेट) और मोहम्मद एनान (सात विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने चार दिवसीय दूसरे टेस्ट मैच में बुधवार को ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 277 पर समेटने के बाद उसे दूसरी पारी में 95 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला पारी और 120 से जीता और शृंखला पर कब्जा जमाया।

ऑस्ट्रेलिया ने कल के तीन विकेट पर 142 रन से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलिया का चौथा विकेट पर 208 के स्कोर पर ली यंग (66) के रूप में गिरा। यंग को अनमोलजीत ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद क्रिश्चियन होवे (4) पर रनआउट हो गये। ऐडन ओ''कॉनर (18) को समर्थ नागराज ने अपना शिकार बनाया। इस दौरान कप्तान ऑलिवर पिक ने अपना शतक पूरा किया। ऑलिवर को अनमोलजीत ने बोल्ड आउट किया। ऑलिवर ने 199 गेंदो में 16 चौके और एक छक्का लगाते हुए (117) रन बनाये। ओली पैटरसन (12), एल रानाल्डो (2), विश्व रामकुमार (4) रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम पहली पारी 80.2 ओवर में 277 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से अनमोलजीत सिंह और मोहम्मद एनान ने चार-चार विकेट लिये। समर्थ नागराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



‹‹ विकेट लेने के बाद अनमोलजीत सिंह के साथ जश्न मनाते साथी।

## बॉलीवुड हलचल



# 250 करोड़ के क्लब में शामिल हुई देवरा-पार्ट 1

**मुंबई।** मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने भारतीय बाजार में 250 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। निर्देशक कोराटाला शिवा की एक्शन थ्रिलर फिल्म देवरा-पार्ट 1, 27 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की गई। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान ने मुख्य भूमिका निभाई। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर डबल रोल में हैं। उन्होनें पिता-पुत्र की दोहरी भूमिका निभाई है। फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने 12 दिनों में भारतीय बाजार में 250 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म देवरा पार्ट 1 ने 12 दिनों में 252 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है।

## फिल्म ऊंचाई ने मुझे नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया : सूरज बड़जात्या

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार सूरज बड़जात्या का कहना है कि फिल्म उंचाई ने उन्हें नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया है। 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सूरज बड़जात्या को फिल्म उंचाई के लिये सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला है। राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर सूरज बड़जात्या ने खुशी जताई है। सूरज बड़जात्या ने कहा ऊंचाई उस तरह की फिल्म नहीं थी जिसकी लोग मुझसे उम्मीद करते थे। इसमें मेरे पिछले कामों जैसी भव्यता नहीं थी, लेकिन यह विषय मेरे दिल से आया था। मैंने उंचाई को नहीं चुना, बल्कि ऊंचाई ने मुझे चुना ।यह पुरस्कार उस यात्रा की सही पराकाष्ठा है। इस फिल्म ने मुझे शाब्दिक और रचनात्मक दोनों तरह से नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया ।ऊंचाई के निर्माण के दौरान मेरी पूरी कास्ट मेरी रीढ़ थी। मुझ पर और फिल्म पर उनका विश्वास और ऐसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को सहने की, उनकी इच्छा ने, इस यात्रा को अविस्मरणीय बना दिया ।मैंने अभी तक काम पूरा नहीं किया है . कहने के लिए और भी कई कहानियां हैं और पहुंचने के लिए और भी कई ऊंचाईयां हैं। मैं यह पुरस्कार राजश्री प्रोडक्शंस को समर्पित करता हूं, जो अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है।



## बादशाह ने इंडियन आइडल 15 से वापस लिया नाम

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने रैपर-गायक बादशाह के इंडियन आइडल 15 से अपना नाम वापस लिए जाने की चर्चा है। इंडियन आइडल अपने सीजन 15 के साथ वापसी करने के लिए तैयार है। इस सीजन की शुरुआत एक बड़े ट्विस्ट के साथ हुई, क्योंकि रैपर बादशाह ने जजिंग पैनल पर कुमार सानू की जगह ली। बादशाह के अलावा, श्रेया घोषाल और विशाल ददलानी भी जज के रूप में शामिल किए गए। जैसे ही बादशाह के शो में जज बनने की खबर सामने आई, उन्हें जमकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा और उन्हें शो को जज करने के लिए अयोग्य भी करार दिया गया। चर्चा है कि बादशाह ने शो से अपना नाम वापस ले लिया है। कहा जा रहा है कि ट्रोल्स से उन्हें काफी बुरा महसूस हुआ जो उन्हें जज के रूप में अयोग्य बता रहे थे।



# सिनर ने शेल्टन को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई

शंघाई, एजेंसी

**शंघाई मास्टर्स**



यानिक सिनर ने बुधवार को यहां शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में बेन शेल्टन को 6-4, 7-6 (1) से शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। अब सिनर का सामना पांचवीं रैंकिंग पर काबिज दानिल मेदवेदेव से होगा जिन्होंने स्टेफानोस सिटसिपास को 7-6 (3), 6-3 से पराजित किया।

दूसरे वरीय कार्लोस अल्काराज ने फ्रांस के अनुभवी गेल मोंफिल्स को 6-4, 7-5 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। अब वह टॉमस माचाक से भिड़ेंगे। महिला वर्ग में दो बार की गत चैम्पियन आर्यना सबालेंका ने 37वीं रैंकिंग की कैटरीना सिनियाकोवा को दूसरे दौर में एक घंटे 34 मिनट में 6-4, 6-4 से पराजित किया। अब बेलारूस की खिलाड़ी कजाखस्तान की युलिया पुतिंतसेवा से भिड़ेंगी। पुतिंतसेवा ने पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता डोना वेकिच को 6-4, 3-6, 6-4 से शिकस्त दी। चाइना ओपन की चैम्पियन कोको गॉफ ने बुल्गारिया की विक्टोरिया टोमोवा को 75 मिनट में 6-1, 6-2 से हराया जबकि हेली बापटिस्टे ने 10वीं रैंकिंग बारबोरा क्रेजसिकोवा को 6-3, 7-5 से हराया। मागडालेना फ्रेच ने आठवीं रैंकिंग की एम्मा नावारो को दो घंटे में 6-4, 3-6, 6-3 से मात दी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (**नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा**)।

## एक नजर

### ब्राजील ने एक माह बाद एक्स पर से हटाया प्रतिबंध

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने अदालत के आदेश की अवहेलना करने के कारण एक महीने से अधिक समय से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लगाया गया प्रतिबंध हटा लिया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, जज अलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने एक्स की ओर से लगभग 2.86 करोड़ रियाल के जुर्माने का भुगतान किये जाने के बाद देश में उसकी सेवाएं बहाल करने का आदेश दे दिया। मोरेस ने कहा, मैं निलंबन हटाए जाने की घोषणा करता हूं और राष्ट्रीय क्षेत्र के भीतर एक्स ब्राजील इंटरनेट लिमिटेड की गतिविधियों को तत्काल फिर से शुरू करने का अधिकार देता हूं।

### अमेरिका ने निरंतर सहयोग का किया वादा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बांग्लादेश के साथ आर्थिक स्थिरता, लोकतंत्र और सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा रोहिंग्या शरणार्थी संकट से निपटने के लिए चल रही बातचीत को लगातार जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से बुधवार को प्राप्त हुई। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को कहा, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस के साथ एक सार्थक बैठक की और इन सभी मुद्दों पर प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर सहयोग की आशा व्यक्त की।

### बांग्लादेश के पांच मछुआरों का अपहरण

**ढाका।** बांग्लादेश के दक्षिणी शहर टेकनाफ के निकट नाफ नदी में मछली पकड़ते समय म्यांमार की अराकान सेना के संदिग्ध सदस्यों ने पांच मछुआरों का अपहरण कर लिया है। स्थानीय अखबार 'ढाका ट्रिब्यून' ने बुधवार को बताया कि यह घटना कॉक्स बाजार जिले के नयापारा इलाके में सोमवार अपराह्न तब हुई, जब मछुआरे नाफ नदी में मछली पकड़ने गये। रिपोर्ट के मुताबिक अभी तक मछुआरों को वापस नहीं किया गया है। टेकनाफ में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल मोहिउद्दीन अहमद ने पुष्टि की कि बीजीबी मछुआरों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए म्यांमार के अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है।

### पाकिस्तान में पोलियो के चार नए मामले सामने आए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पोलियो के कम से कम चार नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही इस साल सामने आए मामलों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। सामने आए चार नए मामलों में से तीन सिंध प्रांत से तथा एक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस साल अब तक बलूचिस्तान से 16, सिंध से 10, खैबर पख्तूनख्वा से चार और पंजाब तथा इस्लामाबाद से एक-एक मामले सामने आए हैं। वर्तमान में सात क्षेत्रों में से केवल दो यानी पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान ही पोलियो मुक्त हैं।

### चुनाव के लिए पर्यवेक्षकों को आमंत्रित किया

**कोलंबो।** श्रीलंका निर्वाचन आयोग ने बताया कि देश में अगले महीने होने वाले आम चुनाव की निगरानी के लिए आठ देशों के पर्यवेक्षकों को आमंत्रित किया गया है। मीडिया की एक खबर में यह जानकारी दी गई। श्रीलंका में 14 नवंबर को संसदीय चुनाव कराए जाएंगे। निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष आरएमएएल रत्नायके ने बताया कि क्षेत्रीय देशों, रूस, राष्ट्रमंडल देश और यूरोपीय संघ से पर्यवेक्षकों को आमंत्रित किया गया है, जो चुनाव कार्यवाही पर निगरानी रखेंगे।

### जापान की संसद के निचले सदन को किया भंग

**टोक्यो।** जापान की संसद के निचले सदन को बुधवार को आधिकारिक रूप से भंग कर दिया गया, ताकि आम चुनाव के लिए तैयारी पूरी की जा सके। दरअसल प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा निचले सदन में बहुमत हासिल करना चाहते हैं। इसी के मद्देनजर निचले सदन को भंग किया गया है। जापान में आम चुनाव 27 अक्टूबर को होने वाले हैं तथा प्रचार अभियान 15 अक्टूबर से शुरू होगा। इशिबा गत 27 सितंबर को सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के अध्यक्ष चुने गये।

# भारत का ग्लोबल साउथ की संरचना में सुधार का आह्वान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



- संरा में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने रखी बात

भारत ने ग्लोबल साउथ के लिए ऋण स्थिरता सुनिश्चित करने और उसे ऋण जाल से बचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना में सुधार की खातिर ठोस वैश्विक प्रयास का आह्वान किया है, जो कई संकटों से प्रभावित है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश अनिश्चित दुनिया में लचीलापन और विकास को बढ़ावा देने विषय पर संयुक्त राष्ट्र के 79वें सत्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने इस ओर ध्यान आकृष्ट किया कि किस प्रकार विकास लाभ पटरी से उतर गए हैं, जिससे सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में प्रगति को खतरा है। उन्होंने कहा, ऋण स्थिरता सुनिश्चित करने और ऋण जाल को रोकने, किफायती वित्त तक पहुंच मुहैया कराने और वैश्विक व्यापार एवं निवेश प्रवाह में असमानता को दूर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना में सुधार की खातिर ठोस वैश्विक प्रयास की आवश्यकता है। हरीश ने सबसे संवदेनशील लोगों के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

## अमेरिकी विवि भारतीय छात्रों और शोधकर्ताओं को मिलेगा मार्गदर्शन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में अब भारतीय और भारतीय मूल के संकाय सदस्य, भारत के छात्रों एवं शोधकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे। मंगलवार को इसके लिए एक विशिष्ट मार्ग श्रृंखला की घोषणा की गई। अमेरिका में भारतीय दूतावास की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि ऑनलाइन परामर्शदाता मार्ग (अकादमिक उत्कृष्टता और अनुसंधान मार्गदर्शन के लिए परामर्शदाता) श्रृंखला शिक्षा मंत्रालय तथा भारत के यूजीसी के समन्वय से शुरू की गई पहल है और यह भारतीय विश्वविद्यालयों, विशेष रूप से छोटे शहरों तथा कस्बों के छात्रों को शीर्ष अमेरिकी विश्वविद्यालयों से जोड़ने की पहल करता है।

## गरबा



राजकोट में नवरात्रि उत्सव के दौरान गरबा करतीं महिलाएं। नौ दिवसीय हिंदू त्योहार नवरात्रि के दौरान यह नृत्य किया जाता है। एजेंसी

## अमेरिका के 14 अटॉर्नी जनरल ने टिकटॉक पर मुकदमा किया दायर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 14 अटॉर्नी जनरल ने टिकटॉक वीडियो-शेयरिंग ऐप पर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है। यह जानकारी एनबीसी न्यूज ने दी। पिछले सप्ताह, टेक्सास के अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन ने नाबालिग बच्चों के लिए राज्य की गोपनीयता कानूनों का कथित उल्लंघन करने के लिए टिकटॉक के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। न्यूयॉर्क और कैलिफोर्निया के अधिकारियों के नेतृत्व में 14 अटॉर्नी जनरल ने मुकदमा दायर किया, जिसमें टिकटॉक पर युवा उपयोगकर्ताओं के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने और सहमति के बिना उनका डेटा एकत्रित करने का आरोप लगाया गया है।

# गाजा के उत्तरी क्षेत्र में भारी तबाही

## इजराइल के हवाई हमले में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए, अस्पतालों पर खतरा

दीर अल-बला, एजेंसी

फिलिस्तीनी अधिकारियों और नागरिकों ने बुधवार को कहा कि उत्तरी गाजा में बड़े पैमाने पर इजराइल के हमलों में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हुए हैं, तथा हमास के साथ युद्ध के एक वर्ष बाद तीन अस्पतालों के बंद होने का खतरा है। जबालिया में भीषण लड़ाई चल रही है, जहां इजराइली सेना ने युद्ध के दौरान कई बड़े अभियान चलाए और जब चरमपंथी एकजुट होने लगे तो सेना वापस आ गई।

गाजा शहर सहित पूरे उत्तरी क्षेत्र में भारी तबाही हुई है और पिछले साल के अंत से इजराइली सेना द्वारा इसे काफी हद तक अलग-थलग करके रखा गया है। गाजा में विनाश और मौत के चक्र की शुरुआत पिछले साल सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले के साथ हुई। इजराइल अब लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ एक सप्ताह पुराने जमीनी हमले का विस्तार कर रहा है और ईरान पर एक बड़ा जवाबी हमला करने पर विचार कर रहा है। साल 1948 में इजराइल के निर्माण के समय से चले आ रहे शरणार्थी शिविर जबालिया के निवासियों का कहना है कि भारी हवाई हमलों और इलाका छोड़ने की चेतावनियों के कारण सैकड़ों लोग अपने घर छोड़ चुके हैं। लोगों के शवों को अल-अहली अस्पताल में लाया जा रहा है। अस्पताल के अनुसार, बुधवार सुबह हवाई हमले में दो महिलाओं और दो बच्चों सहित कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। मध्य गाजा में हमलों में नौ अन्य लोग मारे गए जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से फलस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 42,000 को पार कर गया है और 97,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अस्पतालों पर भी खतरा है। गाजा शहर में अल-अहली अस्पताल के निदेशक फदेल नईम ने कहा कि इस महीने की शुरूआत में इजराइल द्वारा हवाई और जमीनी अभियान शुरू किए जाने के बाद से, फलस्तीनी क्षेत्र के उत्तरी हिस्से से बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने और घायल होने की सूचना मिली है।



लेबनान में इजराइली हमले के बाद राहत कार्य में जुटे लोग।

### 36 की मौत, 150 घायल

**बेरूत।** लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों पर पिछले 24 घंटों में हुए इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 36 हो गई है, जबकि 150 लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार रात को दी। इसने कहा कि बेका क्षेत्र में छह लोग मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए, जबकि नबातीह प्रांत में 30 मौतें हुईं और 121 घायल हो गए। मंत्रालय ने कहा कि माउंट लेबनान में 20 लोग घायल हो गए, जबकि बालबेक हर्मेल जिले में एक व्यक्ति घायल हुआ। इज़रायली हमलों की शुरुआत के बाद से लेबनान में मरने वालों की कुल संख्या 2,100 से अधिक हो गई है, जबकि 10,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

### हिजबुल्ला ने भी रॉकेट हमले किए तेज

**बेरूत।** हिजबुल्ला ने इजराइल में कई रॉकेट दागे और आतंकवादी समूह के कार्यवाहक नेता ने उस दबाव को बनाए रखने का संकल्प लिया जिसके कारण हजारों इजराइलियों को लेबनानी सीमा के समीप अपने घरों से विस्थापित होना पड़ा है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने और सैनिकों को दक्षिणी लेबनान में भेजा है और एक हवाई हमले में हिजबुल्ला का एक वरिष्ठ कमांडर मारा गया है। हिजबुल्ला ने इजराइल में हाइफा शहर तक कई रॉकेट दागे और इजराइली सरकार ने उत्तरी तटीय शहर के निवासियों को आगाह किया है कि वे अपनी गतिविधियां सीमित करें जिससे और विद्यालयों को बंद करना पड़ा है।

### हिजबुल्ला के वरिष्ठ नेता के मारे जाने की पुष्टि

**यरूशलम।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि इजराइल ने हिजबुल्ला के हजारों सदस्यों को मार डाला है, जिसमें समूह के मारे गए नेता हसन नसरल्ला का संभावित उत्तराधिकारी हाशेम सफीद्दीन भी शामिल है।यह बयान लेबनान के लोगों के लिए नेतन्याहू के कार्यालय द्वारा जारी एक वीडियो संदेश में दिया गया, जिसमें उन्होंने हिजबुल्ला समूह को देश में चल रहे वित्तीय संकट का कारण होने का आरोप लगा. और हिजबुल्ला से लेबनान को मुक्त करने का आग्रह किया। नेतन्याहू ने कहा कि हमने हिजबुल्ला की क्षमताओं को कम कर दिया है। हमने हजारों आतंकवादियों को मार गिराया है, जिनमें खुद नसरल्लाह, उसके उत्तराधिकारी और उसके उत्तराधिकारी के उत्तराधिकारी भी शामिल हैं।

# उ. कोरिया, द. कोरिया से लगती सीमा करेगा बंद

सियोल, एजेंसी

- द. कोरिया एवं अमेरिकी सेनाओं से टकराव की स्थिति से निपटने के लिए कर रहा तैयारी

उत्तर कोरिया ने बुधवार को कहा कि वह दक्षिण कोरिया के साथ लगने वाली अपनी सीमा को स्थायी रूप से बंद कर देगा और दक्षिण कोरिया एवं अमेरिका की सेनाओं के साथ टकराव की स्थिति से निपटने के लिए अपने अग्रिम मोर्चे की रक्षा स्थिति को मजबूत करेगा। उत्तर कोरिया ने हालांकि दक्षिण कोरिया को औपचारिक रूप से अपना प्रमुख शत्रु घोषित करने तथा नयी राष्ट्रीय सीमाओं को संहिताबद्ध करने के लिए अपेक्षित संवैधानिक संशोधन की घोषणा नहीं की।

उत्तर कोरिया के ये कदम दबाव बनाने की रणनीति प्रतीत होते हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि इसका दक्षिण कोरिया के साथ संबंधों पर क्या असर पड़ेगा, क्योंकि सीमा पार यात्रा और दोनों देशों के बीच आदान-प्रदान वर्षों से रुके हुए हैं।

उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, उत्तर कोरिया की सेना ने बुधवार को कहा कि वह दक्षिण कोरिया से लगती सड़कों और रेलमार्गों से संपर्क को पूरी तरह से काट देगी और अपनी ओर के संबंधित क्षेत्रों को मजबूत रक्षा संरचनाओं से सुदृढ़ करेगी। उत्तर कोरिया की सेना ने इस कदम को युद्ध को रोकने और सुरक्षा के इरादे से आत्मरक्षा में उठाया गया कदम बताया है।



### उकसावे को बर्दाश्त नहीं करेगा दक्षिण कोरिया

दक्षिण कोरिया की सेना ने बाद में बुधवार को कहा कि वह यथास्थिति को बदलने के उत्तर कोरिया के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगा। उसने कहा कि अगर उत्तर कोरिया ने उकसावे का प्रयास किया तो दक्षिण कोरिया उसे कड़ा दंड देगा। दक्षिण कोरिया की सेना के बयान में कहा गया है कि उत्तर कोरिया के परमाणु एवं मिसाइल कार्यक्रमों ने कोरियाई प्रायद्वीप पर शांति के लिए खतरा पैदा किया है। द. कोरिया के अधिकारियों ने इससे पहले कहा था कि उत्तर कोरिया अप्रैल से ही अपनी सीमा पर टैंक रोधी अवरोध लगा रहा है।

## अमेरिका में हमले की साजिश करने के आरोपी अफगान शख्स गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने देश में चुनाव वाले दिन हमले की साजिश रचने के आरोप में एक अफगान शख्स को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार व्यक्ति आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट से प्रेरित था और वह अमेरिका में चुनाव वाले दिन बड़ी भीड़ को निशाना बनाकर हमला करने की साजिश रच रहा था। न्याय विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरोपों के दस्तावेज के अनुसार, ओकलाहोमा सिटी के नसीर अहमद तौहिदी (27) ने सोमवार को गिरफ्तारी के बाद जांच अधिकारियों को बताया कि उसने अगले महीने चुनाव वाले दिन हमले की साजिश रची थी।

# समुद्री विवाद से निपटने को की बैठक

## लाओस में वार्षिक क्षेत्रीय मंच में एकत्र हुए दक्षिण-पूर्व एशियाई नेता

वियनतियान (लाओस), एजेंसी




दक्षिण-पूर्व एशियाई नेता बुधवार को लाओस की राजधानी में वार्षिक क्षेत्रीय मंच के लिए एकत्र हुए, जिसमें म्यांमा में लंबे समय से चल रहे गृह युद्ध और दक्षिण चीन सागर में क्षेत्रीय तनाव से निपटने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह दो प्रमुख चुनौतियां हैं, जो लंबे समय से इस समूह की विश्वसनीयता की परीक्षा ले रही हैं।

दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) शिखर सम्मेलन के बाद चीन, अमेरिका और रूस सहित वैश्विक शक्तियों के साथ बैठकें भी होंगी, जो इस क्षेत्र में प्रभाव के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। वियनतियान में जब यह बैठक हो रही हैं तो इस बात की भी संभावना है कि बातचीत में पश्चिम एशिया में बढ़ती हिंसा का मुद्दा भी शामिल हो। हालांकि दक्षिण-पूर्व एशिया को केवल अप्रत्यक्ष प्रभाव का सामना करना पड़ा है। ऐतिहासिक रूप से आसियान का प्रभाव इसके अपने सदस्यों के बीच भी सीमित ही रहा है, लेकिन यह अक्सर क्षेत्र के साथ जुड़ने की इच्छुक महाशक्तियों के बीच संवाद के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता रहा है। आसियान के 10 सदस्य देश - इंडोनेशिया, थाईलैंड, सिंगापुर, फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, म्यांमा, कंबोडिया, ब्रुनेई और लाओस - क्षेत्र के अन्य स्थानों के अपने संवाद साझेदारों जापान, दक्षिण कोरिया, भारत और ऑस्ट्रेलिया आदि के साथ अर्थव्यवस्था से लेकर जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा जैसे विषयों पर बातचीत करेंगे।

# दो हिंदू कारोबारियों का पाकिस्तान में अपहरण

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में दो हिंदू कारोबारियों का बदमाशों ने अपहरण कर लिया और उनकी रिहाई के एवज में अपने साथियों को पुलिस हिरासत से रिहा करने की मांग की है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटना पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर से 500 किलोमीटर दूर रहीम यार खान की है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी रिजवान गोंडल ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया, शुक्रवार को डकैतों ने हिंदू व्यापारी शमीर जी और धीमा जी का अपहरण कर लिया। बाद में डकैतों ने उन्हें छोड़ने के बदले अपने साथियों को रिहा करने की मांग की। उन्होंने बताया कि इस अपहरण में सरगना काबुल सुखन शामिल है जिसके ऊपर पर एक करोड़ पाकिस्तानी रुपये का इनाम घोषित है।

### इमरान खान की पार्टी के विरोध प्रदर्शन से 24 करोड़ रुपये का नुकसान

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में सप्ताहांत में किए गए विरोध प्रदर्शनों के चलते 24 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इस क्षति के आकलन का उल्लेख एक रिपोर्ट में किया गया है।

## साइबर अपराध में संलिप्तता को लेकर 20 चीनी नागरिक गिरफ्तार

**कोलंबो।** कोलंबो के निकट एक उपनगरीय इलाके में 20 से अधिक चीनी नागरिकों को साइबर अपराध में शामिल होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि ये सभी बिना वैध वीजा के रह रहे थे। चीन के इन सभी नागरिकों की उम्र 22 से 49 वर्ष के बीच है। इन लोगों को कोलंबो के दक्षिण में स्थित पनादुरा उपनगर के गोराकाना इलाके में स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया गया। स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने होटल पर छापा मारा और पांच लैपटॉप, दो आईफोन सहित 437 मोबाइल फोन, 17 राउटर और अन्य सामान जब्त किए।

# ब्रिटेन के नीलामी गृह ने विरोध के बीच नगा मानव खोपड़ी की बिक्री रोकी

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के एक नीलामी गृह ने बुधवार को अपने नगा मानव खोपड़ी को अपने लाइव ऑनलाइन बिक्री की सूची से हटा लिया है। नीलामी गृह ने इस मुद्दे पर भारत के विरोध के बाद यह कदम उठाया। ऑक्सफोर्डशायर के टेस्ट्सवर्थ में स्वॉन नीलामी गृह के पास उसके 'द क्यूरियस कलेक्टर सेल, एंटीक्वेरियन बुक्स, मैनुस्क्रिप्ट्स एंड पेंटिंग्स' के तहत दुनियाभर से प्राप्त खोपड़ियों और अन्य अवशेषों का संग्रह है।

19वीं शताब्दी की सींग युक्त नगा मानव मानव खोपड़ी, नगा जनजाति' को बिक्री के लिए सूची में लॉट नंबर 64 पर रखा गया था। इसकी बिक्री को लेकर नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने विरोध जताया था और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस बिक्री को रोकने में दखल की मांग की थी। रियो ने अपने पत्र में लिखा ब्रिटेन में नगा मानव खोपड़ी की नीलामी के प्रस्ताव की खबर ने सभी वर्ग के लोगों पर नकरात्मक असर डाला है क्योंकि हमारे लोगों के लिए यह बेहद भावनात्मक और पवित्र मामला है।

### संग्रहकर्ताओं के लिए विशेष रुचिकर होगी

नीलामी सूची में नगा मानव खोपड़ी की तस्वीर के नीचे लिखा था, यह कृति मानवशास्त्र और जनजातीय संस्कृतियों पर ध्यान केंद्रित करने वाले संग्रहकर्ताओं के लिए विशेष रुचिकर होगी। नीलामी के लिए शुरुआती राशि 2,100 जीबीपी (ग्रेट ब्रिटिश पाउंड) (करीब 2.30 लाख रुपये) रखी गई थी और नीलामीकर्ताओं को इसके 4,000 जीबीपी (करीब 43 लाख रुपये) में बिकने की उम्मीद थी। इसका उत्पत्ति के बारे में 19वीं शताब्दी के बेल्जियम के वास्तुकार फ्रेंकोइस कोपेन्स के संग्रह से पता चलता है। एफएनआर ने जोर देकर कहा कि मानव अवशेषों की नीलामी संयुक्त राष्ट्र द्वारा जातीय मूल के लोगों के अधिकारों की घोषणा (यूएनडीआरआईपी) के अनुच्छेद 15 का उल्लंघन है, जिसमें कहा गया है, जातीय मूल के लोगों को अपनी संस्कृतियों, परंपराओं, इतिहास और आकांक्षाओं की गरिमा और विविधता को बनाए रखने का अधिकार है, जिसे शिक्षा और सार्वजनिक सूचना में उचित रूप से प्रतिबिंबित किया जाना चाहिए।

## ज्ञान-विज्ञान

खगोलविदों द्वारा बाहरी ग्रह की खोज से यह जानकारी सामने आई

# 5 अरब वर्ष बाद भी जीवित रहेगी हमारी पृथ्वी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हमारी पृथ्वी कभी खत्म नही होगी, बल्कि सूर्य के सफेद तारे में तब्दील होने बाद भी जीवित रहेगी। खगोलविदों द्वारा बाहरी ग्रह की एक खोज में यह जानकारी सामने आई है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के खगोलविदों की एक टीम ने हवाई में मौनाकिया के डब्ल्यू.एम. केक वेधशाला से यह खोज की है।

खगोलविद मानते हैं कि अब से लगभग 5 अरब वर्ष बाद हमारा सूर्य एक लाल विशाल तारा बन जाएगा। तब यह बुध, शुक्र और संभवतः पृथ्वी को भी निगल जाएगा। इसके बाद सूरज ढहकर घना कोर बन जाएगा और एक छोटा सा सफेद बौना तारा बन जाएगा। मगर खगोलविदों ने अब एक ऐसा बाहरी ग्रह (एक्सोप्लैनेट) खोज निकाला है, जो हमारी पृथ्वी के सुरक्षित भविष्य की जानकारी देता है। यह बाहरी ग्रह 4,000 प्रकाश वर्ष दूर एक सफेद बौने तारे की परिक्रमा कर रहा है। इसका आकार पृथ्वी के बराबर है। हमारे सूर्य का अंत भी एक सफेद बौने तारे के रूप में होगा। इससे पता चलता है कि हमारी दुनिया का भाग्य, जैसा हम सोचते हैं, वैसा नही है, बल्कि खोजे गए ग्रह की तरह सुरक्षित हो सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार सफ़ेद बौने तारे मृत तारों के छोटे व गर्म कोर होते हैं। एक तारे के लाल विशालकाय में फैलने के बाद अपने नजदीकी ग्रहों को निगल जाता है। इसके बाद सिकुड़ने लगता है और अंत मे विशिष्ट सफेद बौना बन जाता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि जैसे-जैसे हमारा सूर्य फैलेगा, वह अपना द्रव्यमान भी खो देगा। यानी इसका गुरुत्वाकर्षण आकर्षण कम हो जाएगा। इस अवस्था में यदि हमारा सूर्य अपना द्रव्यमान जल्दी से खो देगा तो इसका प्रभाव पृथ्वी की कक्षा तक नही पड़ेगा और हमारी पृथ्वी सुरक्षित रह जाएगी।



### चार वर्ष पहले हुई थी खोज

खगोलविदों ने पहली बार 2020 में इस बाहरी ग्रह का पता लगा लिया था। इसे माइक्रोलेंसिंग तकनीक का उपयोग करके खोजा गया। इस ग्रह व तारे के व्यवहार के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई गई। जिसमें लंबा समय लग गया और अब यह जानकारी निकलकर सामने आई तो वह चौकाने वाली थी। नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।